रविवारीय

कानपुर, रविवार
31 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 37, अंक - 15 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

राहुल द्रविड़ ने साल भर में ही छोड़ा राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच का पद



### सात साल बाद चीन पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# एससीओ के साथ काम करने को प्रतिबद्ध है भारत

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल से ज्यादा के अंतराल के बाद शनिवार को चीन पहुंचे। इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है। दुनिया बेहद उत्सुकता से पीएम

**एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत**

**राष्ट्रपति जिनपिंग से आज होगी बातचीत**

**एससीओ के वार्षिक शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग**

मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का इंतजार कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में अचानक आई गिरावट को देखते हुए यह यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। पीएम मोदी मोदी मुख्य रूप से 31 अगस्त और 1 सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन आए हैं। एससीओ के बारे में उन्होंने कहा, भारत एससीओ का सक्रिय और रचनात्मक सदस्य है। अपनी अध्यक्षता के दौरान, हमने नवाचार, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में नए विचार रखे हैं और सहयोग की पहल की है। उन्होंने कहा कि भारत साझा चुनौतियों का समाधान करने और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए एससीओ सदस्यों के साथ



काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। रविवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी निर्धारित बैठक वाशिंगटन के टैरिफ विवाद के मद्देनजर और भी महत्वपूर्ण हो गई है, जिसका असर दुनिया भर की लगभग सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। इस वार्ता में पीएम मोदी और शी भारत-चीन आर्थिक संबंधों का जायजा लेने और पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद गंभीर तनाव में आए संबंधों को और सामान्य बनाने के लिए कदमों पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री अपनी दो-राष्ट्र यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में जापान से इस चीनी शहर पहुंचे हैं।

7 सालों बाद एक बार फिर पीएम मोदी चीन की धरती पर पहुंचे हुए हैं। प्रधानमंत्री का ये दौरा अहम इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इससे भारत-चीन संबंधों पर जमी बर्फ पिघलेगी। इस दौरान पीएम मोदी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अन्य नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

## भारत से रिश्ते सुधारना बेहतर विकल्प : चीन

**बीजिंग।** चीन ने स्वीकार किया है कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में भारत से रिश्ते सुधारना बेहतर विकल्प है। चीन के सरकारी पत्र ग्लोबल टाइम्स में यह दावा किया गया है। इसमें कहा है, भारत-चीन के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष होने पर आपसी संबंधों पर वर्षों से जमी बर्फ पिघलना दोनों देशों के लिए लाभकारी है। पीएम नरेंद्र मोदी की रविवार को तियानजिन यात्रा सात वर्षों के बाद पहली चीन यात्रा होगी। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत की सक्रिय भागीदारी बहुपक्षीय सहयोग ढांचे को फिर से कायम करने में भरोसे को दर्शाती है। हाल में, हिमालयी सीमा पर सैनिकों के बीच मिठाइयों के आदान-प्रदान किया है। कैलास मानसरोवर यात्रा शुरू होना और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें जल्द से जल्द शुरू करने की घोषणा संकेत है कि दोनों देश आपसी संपर्क मजबूत कर रहे हैं। चीन-भारत संबंधों का चरणवार सुधार मुख्यतः साझा रणनीतिक जरूरतों से प्रेरित है। दोनों देश समझ रहे हैं कि अंतहीन सीमा विवादों के बजाय सीमित संसाधनों को आर्थिक विकास एवं अधिक जरूरी रणनीतिक प्राथमिकताओं पर लगाना ज्यादा तर्कसंगत विकल्प है। भारत, चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक था। 70 साल से भी पहले, चीन, भारत और अन्य देशों ने साझा रूप से शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों की वकालत की थी। वे आज भी अंतरराष्ट्रीय संबंधों का बुनियादी मानदंड है।

### टैरिफ विवाद पर बोले राजनाथ


# दोस्त या दुश्मन नहीं, होता है परमानेंट इंटरेस्ट

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी टैरिफ पर विवाद के बीच कहा कि कोई भी देश परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। सिर्फ परमानेंट इंटरेस्ट होता है। राजनाथ ने यह बात एक मीडिया

**भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा**

हाउस के कार्यक्रम में शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि दुनिया में ट्रेड वॉर जैसे हालात हैं। विकसित देश तेजी से संरक्षणवादी हो रहे हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता, लेकिन हम राष्ट्रीय हित और लोगों के हितों से समझौता नहीं करेंगे।

राजनाथ के इस बयान को ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ भारत, रूस और चीन के करीब आने की खबरों से जोड़कर देखा जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा हमारे लिए अपने लोगों का, किसानों का, छोटे व्यापारियों का, देशवासियों का हित सबसे ऊपर है। चाहे कितना भी दबाव डाला जाए, लेकिन भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा। सिंह बोले- दुनिया भारत की रक्षा क्षमताओं की गवाह है। जिस तरह से हमारी सेनाओं ने स्वदेशी उपकरणों के




साथ पाकिस्तान पर सटीक हमले किए, उससे पता चलता है कि कोई भी मिशन बिना दूरदर्शिता और तैयारी के सफल नहीं हो सकता। 2014 में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 700 करोड़ रुपए से कम था। आज यह बढ़कर लगभग 24 हजार करोड़ रुपए हो गया है, जो एक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल खरीदार नहीं रहा बल्कि निर्यातक बन रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि एक ऐसी सुरक्षा प्रणाली तैयार की जा रही है जो दुश्मन के किसी भी हमले से बचाव करने और उसका जवाब देने, दोनों में सक्षम होगी। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देखा, आज की लड़ाइयों में हवाई सुरक्षा की अहमियत बहुत बढ़ गई है। ऐसे में 'सुदर्शन चक्र मिशन' एक बड़ा बदलाव लाने वाला साबित होगा।

सिंह ने कहा कि बदलते वैश्विक हालात ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब रक्षा क्षेत्र में बाहरी देशों पर निर्भर रहना कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा, आज की स्थिति में आत्मनिर्भरता हमारी अर्थव्यवस्था और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। रक्षा मंत्री ने कहा, आज रक्षा क्षेत्र केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव नहीं है, बल्कि यह हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और उसके भविष्य को सुरक्षित करने का एक प्रमुख आधार भी बन गया है।

# डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आगे बढ़ रहा यूपी : योगी

**नोएडा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को नोएडा स्थित राफे एमफिब्र कंपनी पहुंचे। जहां पर मौजूद मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वे यहां रक्षा उपकरण और ड्रोन निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए हैं। कंपनी की तरफ से बनाये गए ड्रोन उड़ाकर दिखाए जिनका रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर युद्ध ने नये प्रारूप से परिचय करवाया है। ऑपरेशन सिंदूर ने भी बहुत कुछ सिखाया है। आगे कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस

**नोएडा में बोले मुख्यमंत्री योगी**

मैनुफ़ैक्चरिंग में आगे बढ़ रहा है। कॉरिडोर को चिन्हित जमीन दिलवाई जा रही है। इस इकाई से होने वाले परीक्षण से अब हमें दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कोई हमारा डेटा कैप्चर कर पंगु नहीं बना पाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि मैं पीएम और रक्षा मंत्री का आभारी हूं, जिन्होंने देश की वर्तमान चुनौती को ध्यान में रखते हुए देश के दो उभरते रक्षा विनिर्माण केंद्रों में से एक उत्तर प्रदेश को दिया है। आगे कहा कि मैं रक्षा मंत्री को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल केंद्र बनाया है। लखनऊ की मुस्कुराहट तब तक अधूरी थी। जब तक वहां से मिसाइल की आवाज दुश्मन के कानों तक नहीं पहुंचे। अब इसे और भी बेहतर तरीके से देखा जा सकता है। अभी ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन भी किया है।

# जम्मू में बारिश से तबाही, 6000 घरों में घुसा पानी



**जम्मू।** मूसलाधार बारिश से शहर में छह हजार से ज्यादा घरों में जलभराव हुआ। एक हजार के आसपास घरों में मलबा भरा और लगभग 150 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। शहर भर में नुकसान का आकलन कर रही विभिन्न विभागों की टीमों से इस आंकड़े का पता चला है। 26 अगस्त को हुई बारिश से काफी तबाही मची। पानी ओवरफ्लो होने के कारण लोगों के घरों में जा घुसा। इससे घरों में रखा सामान खराब हो गया। जिला

**150 से अधिक घर क्षतिग्रस्त**

**200 वाहनों में आई खराबी**

प्रशासन की टीमें शहरभर में नुकसान का आकलन कर रही हैं। हर घर में जाकर रिपोर्ट बनाई जा रही है।

इन टीमों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों की सेवाएं ली जा रही है। आंकलन पूरा होने के बाद रिपोर्ट को सौंपी जाएगी और बनता मुआवजा सरकार की ओर से दिया जाएगा। हालात यह हैं कि चौथे दिन भी घरों में मलबा भरा पड़ा है। कई घरों में दरारें आई हैं तो कहीं पर दीवारें गिर गई हैं। जिन घरों में पानी घुसा है। यहां पर बिजली उपकरण, बेड, अलमारी को भी नुकसान हुआ है। इस कारण बारिश से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब परिवारों को पेश आई है। घरों में फ्रिज टीवी, लैपटॉप, बेड, अल्मारियां, इंडक्शन सहित अन्य घरेलू सामान खराब हुआ है।

## रामबन व रियासी 12 की मौत

जम्मू-कश्मीर के रियासी और रामबन में कुदरत ने कहर बरपाया है। शनिवार को भूस्खलन और बादल फटने से बड़ा हादसा हुआ है। दोनों हादसे में कुल 12 लोगों की मौत हो गई। रामबन में बादल फटने से 5 लोगों की जान चली गई, वहीं, रियासी में भूस्खलन से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। रियासी में भारी बारिश के चलते भूस्खलन होने से कच्चा मकान गिर गया। जिसमें पति, पत्नी और 5 बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। मलबे में दबने से एक ही परिवार के सभी सदस्यों की जान चली गई। मृतकों की पहचान नजीर अहमद व उसकी पत्नी वजीरा बेगम के रूप में हुई है। बिलाल अहमद पुत्र नज़ीर अहमद, 13 वर्ष, मोहम्मद मुस्तफा पुत्र नज़ीर अहमद, 11 वर्ष, मोहम्मद आदिल पुत्र नज़ीर अहमद, 8 वर्ष, मोहम्मद मुबारक पुत्र नज़ीर अहमद, 6 वर्ष और मोहम्मद वसीम पुत्र नज़ीर अहमद, 5 वर्ष के रूप में हुई है। उधर, रामबन में बादल फटने से पांच लोगों की मौत हो गई और 5 लोग लापता हैं। लापता लोगों की तलाशी जारी है। ओम राज, विद्या देवी व द्वारका नाथ के रूप में तीन मृतकों की पहचान हुई है। दो शवों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। राहत-बचाव कार्य जोरों पर चल रहा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, राहत और बचाव दल को तुरंत प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया है और लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि पांच व्यक्ति अभी भी लापता हैं। अचानक हुए इस बादल फटने की घटना से इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई।

## त्योहारों पर 150 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाएगा रेलवे

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन ने त्योहारों के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिये 21 सितंबर से 30 नवम्बर के बीच 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों का इंतजाम किया है जिनके जरिये 2024 अतिरिक्त फेरे लगाये जायेंगे। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि यात्रियों की बढ़ोत्तरी को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए हजारों विशेष ट्रेनों के संचालन का फैसला लिया है। बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12000 से अधिक ट्रेन सेवाओं के संचालन की योजना बनाई जा चुकी है। जिन ट्रेन के संचालन की योजना बन चुकी है उनका नोटिफिकेशन भी अब जारी किया जाना शुरू हो चुका है। 21 सितम्बर से 30 नवम्बर तक कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों के संचालन संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है जिनके माध्यम से कुल 2024 अतिरिक्त फेरे सुनिश्चित किए जाएंगे। विशेष रूप से उत्तर भारत, पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के बड़े स्टेशनों से चलने वाली इन ट्रेनों से महानगरों और ग्रामीण इलाकों के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया गया है।

## 'कर्मचारी को बकाया राशि न देना न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ'

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि दूसरी नौकरी ढूंढना व्यक्ति का एक बुनियादी अधिकार है और भले ही वह प्रतिद्वंद्वी

**कलकत्ता हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी**

कंपनी में ही क्यों ही जॉइन ने करे, इसे नैतिक पतन नहीं माना जा सकता। उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी कंपनी द्वारा इस आधार पर कर्मचारी को बकाया राशि का भुगतान न करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। भारत में एक विशेष प्रकार की इंसुलेटर फिल्म की एकमात्र निर्माता होने का दावा करने वाली कंपनी के अनुशासनात्मक आदेश और दंड को रद्द करते



हुए जस्टिस शम्पा दत्त (पॉल) ने कंपनी को 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज सहित 1.37 लाख रुपये की ग्रेच्युटी राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। जस्टिस दत्त ने फैसले में कहा, बेहतर सुविधाओं के साथ दूसरी नौकरी ढूंढना, भले ही वह किसी प्रतिद्वंद्वी कंपनी में हो, यह हर कर्मचारी का एक बुनियादी अधिकार है और यह नैतिक पतन नहीं है। कंपनी की याचिका को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि अपीलीय प्राधिकारी का आदेश तर्कसंगत है और ग्रेच्युटी भुगतान के प्रावधान कानून के अनुरूप हैं। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता कंपनी अपने इस आरोप को पुष्ट करने के लिए न तो कोई गवाह पेश कर सकी और न ही कोई कॉल रिकॉर्ड दिखा सकी कि प्रतिवादी एक प्रतिद्वंद्वी कंपनी के संपर्क में था। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता कंपनी यह भी साबित नहीं कर सकी कि उन्हें कोई नुकसान हुआ।

## कश्मीर में कुख्यात आतंकी बागू खान ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। अधिकारियों को उसका पहचान पत्र भी मिला है। सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर में रह रहा था। वह 25 सालों से आतंकी गतिविधियों में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था। बागू खान जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के सभी रास्तों से वाकिफ था और पकड़े जाने से बचने के तरीके भी पता थे। इसलिए उसे ह्यूमन जीपीएस नाम दिया गया। वह सुरक्षा एंजेसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी। इसमें वह अपने एक साथी के साथ मारा गया। दूसरे आतंकी की पहचान नहीं हुई है।

## 50 से भी कम हथियार चले और घुटनों पर आ गया था पाक

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मई महीने में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। वहां और पीओके में रहने वाले

**'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर नया खुलासा**

100 से ज्यादा आतंकियों को हवाई हमलों में ढेर कर दिया गया। साथ ही, कई एयरबेस भी तबाह किए गए। वायुसेना उप प्रमुख नर्मदेश्वर तिवारी ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ा नया खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि इस ऑपरेशन के दौरान भरत को सिर्फ 50 से भी कम हथियार दागने पड़े थे। महज इतने हथियारों से ही पाकिस्तान ने घुटने टेक दिए और सीजफायर की गुहार लगाने लगा। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान को सीजफायर की टेबल तक लाने के लिए भारतीय वायुसेना को 50 से भी कम हथियार दागने पड़े। उन्होंने कहा, प्रस्तुत विकल्पों की सूची में से हमारे पास बड़ी संख्या में टारगेट सेट्स थे और 9 ठिकानों को टारगेट किया। हमारे लिए मुख्य बात यह थी कि 50 से भी कम हथियारों के साथ सीजफायर हुआ। इसलिए यही वह महत्वपूर्ण बात है, जिसे मैं आपको समझाना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, किसी भी युद्ध को शुरू करना काफी आसान होता है, लेकिन उसे खत्म करना आसान नहीं होता। यह बात ध्यान में रखने योग्य है, ताकि हमारी सेना सक्रिय रहे, तैनात रहे और वे किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार रहें। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का क्रेडिट भारत की एकीकृत वायुकमान और नियंत्रण प्रणाली (आईएसीसीएस) को दिया जो आक्रामक और रक्षात्मक दोनों ही अभियानों की रीढ़ रही। इसी सिस्टम ने भारत को कड़ा जवाब देने में सक्षम बनाया और इसके चलते पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग की।

## जांच रिपोर्ट : 1978 के दंगे से ज्यादा प्रभावित हुआ संभल

**संभल।** 1978 के दंगे का असर शहर के खग्गू सराय पर सबसे ज्यादा पड़ा था। इस इलाके में रहने वाले हिंदू परिवार पलायन करने के लिए मजबूर

**मुलायम सिंह पर था केस वापसी की पैरवी का आरोप**

हुए थे। हालांकि ज्यादातर परिवार शहर के उन मोहल्लों में जाकर बसे जहां हिंदू आबादी रहती है। 1978 के दंगे में जो नौ हत्याएं, आगजनी, लूटपाट व अन्य गंभीर मामले में 16 केस दर्ज किए गए थे। उसमें आठ



केस राजनीतिक दबाव के चलते वापस लिए गए थे। बाकी आठ केस का भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। पीड़ित न्याय की आस लगाए बैठे रहे लेकिन न्याय हुआ नहीं। इस मोहल्ले का शिव मंदिर भी तब से ही बंद हो गया था। 24 नवंबर 2024 को हुए बवाल के बाद पुलिस-प्रशासन की ओर से इस मंदिर के कपाट खोले गए थे। जहां अब नियमित पूजन किया जाता है। इस मंदिर के परिक्रमा मार्ग के कब्जे को लेकर जांच अभी भी जारी है जो लंबित चल रही है। पीड़ित परिवारों की वह टीस अभी भी दिखती है। एक दिसंबर 2024 को जब न्यायिक जांच आयोग के सदस्य संभल पहुंचे तो 1978 दंगे के पीड़ित परिवारों ने अपना दर्द बयान किया था। उसमें बताया था कि किस तरह हत्याएं हुईं और न्याय भी नहीं मिला। पुलिस की जांच रिपोर्ट में यह तय ही नहीं हुआ कि हत्या किसने की। अदालत में सबूत के अभाव दोषियों की ताकत बने और वह बरी हो गए। बनवारी लाल गोयल की हत्या निर्मम की गई थी। उसका उल्लेख न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट में होने की भी चर्चा है। रिकॉर्ड के मुताबिक 16 दिसंबर 1993 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के विशेष सचिव न्याय विभाग आरडी शुक्ला द्वारा पत्र भेजकर मुरादाबाद के डीएम से केस वापसी की सिफारिश की गई थी।

## माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा

स्वतंत्र भारत उन्नाव- माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट द्वारा अपनी तेरह सूत्रीय मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना आज तीसरे दिन भी जारी रहा।धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिव भान सिंह और मंत्री दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समस्याओं के निस्तारण में अपेक्षित सक्रियता न दिखाए जाने के कारण एक सितंबर से धरना क्रमिक अनशन में बदल जाएगा। अपनी लंबित मांगों को लेकर धरने पर आज हनुमंत सिंह, शैलेश कुमार पाल, तरुणेंद्र बाजपेई, रघुनंदन वर्मा, आनंद वर्मा, उमाशंकर तिवारी, आर पी धारिया, सतीश चन्द्र मिश्रा, अनुज सिंह आदि बड़ी संख्या में माध्यमिक शिक्षक उपस्थित रहे।

## नए गंगा पुल के निर्माण के लिए 47 मकानों का चिन्हांकन

स्वतंत्र भारत उन्नाव- गंगा नदी पर बन रहे नए पुल के निर्माण के लिए 47 मकानों को चिन्हित किया गया है। यह नया पुल पुराने, क्षतिग्रस्त पुल के पास ही मिश्रा कॉलोनी की ओर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर बनाया जाएगा। इस पुल के निर्माण के लिए 235 करोड़ रुपये की लागत तय की गई है, जिसके लिए शासन द्वारा 82 करोड़ 33 लाख 97 हजार रुपये की धनराशि पहले ही जारी की जा चुकी है। नए पुल के निर्माण से प्रभावित होने वाले मकानों का पता लगाने के लिए शनिवार को कानपुर से राज्य सेतु निगम के जेई कुंदन और क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी ने मौके पर जाकर दोबारा स्थलीय सर्वे किया। सर्वे के दौरान 47 मकानों को चिह्नित किया गया जो पुल के दायरे में आ रहे हैं। सेतु निगम के जेई कुंदन ने बताया कि सर्वे का काम पूरा हो चुका है और प्रभावित मकान मालिकों की सूची तैयार कर ली गई है। उन्होंने यह भी बताया कि मकान मालिकों को अपने दस्तावेजों को दिखाने के लिए समय दिया गया था, लेकिन किसी ने भी अपने दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। यह सूची अब जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि नए पुल का काम सितंबर महीने में शुरू होने की संभावना है, जो कानपुर की तरफ से शुरू हो सकता है। सर्वे की पूरी रिपोर्ट सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर बीके सेन को भी सौंपी जाएगी। इस नए पुल की कुल लंबाई 1196 मीटर होगी। सर्वे के दौरान लेखपाल अशोक सैनी और अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र भारत पुरवा उन्नाव- क्षेत्र के गांव रामा अमरापुर स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का शनिवार सुबह एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया।एसडीएम सबसे पहले उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचे,जहां उपस्थिति रजिस्टर को देखा, जहां पांच अध्यापक मौजूद मिले, एसडीएम ने छात्रों की संख्या की जानकारी ली तो 70 बच्चे पंजीकृत होने के सापेक्ष 62 बच्चे उपस्थित मिले।एमडीएम की जांच करने पर मेन्यू के अनुसार सब्जी चावल बना हुआ मिला।एसडीएम को विद्यालय जाने वाले इंटरलॉकिंग मार्ग खराब मिला।जिसपर बीडीओ को पत्र भेजने की बात कही है।इसके बाद एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। जहां पर एक ही शिक्षक होना बताया गया,वो भी अवकाश पर थे,जबकि अनुदेशक उपस्थित रहे,बच्चो का पंजीकरण पूछने पर 64 छात्र के सापेक्ष 47 छात्र उपस्थित मिले।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बच्चों से सवाल पूछे।वही विद्यालय प्रांगण में घास खड़ी होने पर बीडीओ को पत्र भेजने व विद्यालय में सिर्फ एक ही शिक्षकों होने पर शिक्षक की तैनाती किए जाने जो लेकर बीएसए को पत्र भेजने की बात कही है।इस दौरान विद्यालय स्टाप मौजूद रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला

स्वतंत्र भारत उन्नाव- माखी थाना क्षेत्र के रुपऊ गांव में एक 17 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका हुआ मिला। मृतका की पहचान शिवानी पुत्री हरिश्चंद्र के रूप में हुई है। घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटके शिवानी के शव को उसकी छोटी बहन ने देखा शव देखते ही बदहवास हो गई। घटना के समय शिवानी के माता-पिता खेत पर काम कर रहे थे, छोटी बहन ने किसी तरह खेत जाकर माता-पिता को इस घटना की जानकारी दी, मां रामपती खेत से लौटीं और परिजनों की मदद से शिवानी के शव को फंदे से उतारा, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच कराई, और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माखी थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार सिंह के अनुसार, अभी तक परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिवानी अपने भाई-बहनों सचिन, शिवांशी और मयंक में दूसरे नंबर की थी।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बनाये नये सदस्य व पदाधिकारी

स्वतंत्र भारत उन्नाव- जिलाध्यक्ष विवेक तिवारी एवं महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आज जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमे मयंक चित्रांशी (कार्यवाहक महामंत्री)व सूर्यंम शुक्ला ( जिला उपाध्यक्ष),अशोक कुमार (जिला संगठन मंत्री)श्याम मोहन गौतम ( जिला मंत्री) मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा सभी पदाधिकारियों से आशा की जाती है, कि वह शिक्षक हित में लगातार संघर्षशील रहेंगे एवं संगठन के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे।

## नगर पालिका सभासदों का धरना प्रदर्शन समाप्त ईओ पर अपमानजनक शब्द बोलने का था आरोप



स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव- नगर पालिका कार्यालय में आज आक्रोशित सभासदों की चेयरमैन और ईओ से वार्ता के बाद गृहकर और जलकर बढ़ोतरी को लेकर पटेल प्रतिमा के समक्ष जारी धरना समाप्त हो गया है। ईओ द्वारा सभासदों को कोई भी कर न बढ़ाने का स्पष्ट आश्वासन दिया गया है।
पालिका प्रशासन और 21 सभासदों के बीच पिछले 15 दिनों से चल रहा यह विवाद आज शनिवार को सुलझ गया। सभासदों का आरोप था कि पालिका बोर्ड की सहमति के बिना गृहकर और जलकर को तीन गुना तक बढ़ाया जा रहा है। इसी मुद्दे पर बीते शुक्रवार को ईओ और सभासदों के बीच विवाद हुआ था। सभासदों ने ईओ पर अपमानजनक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर सभासद तिकोनिया पार्क तिराहे पर स्थित पटेल प्रतिमा के समक्ष धरने पर बैठ गए थे और सभासदों का काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन आज भी जारी रहा। तभी दोपहर के समय ईओ गुंजन गुप्ता धरनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने सभासदों से पालिका में आकर बात करने का अनुरोध किया। बाद में नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष रामजी गुप्ता और ईओ ने अपनी सफाई पेश करते हुए कहा कि उनके द्वारा कोई अपमानजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पालिका प्रशासन नागरिकों पर किसी तरह का कोई टैक्स बढ़ाने नहीं जा रहा है। अंततः सभासदों ने धरना समाप्त कर देने की घोषणा कर दी। आज शनिवार को धरने के दौरान सभासदों के समर्थन में पूर्व चेयरमैन इजहार खां गुड्डू के अलावा कांग्रेस नेता मंसूर खान और अभय सैनी भी धरनास्थल पर पहुंचे और सभासदों से जनहित की इस लड़ाई में साथ देने का वादा किया। सभासदों का यह धरना लगभग 22 घंटे अनवरत चला।



## एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को बीट पुलिसिंग के कार्य, महत्व, प्रभाव आदि की जानकारी दी

स्वतंत्र भारत उन्नाव- दीपक भूकर, पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को बीट पुलिस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य नए रिक्रूट आरक्षियों को बीट पुलिस की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराना था। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उन्हें बीट पुलिस के कार्यों, चुनौतियों, महत्व और इसके प्रभाव के बारे में भी बताया। इस ट्रेनिंग से रिक्रूट आरक्षियों को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में मदद मिलेगी और वे जनता की सेवा करने में अधिक सक्षम होंगे। पुलिस अधीक्षक की पहल से उन्नाव पुलिस की क्षमता में वृद्धि होगी और जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी तथा इससे अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था में सुधार होगा और जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

## डीएम के निर्देश पर पुराने पुल के नीचे बने मकान कराये गये खाली






स्वतंत्र भारत उन्नाव- गंगा नदी के ऊपर बना तकरीबन 130 साल पुराना अंग्रेजों के जमाने का पुराना यातायात पुल का एक हिस्सा पिछले साल नवम्बर में टूट गया था जिसके बाद से ही इसको यातायात के लिए बंद कर दिया गया था। हालांकि इसकी मियाद काफी पहले ही पूरी हो चुकी थी।इसी पुल के नीचे शुक्लागंज छोर की तरफ रह रहे एक दर्जन से ज्यादा परिवारों को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शनिवार को वहाँ से हटाया गया। इस दौरान लोगों की अधिकारियों के साथ हल्की झड़प भी हुई। प्रशासन ने इन परिवारों को मकान खाली करने के लिए चार घंटे का समय दिया।पिछले साल नवंबर में इस पुल की 10 नंबर कोठी अचानक टूट गई थी, जिससे पुल का एक हिस्सा ढह गया था। इसके साथ ही शुक्लागंज की ओर की तीन नंबर कोठी में भी दरार आ गई थी। इस घटना के बाद, अधिकारियों के निर्देश पर इन परिवारों ने अपने घर खाली कर दिए थे, लेकिन कुछ समय बाद वे वापस आकर पुल के नीचे रहने लगे। मगर, पुल की दरार लगातार बढ़ती जा रही थी, जिससे यह हिस्सा भी बेहद खतरनाक हो गया था। इस खतरे को देखते हुए, जिलाधिकारी ने पुल के नीचे रह रहे लोगों को हटाने का निर्देश दिया। इसके बाद, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी अनूप शुक्ला, लेखपाल अशोक सैनी और गंगाघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सबसे पहले मुनादी करवाकर लोगों को दो घंटे के भीतर मकान खाली करने का निर्देश दिया। इसपर, कुछ लोगों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि सरकार उनके रहने के लिए कोई और जगह दे, क्योंकि वे अपने बच्चों और घर के सामान के साथ कहाँ जाएंगे। कुछ लोगों ने मकान खाली करने के लिए और समय मांगा, जिसके बाद उन्हें दो घंटे के बजाय चार घंटे का समय दिया गया। इस दौरान, लोगों ने अपना घरेलू सामान निकालना शुरू कर दिया। हालाँकि, इस कार्रवाई के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुल के नीचे रहने वाले लोगों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के हटाया गया है।

## माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा सदस्यता अभियान का आयोजन

स्वतंत्र भारत उन्नाव- सदस्यता अभियान सिकन्दरपुर कर्ण,बीघापुर एवं सुमेरपुर क्षेत्र उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ(चन्देल गुट)के जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित के नेतृत्व एवं जिला मंत्री राम शंकर के निर्देशन में सदस्यता अभियान सिकन्दरपुर कर्ण,बीघापुर एवं सुमेरपुर क्षेत्र में सदस्यता अभियान को गति देने एवं शिक्षकों से मुलाकात कर जनपद की सदस्यता को अधिक बढ़ाने के लक्ष्य को अंजाम तक पहुंचाने हेतु जिला कार्यकारिणी सदस्य सत्येन्द्र दीक्षित, कोषाध्यक्ष सत्य नारायण, वाजिदपुर के शिक्षक सत्येन्द्र सिंह ( बबलू)एवं मीडिया प्रभारी रमेश चन्द्र गुप्ता ने सिद्धार्थ इ. का., टिकुरीमऊ, सरदार पटेल बाबादीन बालिका इ.का.,कठार,सरस्वती ज्ञान मंदिर इ.का.,बीघापुर, श्री कमलापति इ.का., बीघापुर, श्री लक्ष्मी नारायण इ.का.,बीघापुर, पतिराजा महिपाल सिंह इ.का., घाटमपुर खुर्द, परमपूज्य महावीर इ.का.,टेढ़ा, श्री हुब लाल इ.का., टेढ़ा, श्री सतगुरु इ.का.,धानीखेड़ा, जय मां संदोही वि.नि.हाई स्कूल, बीघापुर, हरिवंश लाल शुक्ल स.वि.मं.इ.का., ऊंचगांव, गिरजा शंकर सरला देवी इ.का., बिहार, पी.डी.पब्लिक हाई स्कूल, गुलालखेड़ा,सगवर, त्रिवेणी काशी इ.का.,बिहार, न्यू उन्नाव पब्लिक इ.का., पटेल नगर, पाटन, कर्मक्षेत्र इ.का.,रद्धूखेड़ा, आर.आर.बी.एन.इ.का.,भगवन्तनगर, अमर शहीद राम लखन सिंह उ.मा.वि., महेशखेड़ा, बाबा ब्रह्म देव इ.का., पाटन समेत लगभग 21विद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों से मुलाकात कर सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया।सभी विद्यालयों के शिक्षक साथियों ने सदस्यता अभियान का पुरजोर स्वागत एवं समर्थन करते हुए अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का वचन दिया। जनपदीय पदाधिकारियों से शिक्षकों ने समस्याओं से अवगत कराते हुए निस्तारण के लिए भी अनुरोध किया। सम्पर्क अभियान के दौरान ही सरदार पटेल बाबादीन बालिका इ.का., कठार, सरस्वती ज्ञान मन्दिर इ.का., बीघापुर, श्री लक्ष्मी नारायण इ.का., बीघापुर, परमपूज्य महावीर इ.का., टेढ़ा, गिरजा शंकर सरलादेवी इ.का., बिहार, त्रिवेणी काशी इ.का., बिहार, न्यू उन्नाव पब्लिक इ.का., पटेल नगर, पाटन आदि विद्यालयों केसंगठन के प्रति समर्पित शिक्षक साथियों ने उत्साहित होकर सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए तत्काल ही कुल 130 सदस्यों की सदस्यता फार्मसहित धनराशि भी संगठन को उपलब्ध कराया। इस दौरान कुंजबिहारी, श्रीमती पूनम वर्मा, रामवीर सिंह,राजेन्द्र दीक्षित, अवधेश चन्द्र बाजपेई, बृजेश सिंह, जय प्रकाश मिश्र, अतुल कुमार, विनय कुमार, गोवर्धन सिंह, योगेश गुप्ता, कमल बहादुर सिंह, अरविन्द पटेल, अरिदमन सिंह एवं प्रधानाचार्या ( टेढ़ा) श्रीमती आकांक्षा द्विवेदी आदि का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा।
आपको यह भी अवगत कराना चाहता हूँ कि जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित एवं जिला मंत्री राम शंकर के कुशल नेतृत्व में अब तक 184 माध्यमिक विद्यालयों में सदस्यता अभियान को गति देने के लिए सम्पर्क किया जा चुका है। हमारे संगठन के सदस्यों की संख्या दिन -प्रतिदिन बढ़ रही है।

# कानपुर देहात समाचार

## शटरिंग खोलने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आए 3 श्रमिकों की मौत,1 गंभीर





**माती कानपुर देहात।** अकबरपुर शहर के कन्हैया नगर इलाके में शनिवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन मकान में लगी शटरिंग निकाल रहा श्रमिक सीवर टैंक में जा गिरा। भीतर की गैस के कारण वह बेहोश हो गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। उसे बचाने की कोशिश में उतरे दो और श्रमिक भी मौत का शिकार हो गए। एक श्रमिक घायल हुआ। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी समेत कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतकों के परिवारी जनों में कोहराम मच गया। रामनारायण पुत्र मेवालाल संखवार निवासी वार्ड नंबर 16 कन्हैया नगर का मकान निर्माणाधीन है। काफी हिस्सा बन चुका जब कि कुछ निर्माण प्रक्रिया में है। आवास परिसर में बने करीब दस फीट उंचाई के सीवर टैंक में कुछ दिनों पहले शटरिंग लगी थी। इसे हटाने के लिए मुबीन पुत्र रफीक उम्र करीब 26 वर्ष निवासी बिगाहीए इसरार पुत्र रफीक उम्र करीब 22 वर्ष निवासी बिगाहीए सर्वेश कुशवाहा पुत्र रावेंद्र उम्र करीब 30 वर्ष निवासी बिगाही और अमन ठेकेदार पुत्र काजू उर्फ़ सुरेंद्र गुप्ता उम्र करीब 22 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 अकबरपुर सीवर टैंक में उतरे थे। बताया गया कि शटरिंग खोलने की प्रक्रिया के दौरान अमन भीतर बनी गैस की चपेट में आकर अचेत हो गया। उसके बचाव के लिए बाकी तीनों श्रमिक भी टैंक में उतर गए। गैस जहरीली होने के कारण अमन तथा बाकी तीन श्रमिकों की हालत खराब हो गई। इलाकाई लोगों को जानकारी लगी तो पुलिस को इत्तिला दी। मौके पर पहुंचने के साथ पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मी तुरंत घटना स्थल पर आए और भीतर अचेत श्रमिकों को निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के डाक्टरों ने अमनए मुबीन और सर्वेश को मृत घोषित कर दिया। इसरार की हालत खतरे के बाहर थी। घटना के बारे में जानकारी मिलने पर एसपी अरविंद कुमार मिश्रा तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे और घायल के बारे में डाक्टरों से बात की। घटना को लेकर मृतकों के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। घर की महिलाओं का रोकर बुरा हाल हो गया।

## शांति समिति की बैठक कर डीएम ने कहा हिल मिल कर मनाएं त्योहार

**सभी संबंधित अधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों में रहेंगे भ्रमणशील, ना हो कोई लापरवाही - जिलाधिकारी**

**आगामी त्योहार के दृष्टिगत सभी जगह साफ.सफाई, पेयजलए विद्युत व्यवस्था आदि रहें दुरुस्त।**

**सम्बन्धित अधिकारी आपस में बेहतर समन्वय बना कर त्योहारों को शान्तिपूर्ण, सकुशल करायें सम्पन्न रू जिलाधिकारी**

**गणेश प्रतिमा विसर्जन केवल चिन्हित स्थानों पर ही कराया जाएए विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था रखी जाये सुदृढ़।**



**माती कानपुर देहात** आगामी बारावफात एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर ली गई हैं। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सभी धर्मों के धर्मगुरुओं एवं संभ्रान्त नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव एवं समस्याओं को सुना तथा उठाई गई समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी थाना प्रभारीए क्षेत्राधिकारीए उप जिलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से उनकी तैयारियों की समीक्षा कर विस्तृत दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मार्गों से होकर जुलूस निकलेगाए उन मार्गों पर साफ.सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा निर्धारित रूट पर ही जुलूस निकालवाया जाए। प्रत्येक जुलूस व प्रतिमा विसर्जन के साथ पर्याप्त पुलिस बल अवश्य तैनात किया जाए एवं प्रत्येक हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन केवल चिन्हित स्थानों पर ही कराया जाए और विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। जिलाधिकारी ने धार्मिक प्रतिनिधियों से शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी आयोजन में हथियारों का प्रदर्शन नहीं होगा तथा डीजे निर्धारित मानक के अनुसार ही बजाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत से संबंधित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाएए साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देश दिए गए कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर साफ.सफाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्राधिकारीए उप जिलाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारी आपस में बेहतर समन्वय बना कर त्योहारों को शान्तिपूर्णए सकुशल सम्पन्न करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी को मिलकर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाना है। इस अवसर पर उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से अपील की कि वे न केवल अपने धार्मिक आयोजनों में बल्कि अपने गांव एवं मोहल्लों में भी लोगों से बातचीत कर उन्हें अमनए चैन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने हेतु प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार के दिन सभी अधिकारी अपने.अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहेंगे एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द मिश्र द्वारा भी आगामी त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमारए अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेयए सभी उप जिलाधिकारीए क्षेत्राधिकारीए थाना प्रभारी सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए गणमान्य नागरिकए धर्मगुरु एवं आयोजकगण उपस्थित रहे।



## संगठन विस्तार को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने की पदाधिकारीयों से मुलाकात

**माती कानपुर देहात** संगठन विस्तार और अन्य आवश्यक चर्चा के लिए एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव द्वारा शनिवार को झांसी मंडल के अध्यक्ष प्रदीप टांडा से मुलाकात की गईए मुलाकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संगठन को और अधिक गतिशील बनाए जाने पर विशेष जोर दिया गयाए उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को इंसानियत की राह पर चलाना है हम राजनीति से दूर हैं इस लिए सभी को समर्पित रूप से काम करना होगा। कहना कतई गलत नहीं होगा कि जनपद कानपुर देहात में एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति आम जनमानस का बड़ा विश्वास बनकर सामने आई हैए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव किसी से छिपें नहीं है नतीजा संस्था का कारवां निरंतर आगे बढ़ता जा रहा हैए जिले की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव द्वारा राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव के निर्देश पर शनिवार को झांसी मंडल के अध्यक्ष प्रदीप टांडा से मुलाकात की गई इस दौरान उन्होंने संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के साथ जन्मदिन को संस्था के कार्यों से अवगत कराने की बात भी कहीं उन्होंने कहा कि हम सेवा करने के लिए हमें राजनीति नहीं करनी है इसलिए सभी के बीच इंसानियत और समर्पण का भाव अत्यंत आवश्यक है उन्होंने समय पर एक दूसरे से संवाद स्थापित किए जाने पर भी जोड़ दिया इस दौरान डॉक्टर अंकित यादव डॉक्टर रीता शर्मा मिथिलेश यादव कमलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## गृह मंत्रालय से आया लेटर, आईपीएस अखिल कुमार को करें रिलीव



**■ अखिलेश दुबे के नेटवर्क की वजह बताया जा रहा पत्र**

**कानपुर।** अखिलेश दुबे सिंडिकेट का पर्दाफाश करने वाले पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को तुरंत रिलीव करने के लिए गृह मंत्रालय ने यूपी के चीफ सक्रेटरी को पत्र लिखा है। यह लेटर ऐसे समय में आया, जब कानपुर में अखिलेश दुबे प्रकरण चर्चा में है। चर्चा है कि अखिलेश दुबे के नेटवर्क की वजह से ही अखिल कुमार को रिलीव करने का आदेश जारी किया गया है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार में तैनाती आदेश के बाद इस तरह के आदेश जारी किए जाते हैं। यह एक रूटीन प्रक्रिया है।

1994 बैच के आईपीएस अखिल कुमार का 25 अगस्त की रात ट्रांसफर हुआ था। उनकी तैनाती केंद्र सरकार में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन में प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर की गई है। ऐसे में यूपी सरकार अखिल कुमार को एनओसी के साथ कार्यमुक्त करती है। माना जा रहा था कि इस प्रक्रिया में एक महीने तक का समय लगता। इसी बीच गृह मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार की ओर से अखिल कुमार को रिलीव का लेटर जारी कर दिया गया। यह लेटर मुख्य सचिव को संबोधित है। इसकी प्रति डीजीपी, सचिव सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और डीओपीटी के सचिव को भी भेजी गई है।

गौरतलब हो कि अखिल कुमार ने 4 जनवरी 2024 को कानपुर पुलिस कमिश्नर के रूप में चार्ज लिया था। इसके बाद उन्होंने शहर में ऑपरेशन महाकाल अभियान चलाकर अपराधियों के सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को जेल भेजते हुए पूरे सिंडीकेट पर एक्शन लिया। जमीनों पर कब्जे और रंगदारी का सिंडीकेट चला रहे कथित वकील दीनू उपाध्याय समेत 12 से अधिक दागी अधिवक्ताओं को जेल भेजा। ऑपरेशन महाकाल की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए वकील अखिलेश दुबे को जेल भेजा।

## बंदूक, कारतुस निर्माण व विक्रय केंद्रों पर की जाए निगरानी

**कानपुर।** अवैध शस्त्रों के निर्माण वितरण और तस्करी पर रोकने को लेकर जिलाधिकारी ने टास्क फोर्स की बैठक की। डीएम ने कहा कि बिना लाइसेंस शस्त्र रखना अपराध है। आयुध अधिनियम-2019 के अनुसार इसकी सजा दो वर्ष से पाँच वर्ष के कारावास तक हो सकती है, साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनपद में 39,473 व्यक्तिगत शस्त्र लाइसेंस धारक और 71 शस्त्र विक्रय स्थल हैं। कानपुर नगर वैधानिक शस्त्र विक्रय का प्रदेश का प्रमुख केंद्र है। डीएम ने बंदूक और कारतूस निर्माण व विक्रय केन्द्रों पर नियमित निगरानी रखने और समय-समय पर जांच करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शस्त्रों के वरासत से जुड़े प्रकरणों में यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदक जनपद का ही निवासी हो और आवेदनपत्र पर दर्शाए गए पते पर ही निवास करता हो। साथ ही पिछले पाँच वर्षों में आवेदक ने किन-किन स्थानों पर निवास किया है, इसकी भी पुष्टि की जाए। जिन खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स शस्त्र लाइसेंस दिया गया है, उनमें से कितने खिलाड़ी वास्तव में अभ्यास कर रहे हैं या प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं, इसका विस्तृत ब्यौरा तैयार किया जाए। एलआईयू को संवेदनशील इलाकों से इंटेलिजेंस इनपुट जुटाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुध अधिनियम 2019 के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के पास दो से अधिक शस्त्र हैं, तो उसे एक वर्ष के भीतर अतिरिक्त शस्त्र जमा करना होगा। निर्धारित अवधि में ऐसा न करने पर संबंधित शस्त्र का लाइसेंस 90 दिनों के भीतर निरस्त कर दिया जाएगा। यह नियम वरासत मामलों पर भी लागू होगा। बैठक में एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आरआरसी सेंटर निर्माण में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने जताई नराजगी



**-स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 योजनांतर्गत जिला स्वच्छता समिति की हुई बैठक**

**-एडीओ पंचायत कल्याणपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा एडीओ पंचायत शिवराजपुर को चेतावनी**

**कानपुर।** शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अंतर्गत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक की। इस दौरान बताया गया कि लक्षित 590 आरआरसी में से 571 ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, 12 का कार्य प्रगति पर है, जबकि 7 ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध न होने से निर्माण लंबित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माणाधीन सभी आरआरसी को 15 दिनों में हर हाल में पूरा कराया जाए और जहां भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां संबंधित तहसील से समन्वय स्थापित कर 3 दिनों के भीतर भूमि उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने संचालन में लापरवाही पर भी सख्ती दिखाई। कल्याणपुर के सहायक विकास अधिकारी के विरुद्ध विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने और शिवराजपुर के एडीओ को चेतावनी निर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर 10 दिनों के भीतर सभी आरआरसी का शत-प्रतिशत संचालन प्रारंभ हो जाना चाहिए। समिति को बताया गया कि अब तक 349 ग्राम पंचायतों से 43.37 लाख रुपये की धनराशि संचालन गतिविधियों के माध्यम से एकत्रित की गई है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से ग्राम पंचायत बिल्हौर देहात और रमईपुर में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का उल्लेख करते हुए उनके प्रभावी संचालन के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कूड़ा प्रबंधन की ठोस व्यवस्था विकसित हो सके। जिलाधिकारी ने आरआरसी सेंटर के संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस सचिवों को आगामी दो अक्टूबर को सम्मानित करने का निर्देश दिया। बैठक में तय हुआ कि सभी एडीओ पंचायत नियमित रूप से ग्राम पंचायतों में मौजूद रहें और ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें। जिन अधिकारियों द्वारा ओवर रिपोर्टिंग की गई है, उनकी जिम्मेदारी तय कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप चलेगा सफाई अभियान

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन ग्राम पंचायतों में हर घर नल से जल योजना पूर्ण हो चुकी है, उनकी सूची मुख्य विकास अधिकारी और संबंधित ब्लॉक प्रमुख को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए रोस्टर तैयार कर नियमित सफाई की जाएगी और इसकी मॉनिटरिंग स्वयं जिला पंचायत राज अधिकारी करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही विकास भवन में एक कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, गौशालाओं में चारे की उपलब्धता और अन्य व्यवस्थाओं की रीयल-टाइम निगरानी की जाएगी। साथ ही यह कॉल सेंटर ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की भी मॉनिटरिंग करेगा।

# पुलिस कर्मियों के लिए मोटापा हेतु आईएमए ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**■ तीन सौ से अधिक पुलिस कर्मियों ने कराया परीक्षण**

**कानपुर।** पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य और फिटनेस हेतु इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा शनिवार को आईएमए भवनए में मोटापा जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदनी रस्तोगी, डीसीपी क्राइम एम.एम.कासिम आबिद, सचिव डॉ विकास मिश्रा, कम्युनिटी वेलफेयर सब कमेटी चेयरमैन डॉ वी सी रस्तोगी, उपाध्यक्ष डॉ कुणाल सहाय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। आईएमए पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों का स्वस्थ रहना बेहद ज़रूरी है। ऐसे शिविरों से पुलिस बल को न केवल बीमारियों से बचाव की जानकारी मिलेगी, बल्कि वे अपनी फिटनेस और कार्यक्षमता को भी लंबे समय तक बनाए रख पाएंगे। पुलिस . विभाग के अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि पुलिस बल स्वस्थ और चुस्त-दुरुस्त रह सके। शिविर के अंत में सभी पुलिस कर्मियों को सीपीआर की ट्रेनिंग डॉ सुनीत गुप्ता एवं डॉ प्रदीप टंडन द्वारा दी गई। इस अवसर पर 300 से अधिक पुलिस कर्मियों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें से बॉडी मास की जांच 112, शुगर की जांच 160, बीसीए की जांच 80, फाइबर स्कैन की जांच 88, बीएमडी की जांच 82 एवं ईसीजी की जांच 80 मरीजों ने जांच करवाई गई। शिविर में डॉ एसी अग्रवाल, डॉ वृजमोहन, डॉ वीके कपूर, डॉ राहुल कपूर, डॉ अनुराग मेहरोत्रा, डॉ प्रीति आहूजा, डॉ अंबिका प्रसाद, डॉ कीर्ति जलोटा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## खबर एक नजर

### चलती ट्रक में पांच किमी तक लटका रहा युवक



**कानपुर।** महाराजपुर में ब्रह्मदेव मंदिर के पास चलते ट्रक में एक युवक करीब पांच किलोमीटर तक लटका रहा। इस पर पीछे बाइक से चल रहे कुछ राहगीरों ने उसका वीडियो बना लिया और आगे चालक से बताया कि पीछे लटका युवक चोरी का प्रयास कर रहा है। घटना शनिवार की दोपहर की बताई जा रही है। चालक ने वाहन को सरसौल रॉयल मेंशन होटल के सामने हाईवे पर ही खड़ा कर दिया और मानसिक विक्षिप्त युवक को पकड़ कर आगे केबिन में बंद कर लिया। इसके बाद रॉड से जमकर पिटाई कर दी, जिसका राहगीरों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मानसिक विक्षितप्त युवक ने अपना नाम मोहम्मद तौफीक तथा निवासी बबेरू तहसील ग्राम बघेता का रहने वाला बताया है।

### वीएसएसडी कॉलेज में हुआ लंगड़ी व गुट्टा खेल का आयोजन



कानपुर। खेल दिवस के मौके पर शनिवार को वीएसएसडी कालेज में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन ग्रामीण खेलों के उत्थान के उद्देश्य से लंगड़ी एवं गुट्टा खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप प्राचार्या प्रो नीरू टंडन, निदेशक डॉ अन्शु सिंह सेंगर एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अजीत सिंह द्वारा किया गया। खेल में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को डॉ विपेन्द्र सिंह परमार, प्रो महेश चन्द्र झा, डॉ शशी रानी पाल, डॉ कीर्ति गुप्ता, डॉ आकांक्षा मिश्रा, डॉ मनु मिश्रा एवं डॉ सौम्या सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया।इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार द्विवेदी, डॉ पंकज सिंह चन्देल, डॉ आर बी सिंह, डॉ राहुल त्रिवेदी, डॉ हिमांशु तिवारी, डॉ देवेश शुक्ला सभी विभागों के शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

कानपुर। बर्रा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। आज सुबह ठेकेदार युवक के घर पहुंचा, काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उसने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़ अंदर पहुंची तो युवक का शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मूलरूप से हमीरपुर, मौदहा के खुसियारी गांव निवासी संतराम उर्फ लाली ठेकेदार विनोद के साथ पत्थर घिसाई का काम करता था। संतराम पत्नी सुमन, बेटी नंदिनी, साक्षी व 2 साल के बेटे सागर के साथ बर्रा-2 के छेदी सिंह का पुरवा में किराए के मकान में रहते थे। पत्नी ने बताया कि 3 साल पहले तबियत खराब होने पर पति उन्हें गांव छोड़ गए थे। जिसके बाद से वह अकेले रह रहे थे। शुक्रवार देर रात संतराम ने संदिग्ध परिस्थितयों में पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। आज सुबह ठेकेदार उसके घर पहुंचा तो काफी देर तक दरवाजा नही खुलाए जिस पर उसने घटना की जानकारी बर्रा पुलिस को दी। पुलिस दरवाजा तोड़ घर में घुसी तो शव फंदे से लटकता मिला। पत्नी ने बताया कि बीते 15 दिनों से पति से बातचीत नहीं हुई थी।

### नहीं मिला पीएम आवास, भरभरा कर गिरा कच्चा मकान

कानपुर। सरसौल के ग्राम पुरवामीर में एक कच्चा मकान भरभरा गिर गया। मकान में रखा सारा सामान मलबे में दब गया। पीड़ित पवन ने बताया कि उनका मकान पूरी तरह से कच्चा था। अब परिवार को खुले आसमान के नीचे तिरपाल डालकर रहना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों के साथ हर रात डर और असहायता में गुजर रही है।

### कृति सेनन बनी वुमेन्स कैटेगरी का नया चेहरा

कानपुर। भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कृति सेनन को अपनी वुमेन्स कैटेगरी का नया चेहरा बनाया है। यह केवल एक ब्रांड और सेलिब्रिटी के बीच हुई एक साझेदारी नहीं, बल्कि यह कैंपस के उस विज़न को मज़बूती प्रदान करता है। इस साझेदारी पर बात करते हुए निखिल अग्रवाल, सीईओ एवं होल टाईम डायरेक्टर, कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा उनका महात्वाकांक्षी एवं बहुमुखी व्यक्तित्व तथा प्रमाणिकता आज के दौर की भारतीय महिलाओं के व्यक्तित्व को दर्शाती है, वे इस सेगमेन्ट के लिए हमारे विज़न के साथ बखूबी मेल खाती हैं। वुमेन्स स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र, हमारी ग्रोथ को बढ़ावा देने वाली मुख्य कैटेगरी बन चुकी है। कृति को अपने साथ जोड़कर हम इस ग्रोथ को और गति प्रदान करना चाहते हैं।

## आज मनाया जाएगा श्री बाबोसा महाराज का मंगल उत्सव




कानपुर। शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं में आस्था का नया रंग भरने के लिए श्री बालाजी बाबोसा सेवा समिति रविवार को श्री हनुमान जी के अवतार श्री बाबोसा महाराज का मंगल उत्सव आयोजित करने जा रही है। यह कानपुर शहर का दूसरा भव्य मंगल उत्सव होगा, जो वेद गेस्ट हाउस में सायं 7 बजे से प्रारम्भ होकर प्रभु इच्छा तक चलेगा। उत्सव का शुभारम्भ भगवान श्री गणेश जी और श्री हनुमान जी की वंदना के साथ होगा। विशेष आकर्षण के रूप में राजस्थान से लगभग तीन फीट ऊँची श्री बाबोसा महाराज की मार्बल प्रतिमा लाई जाएगी, जिसे दरबार में स्थापित किया जाएगा। भक्तों को प्रतिमा के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा। कार्यक्रम में बाबोसा महाराज को छप्पन भोग भी अर्पित किया जाएगा और भक्तजन दिव्य-ज्योत के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे । समिति के मुख्य पदाधिकारी मनीष सेठिया ने बताया कि समिति का उद्देश्य श्री बाबोसा महाराज के प्रचार-प्रसार के साथ जनमानस के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है। इस मंगल उत्सव का आयोजन श्री बाबोसा महाराज की परम आराधिका मंजू बाईसा के सानिध्य में होगा। मंजू बाईसा, जिन पर बाबोसा महाराज की विशेष कृपा मानी जाती है, अपने मधुर भजनों के माध्यम से महाराज की भक्ति रसधारा प्रवाहित करेंगी। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी मनीष सेठिया, नितेश महेश्वरी, निखिल महेश्वरी, रोहित कुमार भगत, कन्हैया अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की पत्नी का दर्द... शराब ने कर दिया सब कुछ बर्बाद



कानपुर। शुक्रवार शाम सेंट्रल स्टेशन के पार्किंग एरिया में कार में सीआरपीएफ इंस्पेक्टर निर्मल उपाध्याय का शव मिला था। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंची इंस्पेक्टर की पत्नी शशि ने बताया कि शराब ने मेरे पति की जिंदगी छीन ली। उन्हें शराब की लत थी। तबीयत बिगड़ती तो उन्हें चिकित्सा अवकाश पर भेज दिया जाता था। पूर्व में पति दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में चार माह भर्ती तक रहे थे। उनकी विभागीय जांच भी चल रही थी।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ बैरा गांव निवासी 38 वर्षीय निर्मल उपाध्याय सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर के पद पर पुलवामा में तैनात थे। उनकी शादी 27 नवंबर 2023 को साकेत नगर निवासी राशि के साथ हुई थी। राशि ने बताया कि पति शराब के लती थे और नशे में धुत होकर मारपीट करते थे। जिसकी वजह से वह शादी के कुछ माह बाद ही अपने मायके में रह रही थी। राशि ने बताया कि सात या आठ अगस्त को पति चिकित्सा अवकाश पर वहां से मेरे मायके आए थे। 29 अगस्त को पति को दिल्ली के ट्रांजिट कैंप पहुंचना था। गुरुवार रात पति फिर शराब पीकर आए तो उन्हें पीने से मना किया, जिससे वह भड़क गए और मुझसे मारपीट करने लगे। मारपीट में आंख में चोटें भी आ गई। शुक्रवार सुबह पति को राजधानी से दिल्ली जाना था, लेकिन देरी से उठने की वजह से ट्रेन छूट गई। इसके बाद दूसरी तेजस से जाने की बात हुई। पति की एमजी हेक्टर कार थी, लेकिन वह ज्यादा अच्छी कार नहीं चला पाते थे। इसलिए पति की गाड़ी चलाने के लिए किरायेदार संजय चौहान को कहा। इसके बाद पति को स्टेशन तक छोड़ने के लिए संजय के साथ पति, मैं और मां निरुपमा भी कार में बैठे, लेकिन कुछ दूरी पर पति ने मुझे व मां को उतार दिया और फिर संजय उन्हें लेकर स्टेशन चले गए, लेकिन पति निर्मल ने संजय को ये कहकर वापस कर दिया कि वह किसी ड्राइवर को बुलाकर अपनी कार से दिल्ली जाएंगे। शुक्रवार शाम जीआरपी से उनके पास काल आई और बताया गया निर्मल कार में मिले हैं। होश में नहीं है। बहुत ज्यादा गंभीर स्थिति है। जब स्टेशन की पार्किंग के पास पहुंचे तो पति ड्राइवर के बगल की सीट पर थे। शराब की बोतल, गिलास में शराब व नींद की गोलियां मिली।

# त्योहरों से पहले गड्ढा मुक्त हो जाएंगी शहर की सड़कें

**-नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, लोगों से किया संवाद**



**कानपुर।** नगर आयुक्त ने विभिन्न मार्गों का निरीक्षण कर क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुझावों को विस्तार से सुना गया। नागरिकों ने सड़क निर्माण, गड्ढामुक्त सड़क, जलभराव एवं रखरखाव से संबंधित अपनी प्रमुख समस्याओं को बताया। जिस पर नगर आयुक्त ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांगों एवं सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान हेतु कार्यवाही की जाएगी। जिस पर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्यों को त्वरित गति से प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। सभी कार्यों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप की जाए। आगामी त्योहारों से पूर्व अधिकतम मार्गों को पूर्ण कर नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा प्रदान की जाए। जिस पर बताया गया कि 26 अगस्त को 242 मार्गों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इनमें से 38 मार्ग हॉट मिक्स प्लांट से निर्मित होंगे। शेष 184 मार्ग इंटरलॉकिंग एवं सीसी से बनाए जाएंगे। इन कार्यों पर कुल 13.40 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 19 करोड़ की धनराशि से 220 मार्गों की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है। अगले 15 दिनों के भीतर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर इन कार्यों को धरातल पर उतारा जाएगा। जिस पर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि इन मार्गों को भी आगामी त्योहारों से पूर्व पूरा किया जाए। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का संकल्प है कि कानपुर शहर को गड्ढामुक्त एवं व्यवस्थित मार्गों वाला नगर बनाया जाए, जिससे नागरिकों को बेहतर यातायात और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## मवेशी बचाने में फुफेरे भाई तालाब में डूबे, मौत



कानपुर। बिधनू थानाक्षेत्र के हरबसपुर गांव में शनिवार दोपहर दो फुफेरे भाई की तालाब में डूबकर मौत हो गई। यह देख वहां मौजूद लोगों के बीच हड़कम्प मच गया। तालाब में उतर ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शवों को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। हरबसपुर निवासी सुनील के बेटे मनीष और राकेश के बेटे हिमांशु मवेशी चराने गांव से बाहर खुटहा तालाब की ओर गए थे। मवेशी तालाब में उतर गए। दोनों बच्चे मवेशियों को बचाने के लिए पानी में कूद गए। गहरे पानी में जाने से दोनों डूब गए। साथी बच्चों ने घटना की सूचना गांव में दी। परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों के शव बाहर निकाले गए। बिधनू पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों परिवार कबाड़ बीनकर अपना जीवनयापन करते हैं। मनीष चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। हिमांशु दो भाइयों में छोटा था। हादसे के बाद मृतक बच्चों की माताएं मीना और मनकी समेत पूरा परिवार शोक में डूबा है।

## खबर एक नजर

### दरोगा ने चार्जशीट लगाने के नाम पर मांगे दूध के साथ डेढ़ हजार

**पीड़ित से कहा फाइल बनाने में लगे डेढ़ हजारए तुम नहीं दोगे तो हम देंगे का ऑडियो हुआ वायरल**

घाटमपुर। सजेती थाने में तैनाती एक दरोगा द्वारा पीड़ित से चार्जशीट लगाने के नाम पर आधा लीटर दूध और डेढ़ हजार मांगने का वायरल हुआ ऑडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसमें वह यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि जिससे फाइल लिखवाई है उसके हजार.डेढ़ हजार रुपए देने पड़ेंगे। हालांकि स्वतंत्र भारत उक्त ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। सजेती थाने में तैनात दरोगा राधाकांत शुक्ला व पीड़ित के बीच यह बातें मोबाइल पर हुई हैं। दरोगा मारपीटए छिनैती के मामले की जांच कर रहे हैंए जिसमें चार्जशीट लगाने के नाम पर वह पीड़ित से दूध और पैसा लेकर आने को कह रहे हैं।ऑडियो में वह आगे कह रहे हैं कि तुम नहीं दोगे तो मैं दूंगा। मैं तुमसे और तुम्हारी मां से जुबान हार चुका हूं। आगे कहा कि मैं जान रहा हूं कि गोविंद बहुत ही खर्चा कर चुका है। बहनोई के साथ 10 मिनट तक के लिए चले आना। घटना की रिपोर्ट सजेती थानाक्षेत्र के कोहरा गांव निवासी राजेंद्र सिंह की पत्नी सुमिला देवी ने 9 अगस्त को दर्ज कराई गई थी। जिसमें 3 अगस्त को दामाद धर्मेंद्र सिंहए बेटी रीना व बेटे गोविंद ने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने अपने परिवार के लोगों को बुलाकर बेटीए दामाद व बेटे पर लाठी.डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने दामाद की कार में रखा जेवरात से भरा बैग छीन लिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने दामाद की कार को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इतना ही नहीं आरोप था कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने बेटी के साथ अश्लील हरकतें भी की थी। शोरगुल सुनकर वह छोटी बेटी कल्पना के साथ पहुंची तो आरोपियों ने उनको भी पीटा था। इस सम्बंध मे दरोगा रमाकांत शुक्ला ने बताया कि मैंने पीड़ित से अपने पन में बात कही थी। मैंने खुद कहा था कि रुपए मैं खर्च कर रहा हूंइस मामले को दूसरे हिसाब से दिखाया जा रहा है।

### गणेश चतुर्थी पर हुआ भव्य आयोजन

ककवन दृ ककवन के प्रसिद्ध मां दुर्गा मंदिर में गजानन पूजा समिति के द्वारा गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा स्थापित करके भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर सूरज सेंगर अमितेश कुमार अन्टू स्वर्णकार अखिलेश अवस्थी सोनू सविता मोहित सेंगर राजा बेटा सनोज मोनू अंकित सिंह आदि ग्राम वासियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भगवान गणेश की रोजाना आरती में सम्मिलित होकर भगवान गणेश की पूजा की।

### आचार्य दक्षता विकास वर्ग सम्पन्न

हमीरपुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज हमीरपुर में आज अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित विद्यालय मे छात्रो के साथ-साथ शिक्षको को भी प्रत्येक क्षेत्र मे दक्ष बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है। उसी क्रम में विद्यालय मे आचार्यो को शिक्षण कौशल बाल विकास भारतीय ज्ञान का प्रशिक्षण संकल्पना सुदृढ़ बनाने की दृष्टि से आचार्य दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया के नेतृत्व में सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में कपिलदेव तिवारी सहायक अध्यापक (गायत्री विद्या मंदिर इण्टर कालेज गोहाण्ड) ने अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण देकर सभी को प्रशिक्षित किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधान लिपिक उमाशंकर ने योग के गुर सिखाये एवं विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार मिश्र ने पंचपदीय शिक्षण प्रणाली पर विधिवत प्रकाश डाला। तत्पश्चात श्री विद्या मंदिर इण्टर कालेज के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता अवधेश कुमार शुक्ल ने भौतिक विज्ञान सहित गणित एवं विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रमेश शुक्ल ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथि प्रशिक्षको का सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया। प्रशिक्षण वर्ग मे आचार्यो को भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा, नैतिक मूल्यो का संवर्धन चरित्र निर्माण एव विद्यार्थियो के लिये सर्वांगीण विकास पर मार्गदर्शन दिया गया। अन्त मे पंचपदीय के अनुसार सभी आचार्य बन्धुओ ने अपनी पाठ्य योजना तैयार की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अन्त मे कल्याण मंत्र के साथ दक्षता वर्ग का समापन हुआ। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना जरिया पुलिस मुअसं. 24/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व मुअसं. 166/2025 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मानवेन्द्र पुत्र बालादीन बढ़ई को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार हुआ अभियुक्त मानवेन्द्र पुत्र बालादीन बढ़ई निवासी ग्राम बीरा थाना जरिया जनपद हमीरपुर के कब्जे से से दो अदद स्टार्टर/पैनल बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बीरेन्द्र प्रसाद, हेडकांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल कपिल कुमार, अभिनव प्रताप शामिल रहे।

### प्रभावी पैरवी कर गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को 2 वर्ष का कारावास व 5000 रु. के अर्थदण्ड की दिलायी सजा

हमीरपुर। जनपद हमीरपुर थाना राठ में मुअसं. 403/2008 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्तगण अतीक पुत्र बाबू मंसूरी निवासी मो. भटीपुरा थाना कोतवाली जनपद महोबा व दो अन्य अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग 19 फरवरी 2008 को पंजीकृत किया गया। जनपद हमीरपुर के आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग मे जनपद हमीरपुर के अभियोग मे अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप आज न्यायालय स्पे. गैंगस्टर एक्ट कोर्ट जनपद हमीरपुर द्वारा अभियुक्त अतीक उपरोक्त को दोषसिद्ध करते हुए 2 वर्ष के कारावास व 5000 रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। विवेचक एसएचओ विवेकानन्द तिवारी, अभियोजक एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी, पैरोकार प्रदीप भार्गव शामिल रहे। अभियुक्तो द्वारा सामूहिक अलग अलग भौतिक एवं आर्थिक लाभ हेतु संगठित रूप से गैंग बनाकर समाज में हिंसा/आतंक पैदाकर धन अर्जित करना।

### महेरा में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

हमीरपुर। मुस्करा विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय महेरा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर ने राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में विविध खेल प्रतियोगिता कराने का आदेश दिया गया। जिसके अनुक्रम में ब्लॉक व्यायाम शिक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में खो खो एवं कबड्डी खेल, बालक/बालिकाओं के बीच कराया गया। जिसमें बालिकाओं की चार टीमों ने भाग लिया। फाइनल में खो खो व कबड्डी प्रतियोगिता में महेरा व खडेहीलोधन टीमों के बीच हुआ। जिसमें महेरा की टीम विजेता रही। उपविजेता खड़ेहीलोधन की टीम रही। इसी तरह बालको में छह टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में महेरा टीम विजेता रही एवं खड़ेही लोधन की टीम उपविजेता रही। सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मैच रेफरी की भूमिका में उमेश कुमार एवं अनिल कुमार खेल अनुदेशक द्वारा किया गया। साथ ही राजकुमार, अमर सिंह, बृजेंद्र कुमार, विनोद कुमार, करनसिंह, मिथिलेश कुमार, रामलखन आदि शिक्षकों ने खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने में सहयोग किया। बाबूराम चक्रवर्ती प्रभारी प्रधानाध्यापक ने व्यवस्था करते हुए सभी को खेल भावना से खेलकूद का अच्छे से संपन्न कराया। इसलिए मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं।

### अमर बलिदानी कन्हाईलाल दत्त को नमन कर वर्णिता ने दी पुष्पांजलि

सुमेरपुर-हमीरपुर। देश के प्रति देशभक्तों की भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत मातृभूमि के एक अमर बलिदानी कन्हाईलाल दत्त की जन्मतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि कन्हाईलाल दत्त सही मायने में युवा सरफरोश थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म पश्चिमी बंगाल में 30 अगस्त 1888 को हुआ था। इनके पिता का नाम चुन्नी लाल दत्त था।

## जमीन का विवाद सुलझाने को लेकर तहसील में शुरू हुआ धरना

**धरने पर बैठे लोगों का भानु गुट की किसान यूनियन ने भी किया समर्थन**



**घाटमपुर।** शनिवार की दोपहर बाद जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर तहसील में धरना शुरू किया गया। कस्बे के रिसोर्ट संचालक के खिलाफ धरने पर बैठे लोगों का किसान यूनियन ने भी समर्थन किया।जिस मामले को लेकर धरना शुरू किया गया है उस मामले का कोर्ट में मुकदमा चलने की बात कही जा रही है। तहसील परिसर में धरने पर बैठे डॉ रवि प्रकाश का आरोप हैए कि उन्होंने कई बार इस सम्बंध में अधिकारियों से शिकायत की पर अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि अधिकारियों का कहना हैए कि दोनो के बीच जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। नगर के अशोक नगर दक्षिणी मोहल्ला निवासी डॉव रवि प्रकाश ने शनिवार की दोपहर बाद तहसील परिसर में स्थित एसडीएम कार्यालय के पास धरना शुरू किया। जिनके समर्थन में भारतीय किसान यूनियन ;भानु गुटद्धके राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत फौजी भी किसानो के साथ धरने पर बैठे है। डॉव रवि प्रकाश का आरोप हैए कि उनका पैतृक भवन जहानाबाद रोड पर स्थित है। वह उसका नगर पालिका टैक्स भी देते है। आरोप हैए कि उक्त भवन पर उमाशंकर सचान अपने साथी रामजीवन कोरी व इरशाद के साथ कस्बा करना चाहते है। जिसकी शिकायत उन्होंने कई बार अधिकारियों से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे आहत होकर वह तहसील परिसर में कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। वहीं मामले में उमाशंकर सचान का कहना हैए कि डॉक्टर रवि प्रकाश के द्वारा उनके ऊपर लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार व गलत हैए वह किसी की जमीन पर कोई कब्जा नहीं करना चाहते हैं।दोनों के बीच भवन को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा हैए जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट का जो भी आदेश होगा उसे स्वीकार करूंगा। वहीं इस सम्बंध में एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि दोनो के बीच कई वर्षों से भवन पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। भवन विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहा है। कोर्ट के आदेशों का अनुपालन कराया जाएगा।

## बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**हादसे का शिकार युवक फतेहपुर के जहानाबाद से सब्जी लेने आ रहा था घाटमपुर सब्जी मंडी**



घाटमपुर। फतेहपुर के जहानाबाद से घाटमपुर में लगने वाली बाजार से सब्जी खरीदने आ रहे बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत हो गई। जहानाबाद रोड स्थित एक ढाबे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वह जहानाबाद से अपने होटल के लिए सब्जी लेने के लिए कस्बा स्थित मंडी आ रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोड़ा जहानाबाद निवासी शमशेर 40 होटल चलाता था। शनिवार को तड़के वह होटल के लिए सब्जी लेने घाटमपुर मंडी बाइक से आ रहा थाए तभी जहानाबाद रेलवे क्रासिंग के आगे बिल्लू होटल के पास अज्ञात वाहन बाइक सवार युवक को टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के जेब से मिले मोबाइल फोन के जरिए परिजनो को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि परिजनो को सूचना देकर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे के विरोध में पंचायत सहायकों ने दिया ज्ञापन

**प्रभारी तहसीलदार को 5 सूत्रीय ज्ञापन देते हुए कहा कि मनरेगा एक्ट के तहत पंचायत सहायकों से नहीं लिया जा सकता है यह काम**



**घाटमपुर।** ई खसरा पड़ताल के डिजिटल क्रॉप सर्वे में पंचायत सहायकों व रोजगार सेवकों की ड्यूटी लगाए जाने से उनमें उबाल है। शनिवार को तहसील पहुंचे रोजगार सेवकों ने इस सम्बंध में एसडीएम को संबोधित एक 5 सूत्रीय ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार अंकिता पाठक को दिया।जिसमे उनका कहना है कि भेजे गए पत्र में सर्वे का कार्य प्राइवेट सर्वेयर पंचायती राज विभागएग्राम विकास विभागए विभागए गन्ना एवं उद्यान विभाग के कर्मचारियों से लिये जाने को कहा गया है साथ ही कहा गया है कि यह काम हम लोगों से नहीं लिया जा सकता है। जिसमें उन्होंने अपनी कुछ तकनीकी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की है। जिसमें कहा गया कि उनके पास मोबाइल नहीं है।अतः मोबाइल की व्यवस्था की जाये। जंगली जानवरों का आतंक रहता है। खेतों में चारों तरफ कटीले तार लगे हुए है। अतः सामूहिक इंश्योरेंस सुरक्षा की व्यवस्था की जाये। उन्होंने आगे कहा है कि मनरेगा एक्ट के अनुसार रोजगार सेवकों से यह काम नहीं लिया जा सकता है। ज्ञापन देने वालों में राघवेंद्र शुक्ला साक्षी सिंह अजय सिंह रितिका साक्षी समस्त पंचायत सहायक व रोजगार सेवक शामिल रहे।

## डीएम के निर्देश पर ईओ ने किया पांच गौशालाओं का निरीक्षण

**घाटमपुर ब्लॉक की 5 गौशालाओं में देखा गौ वंश का रख रखाव**



**घाटमपुर।** शनिवार को पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार ने डीएम के निर्देश पर घाटमपुर विकास खंड क्षेत्र की 5 गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें दो गौशालाओं में एक एक गोवंश बीमार मिला। जिनका उपचार भी किया जा रहा था। मातहतों के साथ अधिशाषी अधिकारी ने सरगांवए किरांवए आनूपुरए बम्हौरी व डोभा की गौशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वैसे सभी गौशालाओं में कोई बड़ी कमी नहीं मिली है। सरगांव गौशाला नीची जमीन में होने के चलते वहां एक जगह थोड़ा जल भराव मिला। वहीं यहां पर पैकेट वाला हरा चारा मिला। अन्य गौशालाओं में हरा चारा भी मिला है। उन्होंने सभी जगह जिम्मेदारों को गोवंशों पर्याप्त हरा चारा व भूसे के साथ चूनी चोकर भी देने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण की रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को भेजी जा रही है।

## व्रतधारा एफपीओ केंद्र से यूरिया खाद पाकर किसानों में खुशी




**प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता मे किसानों को सरकारी रेट पर व्यवस्थित ढंग से उपलब्ध कराई गई यूरिया खाद**

घाटमपुर। किसानों की परेशानियों को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर अब समितियों के साथ साथ एफपीओ भी खाद केंद्र बनाए गए हैं। इसी के चलते शनिवार को परास गांव में व्रतधारा एफपीओ द्वारा यूरिया खाद वितरित की गई। जिसकी जानकारी मिलने पर खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान पहुंचे।एफपीओ के प्रबंध निदेशक रमेश तिवारी की अध्यक्षता में आज किसानों को सरकारी रेट पर व्यवस्थित ढंग से यूरिया खाद उपलब्ध कराई गई। किसानों ने बताया कि सहकारी समितियों और निजी दुकानों पर घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद मिलना मुश्किल हो रहा था। अब इस नए केन्द्र के खुलने से खाद आसानी से मिल रही है और उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़ रही। किसानों को सुलभ तरीके से खाद मिलने को लेकर उनके चेहरों पर खुशी झलक रही थी।



## श्रीमद्भागवत में सातवें दिन हुई श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा उमड़े श्रृद्धालु

*कस्बा भीतरगांव स्थित महावीर मंदिर में चल रहा आयोजन सोमवार को समापन के साथ होगी भव्य रामलीला*

**स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव** कस्बा भीतरगांव स्थित महावीर मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन 108 स्वामी अवधेशानंद जी महराज के द्वारा श्री कृष्ण जन्म की कथा और नंदोत्सव का सुंदर वर्णन किया गया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था उनका पालन पोषण नंदबाबा के घर हुआ श्री कृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता पिता को कारागार से छुड़ाया कथा के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया मंदिर समिति से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बताया कि सोमवार को समापन के साथ रात्रि में रामलीला तथा बुढ़वा मंगल को भव्य आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम के दौरान अनुपम शुक्ला अंश तिवारी हर्ष तिवारी मयंक द्विवेदी अर्पित आदर्श लकी अर्पित दीक्षित रवीश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## खड़े ट्रक मे ट्रक नें मारी टक्कर क्लीनर की मौत दो घायल

**पंचर टायर बदलनें के दौरान हुआ हादसा**




स्वतंत्र भारत संवाददाता शिवराजपुर . नेशनल हाईवे ;कानपुर.अलीगढद्ध पर रोड किनारे खड़े कर टायर बदल रहे एक ट्रक मे दूसरे ट्रक नें पीछे से टक्कर मार दी हादसे में टायर बदल रहे ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई वहीं पीछे से टकराए ट्रक का चालक व क्लीनर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

शनिवार भोर पहर कानपुर से कन्नौज की तरफ जा रहे एक ट्रक का टायर पंचर हो गया गंगा तट जाने वाले मार्ग पर बने ओवरब्रिज पर चालक और क्लीनर ट्रक को रोड पर एक किनारे खड़ा कर टायर बदल रहे थे। तभी पीछे से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े ट्रक में पीछे से आकर जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीछे से टकराए ट्रक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसका चालक हरियाणा निवासी आजाद पुत्र अब्दुल सरताज और परिचालक वकील पुत्र छोटेलाल घायल हो गए। घायल चालक उसी में फंस गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की सूचना पर पहुंची अग्निशमन टीम के सहयोग से फंसे ट्रक चालक को बाहर निकाला गया। घटना में खड़े ट्रक का टायर बदल रहा क्लीनर मैनपुरी जनपद के परी नगला निवासी अभिषेक पुत्र रंजीत यादव भी घायल हो गए।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। वहीं डाक्टरों ने जांच के बाद क्लीनर अभिषेक को मृत घोषित कर दिया और घायल दोनो चालकों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसमें आजाद की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने दोनो ट्रकों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू की।

## गणेश महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधी समां

**कस्बा गोपालपुर में महोत्सव को लेकर युवाओं में जोश**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव** विकासखंड क्षेत्र के कस्बा साढ़ सहित गोपालपुर गांव में गणेश महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा जहां सुबह होते ही वातावरण भक्तिमय हो जाता है और देर रात तक भव्य झाकियों के साथ युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते है।गणेश महोत्सव के अध्यक्ष रतन सिंह यादव रंजीत सिंह यादव ने बताया कि यह दसवां भव्य आयोजन युवाओं के सहयोग से अनवरत चल रहा है जिसका समापन बुधवार को विशाल भंडारे के साथ गुरुवार को विसर्जन से समाप्त होगा।कार्यक्रम के दौरान वैभव गुप्ता श्यामू अवस्थी रणधीर कुशवाहा फूलसिंह यादव सुमित यादव उपेंद्र यादव विकास कुशवाहा विकास दुबे नेपाल सिंह वैश्य आदि लोग मौजूद रहे।

**कानपुर विकास प्राधिकरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राखी कुमारी पुत्री स्व. मुन्ना लाल द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, सहमति शपथ पत्र आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या एल-264, एल.आई.जी. योजना जवाहरपुरम् सेक्टर-12 क्षेत्रफल 60.00 व.मी. का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भूखण्ड संख्या एल-264, एल.आई.जी. योजना जवाहरपुरम् सेक्टर-12 क्षेत्रफल 60.00 व.मी. का आवंटन दिनांक 11.08.2016 को श्री प्रकाश कुमार चौधरी पुत्र स्व. मुन्ना लाल के पक्ष में किया गया। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार मूल आवंटी श्री प्रकाश कुमार चौधरी पुत्र स्व. मुन्ना लाल की मृत्यु दिनांक 09.06.2021 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 679 दिनांक 12.03.2024 के अनुसार मृतक स्व. प्रकाश कुमार चौधरी पुत्र स्व. मुन्ना लाल के निम्नलिखित वारिसान अंकित है-(1) श्री अर्जुन कुमार, भाई, उम्र-41 वर्ष (2) श्री अरूण कुमार, भाई, उम्र-37 वर्ष (3) श्री अमर कुमार, भाई, उम्र-31 वर्ष (4) श्री आकाश कुमार, भाई, उम्र-30 वर्ष (5) श्री आशू, भाई, उम्र-28 वर्ष (6) श्रीमती आशा देवी, बहन (विवाहिता), उम्र-42 वर्ष (7) राखी कुमारी, बहन (अविवाहिता), उम्र-33 वर्ष। उपरोक्त के अलावा मृतक के अन्य वारिसान न होना बताया गया है। अतः क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 व 6 पर अंकित वारिसानों द्वारा फोटोयुक्त शपथ पत्र प्रस्तुत कर क्रमांक 7 पर अंकित वारिसान राखी कुमारी पुत्री स्व. मुन्ना लाल के पक्ष में अपना हक छोड़ दिया गया है। अतः राखी कुमारी पुत्री स्व. मुन्ना लाल के पक्ष में विरासतन नामान्तरण किया जाना है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध मे यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण एकल विण्डो काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा। **विशेष कार्याधिकारी, विक्रय जोन-2**

**श्री रामकृष्ण परास्नातक महाविद्यालय कुरारा हमीरपुर**

**आवश्यकता है** प्राचार्य तथा परास्नातक स्तर प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र–02, भूगोल–02 गृहविज्ञान 02, हिन्दी 02, समाजशास्त्र–02 तथा स्नातक स्तर बी. एस.सी. प्रवक्ता गणित–01 शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. उत्तर प्रदेश शासन के नवीन संशोधित परिनियमों के अनुरूप प्रार्थना पत्र 07 अक्टूबर 2025 तक महाविद्यालय भेजे। सम्पर्क – 8423063723, 9415170283

**पियुष श्रीवास्तव** प्रबन्धक / सचिव

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़**

पत्रांक 606 / 1–30 / 2025–26 दिनांक 29.08.2025

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई–निविदा नोटिस के अनुसार 15वाँ वित्त आयोग में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा नोटिस सं० 599 / ई–निविदा–जलकल

1. निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. आमंत्रित निविदा दिनाँक 12.09.2025 अपरान्ह 4.00 बजे तक उक्त वेवसाइट पर डाउनलोड / अपलोड की जा सकती है।
3. अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वांछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ दिनांक 12.09.2025 समय अपरान्ह 4.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकती है।
4. निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 12.09.2025 को अपरान्ह 04.30 बजे खोली जायेंगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद**

### ट्रेन से कटे युवक की शिनाख्त

**फ्तेहपुर।** बिंदकी रेलवे स्टेशन के समीप दो दिन पूर्व ट्रेन की चपेट में आए अज्ञात युवक की शिनाख्त मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस में करते हुए बताया कि गोविंद पुत्र स्व0 रूपनारायन निवासी जुगराजपुर थाना सचेंडी जनपद कानपुर नगर बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत काम करता था। दो दिन पूर्व स्टेशन के उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की जेब से निकले आईडी के आधार पर घर वालों को जानकारी दी थी, जिस पर यहां आकर उसकी शिनाख्त की है।

# मंदिर/मकबराः सिविल कोर्ट में अगली सुनवाई अब 10 सितं. को

■ न्यायालय परिसर में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था



**फ्तेहपुर।** शहर के आबूनगर रेड़इया स्थित मंदिर/मकबराः मामले की सिविल कोर्ट (रेस्टोरेशन कोर्ट) ने शनिवार को सुनवाई की। दोनों पक्षों की दलीलों को कोर्ट ने सुना और 10 सितंबर को अगली सुनवाई के लिए तिथि तय की है। बताते चलें कि आबूनगर रेड़इया स्थित मंगी मकबरे को हिंदूवादी संगठनों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने ठाकुर जी विराजमानम मंदिर बताते हुए 11 अगस्त को मंदिर पहुंचने का आहवान किया था। जिस पर बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के लोगों के साथ-साथ भाजपाई मंगी मकबरा पहुंचे और बैरीकेटिंग तोड़ते हुए मकबरे की कुछ मजारों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस मामले पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मकबरे के चारों ओर तीन फेस में बैरीकेटिंग कराते हुए सील कर दिया था। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी बल भी तैनात किया गया था। जो आज भी मकबरे की सुरक्षा में तैनात हैं। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 10 सितंबर तय कर दी है। मकबरा मंगी बनाम रामनरेश के बाबत मुकदमा विचाराधीन है।

बता दे कि शहर के रेडइया आबूनगर स्थित मकबरे को लेकर विवाद गहरा गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल और मठ मंदिर संरक्षण संघर्ष समिति ने इस स्थल को ठाकुर जी का मंदिर होने का दावा किया है। बता दें कि बीस दिन पूर्व मकबरे पर तोड़फोड हुई थी। इस घटना के बाद पुलिस ने दस नामजद व 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। प्रशासन ने मकबरा स्थल के आसपास के पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में बदल दिया है। प्रयागराज कमिश्नर और एडीजी ने मुख्यमंत्री को 75 पेज की रिपोर्ट भेजी है। रिपोर्ट में मकबरा स्थल का उल्लेख है, लेकिन आसपास की जमीन किसी और के नाम दर्ज है। नगर पालिका परिषद मकबरा स्थल के आसपास कटीले तार से सुरक्षा घेरा बनाएगी। इसके लिए शासन से नगर पालिका परिषद को पत्र भेजा गया है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने पत्र मिलने की पुष्टि की है। शनिवार को सिविल कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। विवाद में विजय सिंह और अनीस खान दो पक्षकार हैं। सुनवाई को देखते हुए न्यायालय परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता अनिल श्रीवास्तव व फिरोज खान ने बताया कि मकबरा मंगी के मुतवल्ली रहे अनीस खान के मृत हो जाने के कारण नया मुतवल्ली अबु हुरैरा का नाम दर्ज करने के लिए कोर्ट में अपील की गई है। अबु हुरैरा का नाम दर्ज होने के बाद केस की सुनवाई होगी। जिसके लिए कोर्ट ने 10 सितंबर की तारीख दी है। मकबरा की जमीन 10 बीघा है और वहां पर कोई भी मंदिर का विवाद नही है। वहीं हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता रामजी सहाय ने बताया कि विजय प्रताप पुत्र स्व. राम नरेश का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है, जिस पर शनिवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 10 सितम्बर की तारीख दी है।

## प्रधान ने डीएम से लगाई जांच की गुहार

फ्तेहपुर। हसवा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत कुसुम्भी की प्रधान सरला देवी ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के हीरालाल साहू ने फर्जी तरीके से ग्राम सभा के शातिर किस्म के लोग विक्रांत पाण्डेय, छोटा शुक्ला के साथ मिलकर शमशान घाट भिटौरा के महापात्र शिवभोला पाण्डेय से दबाव बनाकर अपनी बहू साधना देवी पत्नी स्व0 सुनील कुमार का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र ग्यारह अप्रैल को बनवा लिया। उसी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर उसके पास आए और दबाव बनाकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाने का दबाव बनाने लगे। शक होने पर उसने जांच व पड़ताल की तो पता चला कि हीरालाल साहू की बहू साधना देवी दूसरे के साथ चली गई है। जो वर्तमान समय में ग्राम पंचायत बेरांव में रह रही है और जीवित है। उपरोक्त लोग धोखाधड़ी व साजिश करके कूटरचित कागजात तैयार कराकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाना चाहते हैं। प्रधान ने मांग किया कि प्रकरण की जांच करवाकर षड़यंत्र में शामिल सभी लोगों के विरूद्ध एफआईआर लिखकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## प्रदेश में फैली अराजकता पर सपा का तीनों तहसीलों में हल्ला बोल



**- पार्टी कार्यालय से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी कर पहुंचे कलेक्ट्रेट**
**- राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर सरकार की कार्य प्रणाली पर नियंत्रण करने की मांग**

**फ्तेहपुर।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में अराजकता फैलने का आरोप लगाते हुए तीनों तहसीलों में हल्ला बोल किया। शादीपुर स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर भाजपा सरकार की कार्य प्रणाली पर नियंत्रण करने के साथ ही मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। बिंदकी व खागा तहसील में भी सपाईयों ने प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजे हैं। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव की अगुवई में सपाई नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने भी शिरकत की।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर सपाईयों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि प्रदेश में इस समय अराजकता की स्थिति है। किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी, छात्र-छात्राएं, महिलाएं, अल्पसंख्यक वर्ग सभी दहशत में है। दुष्कर्म की घटनाएं व हत्याएं आए दिन हो रही हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। जनपद में खाद की समस्या भी विकराल रूप धारण किए है। समितियों में दिन भर किसान लाइन लगाने को विवश हैं। प्राइवेट खाद की दुकानों में कालाबाजारी की जा रही है। किसानों के नलकूप के ट्रांसफार्मर जल जाने के उपरान्त 15-15 दिन मिल नहीं पाते। अघोषित विद्युत कटौती किए जाने से खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। अन्ना पशुओं के कारण किसानों को रात-रात भर जागना पड़ रहा है। यह पशु किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। गंगा व यमुना में आई बाढ़ के कारण फसलों व घर गिर जाने से किसान व जनमानस प्रभावित हुआ है। बाढ़ में मारे गए लोगों के परिवारों को आर्थिक सहायता दिलाई जाए।

सत्ता पक्ष के दबाव में सपा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगाकर परेशान किया जा रहा है। जिसकी निष्पक्ष जांच कर फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण किया जाए। राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत खोदी गई सड़कों की मरम्मत करवाई जाए। बंद सरकारी ट्यूबवेलों को रबी फसल की छपौनी की उपरान्त अतिशीघ्र चालू कराया जाए। सपाईयों ने राज्यपाल से मांग किया कि भाजपा सरकार की कार्य प्रणली पर नियंत्रण करने के साथ ही सभी मांगों को जल्द पूरा किया जाए। इस मौके पर दलजीत निषाद, वीरेन्द्र तिवारी, वीरेन्द्र सिंह यादव, चौधरी मंजर यार, नफीस उद्दीन, विपिन सिंह यादव, अमित सिंह मौर्य, इन्द्रजीत यादव, नरेन्द्र सिंह, मो0 सलमान, राम दुलारे पासवान, आशीष कुमार सिंह, मनोज सिंह यादव, रईस अहमद, शिवलखन, मो0 सलमान, तेज बहादुर, स्वामी शरन लोधी, रीता प्रजापति, राजकरन पासवान, हीरालाल साहू, बब्लू पाल, मो0 अकील अहमद, शमीम अहमद, तेज बहादुर, विवेक सिंह, जगनायक सचान एडवोकेट, सऊद अहमद, डीजी कुशवाहा, हाजी सिराज अहमद, मो0 आफताब, शहजाद अनवर, राम किशोर प्रजापति, प्रमोद यादव, रामगुलाम, वीरेन्द्र यादव, तेज सिंह यादव, केदार यादव, कु0 राधा निषाद आदि सपाई मौजूद रहे।

# नगर पालिका क्षेत्र में हेलमेट पर रोक लगाने की मांग



फ्तेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की जिला इकाई की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने संगठन के पूर्व कार्यों की समीक्षा उपरांत विभिन्न व्यापारिक मुद्दों पर गहन चर्चा की। जिलें में ऑनलाइन कंपनियों के आ जाने से छोटे, मझोले किराना व्यापारियों के व्यापार पर संकट खड़ा हो जाने पर चिंता जाहिर करते हुए जल्द ही इसके निराकरण हेतु उचित प्रयास किए जाने पर विचार विमर्श हुआ।

जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने जनपद के व्यापारियों से संगठन से जुड़कर समाज हित, व्यापार हित में सहयोग करने की अपील की। जिला महामंत्री जय किशन ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में वाहन हेलमेट पर रोक लगाने की बात कही। इससे व्यापारियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। इस मौके पर श्रवण दीक्षित, प्रेमदत्त उमराव, संदीप श्रीवास्तव, अनिल महाजन, प्रशांत सिंह चौहान, अनिल साहू, सौरभ गुप्ता, मो असलम, राजकुमार गुप्ता, विजय पाल, गंगा सागर, उस्मान खान, मो तौफीक, संजय गुप्ता, लकी साहू, शिव प्रसाद उर्फ मामा, संजय सिंह, विजय पाल आदि उपस्थित रहे।

## बजरंग सेना ने अवैध मांस की दुकान को कराया बंद

**फ्तेहपुर।** जिले में मांस की अवैध दुकाने बेखौफ चल रही है। शहर में लगभग 80 फ़ीसदी से ज्यादा दुकानों के संचालकों के पास कोई वैध लाइसेंस नहीं है। सरकार के गाइडलाइन के अनुसार किसी भी धार्मिक स्थल से 500 मीटर की दूरी के अंदर कोई मांस की दुकान नही होनी चाहिए लेकिन न सरकार और न ही प्रशासन का भय सिर्फ मांस कटिंग खुलेआम करना है। ऐसा ही एक मामला असोथर नगर पंचायत के बाउंडर मोड पर मकसूद नामक व्यक्ति जो टीकर निवासी है बिना वैध लाइसेंस और सरकार की गाइडलाइन के विरुद्ध बजरंग बली मंदिर से महज 150 मीटर के अंतर्गत मांस काट रहा था, जब इसकी जानकारी बजरंग सेना जिला अध्यक्ष चंदन सिंह राणा को हुई तो उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ संबंधित दुकान पहुंचकर कहा कि संवैधानिक और धार्मिक आधार पर दुकान यहां नही होनी चाहिए। नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए दुकान हटा लीजिए अन्यथा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से मुकदमा पंजीकृत करवाया जायेगा। मो. मकसूद ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए तत्काल अपनी दुकान हटा ली। स्थानीय लोगो ने बजरंग सेना की काफी सराहना की और जिला अध्यक्ष ने कहा कि अवैध मांस की दुकानों पर संगठन सनातन पर्वो के चलते नियमित विधिक तरीके से अभियान चलाएगा और नियम न मानने वालो पर कार्यवाही कराएगा। इस मौके पर बजरंग सेना के पंकज गुप्ता, रितिक यादव, अंशुमान सिंह, नरेंद्र हिंदू, प्रतीक शुक्ला, आलोक कश्यप, हिमांशू गुप्ता, रौनक सिंह, मोहित आदि उपस्थित रहे।

## गुमनाम पम्पलेट से दहशत में आए शहरवासी




**- लखनऊ-रायबरेली व भिटौरा रोड को सरकार ने किया ग्रीन जोन घोषित**

**फ्तेहपुर।** शनिवार की सुबह जब लोगों ने अपनी आंख खोली और जरूरी कार्यों के लिए सड़क पर आए तो दीवारों पर गुमनाम पम्पलेट चस्पा दिखाई दिए। जिसको पढ़कर शहरवासियों के बीच दहशत फैल गई। पत्र के अनुसार लखनऊ-रायबरेली व भिटौरा रोड के अंतर्गत आने वाली जमीन को सरकार ने ग्रीन जोन घोषित कर दिया है। शहर के विभिन्न इलाकों में यह पत्र दिन भर चर्चा का विषय बना रहा। लोग गुमनाम पत्र के बाबत जानकारी जुटाने में भी लगे रहे। सोमवार की सुबह शहर के लखनऊ-रायबरेली रोड, भिटौरा रोड सहित कई अन्य स्थानों पर बने मकान व दुकानों की दीवारों पर एक गुमनाम पोस्टर चस्पा नजर आया।

पोस्टर में लिखा गया है कि फ्तेहपुर वासियों के लिए बुरी खबर, लखनऊ बाईपास से रायबरेली रोड तथा भिटौरा रोड के अगल-बगल व आस-पास की जमीनों का अब नहीं होगा नक्शा पास, नहीं बन पायेगें मकान, क्योंकि सरकार ने यह जमीन ग्रीन जोन में घोषित कर दिया है। दीवारों में चस्पा इन पम्पलेटों को पढ़ने के बाद लोग सकते में आ गए। सोशल मीडिया समेत लोगों की जुबान पर पूरा दिन यही चर्चा रही कि अब क्या होगा। कोई कहता सुनाई दिया कि यह सब अफवाह है तो कोई अपने-अपने तर्कों से सोशल मीडिया पर इसे सही साबित करने में लगा रहा।बहरहाल जो भी हो लोगों के बीच इस पत्र की दहशत साफदिखाई दी। उधर जमीनों का कारोबार करने वाले लोगों के बीच भी यह पत्र दिन भर चर्चा में बना रहा। जमीन कारोबारी भी अपने-अपने सूत्रों से इस पत्र के बाबत जानकारी जुटाने में लगे रहे। हालांकि इस पत्र के बाबत किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। एडीएम ने जताई अनभिज्ञताः शहर के दीवारों पर चस्पा गुमनाम पम्पलेट के बाबत जब अपर जिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होने गुमनाम पत्र के बाबत अनभिज्ञता जताई। उनका कहना रहा कि यदि ऐसा कोई मामला है तो वह विनियमित क्षेत्र से ही जानकारी मिल सकती है। उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। उधर जब एसडीएम से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

# एक दशक बाद भी गरीबों का आशियाना नहीं बन पाई कांशीराम कॉलोनी

**- बसपा शासन काल में 360 कालोनियों के निर्माण की मिली थी स्वीकृति**
**- बसपा सुप्रीमो का ड्रीम प्रोजेक्ट थीं कांशीराम कॉलोनी**
**- 9 वर्ष से कालोनियां बन कर तैयार, पर नहीं हो रहा आवंटन**
**- आवास परिषद काम पूरा होने की तो नगर पालिका अधूरे कामों की दे रहा दुहाई**
**- सथरियांव की कांशीराम कॉलोनी की ओर जिम्मेंदारो ने भी नहीं किया रुख**
**- फिलहाल गरीबों को घर मिलने का सपना पूरे होने के आसार कम**

**फ्तेहपुर।** शहर क्षेत्र के सथरियांव में गरीबों के लिए बनाए जाने वाले घर अब तक उनके आशियाने नहीं बन सके हैं। वर्ष 2010 में बसपा शासनकाल में शुरू हुए निर्माण कार्य में पता नहीं नजर किसकी लगी कि बसपा के बाद सपा और अब भाजपा सरकार की विदाई की बेला है लेकिन 11 वर्षो में गरीबों के लिए बनाई जाने वाली कांशीराम कालोनियों का अब तक आवंटन नहीं किया जा सका है। हालात यह हैं कि गरीबों के रहने से पहले ही आवास जर्जर होने शुरू हो गए हैं। नगर पालिका व आवास विकास परिषद का एक-दूसरे के पाले में गेंद डालने की वजह से कांशीराम कॉलोनियों से जिले के अफसर भी मुंह मोड़े हुये हैं। बसपा शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के ड्रीम प्रोजेक्ट कांशीराम कॉलोनियों की शुरुआत हुई तो जिले में भी महर्षि विद्या मंदिर के समीप, गडरियन पुरवा एवं अस्ती में कालोनियों का निर्माण कराया गया। वर्ष 2010 में गरीबों को आशियाना देने के लिए शहर क्षेत्र के सथरियांव में 360 कालोनियों के लिए प्रोजेक्ट की स्वीकृति हुई। इन कालोनियों में दो कमरे, शौचालय, बाथरूम तथा किचेन का निर्माण किया जाना था और इसके लिए 09 करोड रुपए की धनराशि भी आवास परिषद को समय-समय पर मुहैया करा दी गई। गरीबों को घर देने के लिए बसपा सरकार के कार्यकाल में ही काम को करीब-करीब पूरा कर लिया गया। सथरियांव में 360 गरीबों को आशियाना देने के लिए कालोनियों का निर्माण किया गया और सड़क, बिजली, पानी की मूलभूत जरूरतों को भी पूरा कराने के इंतजाम किए जाने थे लेकिन मौजूदा समय में बिजली की व्यवस्था पूरी नहीं की जा सकी है। बिजली न होने के चलते जल निगम का काम भी अधूरा है।हद तो यह हो गयी है कि करीब 9 वर्ष से बनकर तैयार हुए गरीबों के आशियाने जर्जर होने शुरू हो गए हैं लेकिन जिन गरीबों के लिए यह घर बनाए गए थे उनके आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि 2012 में आई समाजवादी पार्टी की सरकार में इन आशियानों की ओर किसी ने रुख नहीं किया और 2017 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भी कांशीराम कॉलोनियों की ओर ध्यान नहीं दिया गया। मानो सरकारों के लिए कांशीराम कॉलोनी अछूत हो गई हों। इसी का नतीजा है कि 11 वर्ष के बाद भी जिन गरीबों को आशियाने दिए जाने के सपने दिखाए गए थे उनके सपने फिलहाल पूरे नहीं हो सके हैं। वहीं आवास परिषद काम पूरा होने की बात कर रहा है और नगर पालिका के जिम्मेंदार काम आधा-अधूरा होने की बात कर कालोनियों को अपने सुपुर्दगी में नहीं ले रहे हैं। आवास परिषद के अधिशाषी अभियंता का कहना है कि जितना काम उन्हें करना था वह उन्होंने पूरा कर दिया है हालांकि कॉलोनी नगर पालिका को हैंड ओवर न करने के पीछे की हकीकत को वह नहीं बता पा रहे हैं। नगर पालिका अधूरे काम का वास्ता दे रही है। मामला कहां फंसा है यह तो अधिकारी ही जाने लेकिन गरीबों को घर देने से पहले उनके जर्जर होने का सिलसिला शुरू है। जनपद स्तरीय अधिकारी भी सथरियांव स्थित कांशीराम कॉलोनी को लेकर संजीता नहीं है और कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि एक के बाद एक सरकारें जाती रहीं और गरीबों के घरों का सपना फिलहाल सपना ही बना हुआ है।

## एसवीएम में 03 दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू



फ्तेहपुर। हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद्र की जयंती पर मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फ्तेहपुर हॉकी संघ ने शहर के वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के प्रांगण में 03 दिवसीय खेल का भव्य आयोजन किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता फ्तेहपुर हॉकी संघ के सचिव लखन सिंह सेंगर ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रचारक अरुण, विभाग कार्यवाह ज्ञानेंद्र सिंह के अलावा विशिष्ट अतिथि शास्वत गर्ग, आदित्य सिंह चौहान, महेश सिंह व खिलाड़ी उपस्थित रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मंदिर ने हासिल किया। हॉकी प्रतियोगिता में फ्तेहपुर हॉकी विजय रही।

इस मौके पर आयुष गुप्ता, अमन पाल, धीरेन्द्र गोयल, अमित सिंह, प्रीतम लोधी, अमन सिंह आदि सभी खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### अवैध तरीके से भूमि की नाप कराए जाने की सीएम से शिकायत

**फ्तेहपुर।** हसवा विकास खण्ड की ग्राम पंचायत करनपुर मजरे रामपुर थरियांव के रमेश व चंद्रेश पुत्रगण स्व0 देशराज ने सीएम को शिकायती पत्र भेजकर भूमि की अवैध तरीके से नाप कराए जाने की शिकायत की है। सीएम को भेजे गए पत्र में दोनों भाईयों ने बताया कि उनकी एक किता भूमि स्थित हाईवे गाटा संख्या 5718 रामपुर थरियांव परगना हसवा के पश्चिम स्थित जुड़ा रकबा गाटा संख्या 5717 जो अचक है। उक्त दोनों गाटो में भवन निर्माण भी है जो आंशिक आबादी को दर्शाता है।

साथ ही गाटा संख्या 5718 भी दर्ज है। बताया कि गाटा संख्या 5717 के कास्तकार रजपाल पुत्र बद्री निवासी ग्राम भारतपुर ने कूटनीति के चलते वाद को अपने पक्ष में करा लिया। नक्शे में भी परिवर्तन कराकर वर्तमान राजस्व निरीक्षक तिलक दत्त मिश्रा के साथ मिलीभगत करके हमारे मृतक पिता को पार्टी बनाकर हदबंदी कराने की कोशिश की। जिसमें उन्होने वाद दाखिल कर खारिज कराया लेकिन पुनः रजपाल ने पत्थरगड़ी की नाप के लिए वाद दाखिल किया। जिसके तहत 29 अगस्त को पत्थरगड़ी की नाप होनी थी। जिसकी जानकारी व सम्मन हमको नहीं दिया बल्कि 28 अगस्त को बारह बजे राजस्व निरीक्षक ने मेरे पुत्र वरवन से डायरी में हस्ताक्षर कराकर कहा कि कल पत्थरगड़ी की नाप होगी।

पीड़ित पक्ष ने मांग किया कि अवैध नाप में सम्मिलित रजपाल व राजस्व निरीक्षक तिलक दत्त मिश्रा के कार्यो की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाए।

### हिंदू देवताओं का युवक ने बनाया अभद्र वीडियो, जांच जारी

**विजयीपुर, (फ्तेहपुर)।** क्षेत्र अंतर्गत हिंदू देवी देवताओं का अभद्र वीडियो बना सोशल मीडिया फेसबुक रील अकाउंट से वायरल होने पर हिंदू संगठनों में आक्रोश छाया हुआ है। ग्रामीण सहित क्षेत्रवासियों ने मामले की शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारियों से कर कार्यवाही की मांग की है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस मामले की छानबीन एवं जांच पड़ताल में जुटी है। किशनपुर थाना क्षेत्र के रायपुर भसरौल पंचायत के काशीपुर गांव निवासी धर्मवीर पुत्र कुंवारे रैदास की फेसबुक अकाउंट से हिंदू देवी देवताओं का अभद्र वीडियो वायरल होने पर हिंदू धर्म के अनुयाई लोगों ने कड़ी निंदा कर आक्रोश जताया है। साक्ष्य सहित मामले की शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारियों से की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मामले के बाबत थाना प्रभारी सत्यदेव गौतम ने बताया कि मामला और वीडियो संज्ञान में है। जांच की जा रही है। जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### छप्पर गिरने से घायल युवक की उपचार दौरान मौत

फ्तेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सचौली में पांच दिन पूर्व बारिश के दौरान अचानक छप्पर गिरने के कारण 42 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी घर पर इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि सचौली गांव निवासी तेजा का पुत्र शिवप्रसाद 25 अगस्त को अपने घर पर सो रहा था। तभी अचानक बारिश के कारण छप्पर उस पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया था। जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया था। तीन दिन बाद परिजन उसे लेकर घर आ गए और घर पर ही इलाज करा रहे थे। शनिवार की सुबह लगभग सात बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

# दंगा अंधा युद्ध है



– हृदयनारायण दीक्षित

दंगा अंधा युद्ध है। इसमें शत्रु का सही पता नहीं होता। आग लगाने, बम फोड़ने वाले नहीं जानते कि वे किसे मार रहे हैं? दंगा राष्ट्र राज्य के विरुद्ध हमले की कार्रवाई है। संभल दंगों की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में अन्य बातों के अलावा संभल के जनसांख्यिकीय चरित्र का भी उल्लेख किया गया है। जनसांख्यिकीय चरित्र में बदलाव से राष्ट्रजीवन के तमाम क्षेत्र प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1947 में संभल की आबादी 45 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 15 प्रतिशत ही रह गई है। साफ है कि इसी चरित्र के प्रभाव में हिन्दू पलायन के लिए विवश हुए हैं। मुस्लिम आबादी के आधार पर ही पाकिस्तान की मांग की गई थी। 1951 की जनगणना में हिन्दू 85 प्रतिशत थे और मुसलमान 10 प्रतिशत थे। सैयद शहाबुद्दीन के अनुसार सन 1991 में हिन्दू 81.5 प्रतिशत थे और मुस्लिम 12.6 प्रतिशत। यहां मुस्लिम आबादी का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा है। 2011 की जनगणना में हिन्दू 79.8 प्रतिशत थे मुस्लिम 14.2 प्रतिशत थे। तब से जनगणना नहीं हुई है, लेकिन मोटे तौर पर देश में अब 80.8 प्रतिशत हिन्दू होंगे और 16.3 प्रतिशत मुस्लिम होंगे। पड़ोसी देश पाकिस्तान में विभाजन के समय 24 प्रतिशत हिन्दू थे। अब 1.6 प्रतिशत हैं। बांग्लादेश बनने के समय हिन्दू आबादी 22 प्रतिशत थी अब 7 प्रतिशत है। संभल की भी यही स्थिति है। आबादी का असंतुलन राष्ट्रीय बेचैनी है। मुस्लिम आबादी नियंत्रण के आधुनिक तरीके नहीं अपनाते। मौलवी हिन्दुओं को बुतपरस्त बताकर आलोचना करते हैं। राष्ट्र का अस्तित्व नहीं मानते। राष्ट्र सर्वोपरिता की बात नहीं स्वीकार करते। संभल उदाहरण है। इसके अलावा जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हैं, वहां-वहां उनका जीवन दुखमय है। लगातार दहशत और हत्या की आशंका से अल्पसंख्यक हिन्दू डरे रहते हैं और पीड़ित होकर पलायन कर जाते हैं। यह विषय बहुत गंभीर है।


सरकारें अपना काम करती रहती हैं। सरकारी तंत्र की विवशता है कि वह घटना के बाद सक्रिय होता है। संभल के मामले में भी तुरंत कार्यवाही हुई। जांच समिति भी गठित की गई। लेकिन संभल में ही 75 वर्षों में 209 हिन्दू मारे गए। राष्ट्रीय राजनीति में ऐसे नाजुक प्रश्नों को भी सतही राजनीतिक बहस का मुद्दा बनाया जाता है। एक समय संभल में 68 तीर्थ स्थल थे और 19 विशेष प्रकार के पवित्र कुएं थे। इन पर धीरे-धीरे अवैध कब्जे होते रहे। इससे अर्थ निकलता है कि संभल के महत्वपूर्ण मंदिर गिरा दिए गए हैं। संभल के दंगों में ही मूर्तियां और मंदिर नहीं गिराए गए, उनकी यही प्रवृत्ति है। इस विचारधारा में मंदिरों और मूर्तियों को नष्ट करने योग्य माना जाता है। तालिबानियों ने बामियान में मूर्तियों को ढहाया था। भारत के कोने-कोने हजारों सुंदर मंदिर थे। सातवीं शताब्दी में मोहम्मद बिन कासिम से लेकर औरंगजेब तक मूर्ति तोड़ो अभियान चलता रहा था। आखिरकार मूर्तियों से उनका क्या झगड़ा है? समिति ने संभल के दंगों में भी एक वरिष्ठ राजनेता का उत्तेजित करने वाले भाषण का उल्लेख किया है। महात्मा गांधी हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व के समर्थक थे। गांधी जी ने मुसलमानों का दिल जीतने के लिए खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व किया था। खिलाफत घोर साम्प्रदायिक आंदोलन था। इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं था। खिलाफत आंदोलन के कारण भारत से बाहर थे। तमाम प्रयासों के बाद गांधी जी ने अंत में लिखा कि, 'हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रश्न पर मैं अपनी हार स्वीकार करता हूं।'

हिन्दू मुस्लिम एकता के कुछ समर्थक एक साझा आस्था के संघीय स्वरूप पर बल दे रहे थे, अर्थात् हिन्दू हजरत मोहम्मद और कुरान को सम्मान दें और मुसलमान राम, कृष्ण, शिव और गीता, वेद आदि आदि का सम्मान करें। हिन्दू मन के लिए यह काम आसान था। मुस्लिम के लिए दुष्कर। हिन्दू जीवन रचना में पूरे अस्तित्व को एक सत्ता माना गया है। फिर मजहब के आधार पर अलग मुल्क पाकिस्तान की मांग हुई। इस मांग के समर्थन में सीधी कार्रवाई की गई। लाखों हिन्दू मारे गए। पाकिस्तान बना। दोनों देश अपने-अपने देश को विकसित कर रहे थे। फिर पाकिस्तान से टूट कर बांग्लादेश बना। पाकिस्तान कृत्रिम राष्ट्र है। राष्ट्र मजहब से नहीं बनते। संभल उसी प्रवृत्ति का एक उदाहरण है। असली बात है भारत को कमजोर करने की इसी समूह की मुसलसल 'साजिश'। आखिरकार भारत विरोधी इस विचारधारा के साथ क्या सलूक किया जाए। रामजन्मभूमि के साक्ष्य एएसआई की खुदाई में मिले। इस विचारधारा और छद्म सेकुलरों ने रामजन्मभूमि के साक्ष्य को स्वीकार नहीं किया। फिर काशी का मसला आया। उन्होंने यहां भी खुदाई से उपलब्ध साक्ष्य का सम्मान नहीं किया गया। मथुरा का श्रीकृष्णजन्मभूमि मंदिर भी इसी श्रेणी में है। आश्चर्यजनक बात है कि जहां-जहां गहरी खुदाई होती है, वहां वहां गहराई में कोई मूर्ति, कोई उपासना स्थल, हिन्दुत्व के ऐसे ही प्रतीक मिल जाते हैं। उनको यह विचारधारा फलती फूलती रहती है। प्रत्येक राष्ट्रभक्त का कर्तव्य है कि वह इस विचारधारा का खुलकर प्रतिकार करे।

संभल की वास्तविकता व हिंसा ने हजारों लोगों को आहत व सावधान किया है। सब अपना अपना कर्तव्य पालन करें। हिन्दुओं का पलायन गंभीर चिन्ता का विषय है। हिन्दू जब किसी पुराने इलाके को छोड़कर जाते हैं, तो उनके मंदिर यहीं रह जाते हैं। कोई यों ही अपना घर नहीं छोड़ता। वह विषम परिस्थितियों का सामना करता है। जब सब तरफ से निराश हो जाता है, तभी अपना घर छोड़ता है। स्वाधीनता से लेकर अब तक संभल में 15 दंगे हुए हैं। हिन्दू समुदाय की जनसंख्या के घटने का यही कारण है। हर एक दंगा निर्दोषों की जान लेकर अगले दंगे की आशंका छोड़ जाता है। सरकारों के लिए परेशानी का कारण बनता है। कोई भी सरकार अपने यहां दंगा नहीं चाहती। योगी सरकार ने प्रत्येक स्तर पर सख्त कार्रवाई की है। दंगों में शामिल आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की है। पीड़ितों को सरकारी सहायता पहुंचाई गई है। विलुप्त हो चुके अनेक तीर्थ मंदिर और धर्मस्थलों को संवारने की कोशिश हो रही है।दंगाविहीन समाज बनाना प्रत्येक सामाजिक कार्यकर्ता, जागरूक नागरिक और सरकार का कर्तव्य है कि समाज प्रीतिपूर्ण बने। जनसंख्या में आए नकारात्मक बदलाव को ध्यान से देखना चाहिए, तभी इस रिपोर्ट का कोई सदुपयोग होगा। शुभ है कि तीन सदस्यों की जांच समिति ने तथ्यों को जुटाने में बड़ा परिश्रम किया है। इन तीन सदस्यों (सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति देवेंद्र नाथ अरोड़ा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त डीजीपी एके जैन और सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद) ने मिलकर जांच को प्रमाणिक बनाया है। 450 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में संभल में होने वाले दंगों की विवेचना है। पिछले वर्ष 23 नवंबर को संभल में हुई हिंसा पर समिति ने विचार किया। संभल अकेला नहीं है। देश के कोने-कोने अनेक संभल हैं। जांच समिति की कार्यवाही अनेक राज्यों में भी अनुकरणीय हो सकती है। समिति की रिपोर्ट पर व्यापक विमर्श होना चाहिए। इस विमर्श से दंगों के प्रेरक तत्वों व दंगाई विचारधारा की कार्यशैली को समझने में आसानी होगी।

दंगा अंधा युद्ध है। इसमें शत्रु का सही पता नहीं होता। आग लगाने, बम फोड़ने वाले नहीं जानते कि वे किसे मार रहे हैं? दंगा राष्ट्र राज्य के विरुद्ध हमले की कार्रवाई है। संभल दंगों की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में अन्य बातों के अलावा संभल के जनसांख्यिकीय चरित्र का भी उल्लेख किया गया है। जनसांख्यकीय चरित्र में बदलाव से राष्ट्रजीवन के तमाम क्षेत्र प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 1947 में संभल की आबादी 45 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 15 प्रतिशत ही रह गई है। साफ है कि इसी चरित्र के प्रभाव में हिन्दू पलायन के लिए विवश हुए हैं। मुस्लिम आबादी के आधार पर ही पाकिस्तान की मांग की गई थी। 1951 की जनगणना में हिन्दू 85 प्रतिशत थे और मुसलमान 10 प्रतिशत थे। सैयद शहाबुद्दीन के अनुसार सन 1991 में हिन्दू 81.5 प्रतिशत थे और मुस्लिम 12.6 प्रतिशत। यहां मुस्लिम आबादी का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा है। 2011 की जनगणना में हिन्दू 79.8 प्रतिशत थे मुस्लिम 14.2 प्रतिशत थे। तब से जनगणना नहीं हुई है, लेकिन मोटे तौर पर देश में अब 80.8 प्रतिशत हिन्दू होंगे और 16.3 प्रतिशत मुस्लिम होंगे। पड़ोसी देश पाकिस्तान में विभाजन के समय 24 प्रतिशत हिन्दू थे। अब 1.6 प्रतिशत हैं। बांग्लादेश बनने के समय हिन्दू आबादी 22 प्रतिशत थी अब 7 प्रतिशत है। संभल की भी यही स्थिति है। आबादी का असंतुलन राष्ट्रीय बेचैनी है। मुस्लिम आबादी नियंत्रण के आधुनिक तरीके नहीं अपनाते। मौलवी हिन्दुओं को बुतपरस्त बताकर आलोचना करते हैं। राष्ट्र का अस्तित्व नहीं मानते। राष्ट्र सर्वोपरिता की बात नहीं स्वीकार करते। संभल उदाहरण है। इसके अलावा जहां-जहां हिन्दू अल्पसंख्यक हैं, वहां-वहां उनका जीवन दुखमय है। लगातार दहशत और हत्या की आशंका से अल्पसंख्यक हिन्दू डरे रहते हैं और पीड़ित होकर पलायन कर जाते हैं। यह विषय बहुत गंभीर है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### जिहाद

तीनों एक ही बस्ती के रहने वाले थे। श्यामा के माता-पिता पहले ही मर चुके थे। उसको बुआ ने उसका पालन-पोषण किया था अब भी यह बुआ ही के साथ रहती थी। उसकी अभिलाषा थी कि खज़ांचन्द उसका दामाद हो, श्यामा सुख से रहे और उसे भी जीवन के अंतिम दिनों के लिए कुछ सहारा हो जाय; लेकिन श्याम्त धर्मदास पर रीझी हुई थी। उसे क्या खबर थी कि जिस व्यक्ति को यह पैरों में ठुकरा रही है, वही उसका एकमात्र अवलम्ब है। खज़ांचन्द ही वृद्धा का मुनीम, खजांची, कारिंदा सब कुछ था और यह जानते हुए भी कि श्यामा उसे जीवन में नहीं मिल सकती। उनके धन का यह उपयोग न होता, तो वह शायद अब तक उसे लुटा कर फकीर हो जाता। धर्मदास पानी लेकर लौट ही रहा था कि उसे पश्चिम की ओर से कई आदमी घोड़ों पर सवार आते दिखायी दिये। जरा और समीप आने पर मालूम हुआ कि कुल पांच आदमी हैं। उनकी बंदूक की नलियां धूप में साफ चमक रही थीं। धर्मदास पानी लिए हुए दौड़ा कि कहीं रास्ते ही में सवार उसे न पकड़ लें। लेकिन कंधे पर बंदूक और एक हाथ में लोटा-डोर लिए वह बहुत तेज न दौड़ सकता था। फासला दो सौ गज से कम न था। रास्ते में पत्थरों के ढेर टूटे-फूटे पड़े हुए थे। भय होता था कि कहीं ठोकर न लग जाय, कहीं पैर न फिसल जायें। इधर सवार प्रतिक्षण समीप होते जाते थे। अरबी घोड़ों से उसका मुकाबले ही क्या, उस पर मंजिलों का धावा हुआ। मुश्किल से पचास कदम गया होगा कि सवार उसके सिर पर आ पहुंचे और तुरंत उसे घेर लिया। धर्मदास बड़ा साहसी था; पर मृत्यु को सामने खड़ी देख कर उसकी आंखों में अंधेरा छा गया, उसके हाथ से बंदूक छूट कर गिर पड़ी। पांचों उसी के गांव के महसूदी पठान थे। एक पठान ने कहा-उड़ा दो सिर मरदूद का। दगाबाज काफिर। दूसरा-नहीं, नहीं, ठहरो अगर यह इस वक्त भी इस्लाम कबूल कर ले, तो हम इसे मुआफ कर सकते हैं। क्यों धर्मदास तुम्हें इस दगा की क्या सजा दी जाय? हमने तुम्हें रात-भर का वक्त फैसला करने के लिए दिया था। मगर तुम इसी वक्त जहन्नुम पहुंचा दिये जाओ; लेकिन हम तुम्हें फिर मौका देते हैं। यह आखिरी मौका है। अगर तुमने अब भी इस्लाम न कबूल किया, तो तुम्हें दिन की रोशनी देखनी नसीब न होगी।

क्रमशः...

# ट्रंप टैरिफ ने स्वदेशी का भाव जगा दिया



– डॉ. आशीष वशिष्ठ

हर व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी तरक्की पाने या आगे बढने का अवसर जरूर आता है। कुछ इसका पूरा फायदा उठाते हुए इतिहास के पन्नों पर तरक्की और कामयाबी के नये अध्याय लिखते हें। तो वहीं कुछ लोग उसे कठिनाई के रूप में देखते हुए उससे अपना पीछा छुड़ा लेते हैं। दरअसल, हम जिसे आपदा समझते हैं, उसमें भी एक अवसर छिपा रहता है। बुद्धिमान लोग ऐसे अवसरों को पहचान कर उससे मनचाहा लक्ष्य प्राप्त करते हैं। ऐसी आपदाएं किसी देश के जीवनकाल में भी आती हैं। अगर शासन की बागडोर समझदार, राष्टभक्त और दूरदर्शी नेता के हाथों में हो तो वो किसी भी आपदा को अवसर में बदल कर इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाता है। आज भारत के सामने ट्रंप टैरिफ की आपदा मुंह बाए खड़ी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसमें रूस से तेल खरीदने पर लगने वाला 25 फीसदी जुर्माना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ को लेकर की जा रही मनमानी के आगे भारत ने घुटने टेकने से साफ मना कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आपदा को अवसर की तरह देख रहे हैं। साथ ही भारत पूरी दुनिया को बता रहा है कि वह एक मजबूत देश है और दुनिया के तमाम देश उस पर भरोसा करते हैं। उसी क्रम में पीएम मोदी ने 29 अगस्त को जापान की धरती से बड़ा संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा है, 'अब पूरी दुनिया सिर्फ भारत को देख ही नहीं रही, बल्कि उस पर भरोसा भी कर रही है।' ट्रंप टैरिफ ने भारत के सामने नई चुनौती रखी है। वहीं तस्वीर का दूसरा रूख यह है कि ट्रंप टैरिफ भारत को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दिल्ली के लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'हमें आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। लेकिन हताशा में नहीं बल्कि खुद पर गर्व करते हुए. दुनिया भर में आर्थिक स्वार्थ बढ़ रहा है और हमें अपनी मुश्किलों का रोना नहीं रोना चाहिए। हमें इनसे ऊपर उठकर दूसरों के चंगुल से बचना होगा।' बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में सुजुकी मोटर्स के कार्यक्रम में स्वदेशी की पुरजोर वकालत और उसकी नई व्याख्या से लोगों को चौंका दिया है। उन्होंने कहा, 'पैसा किसका लगता है...वो डॉलर है, पाउंड है, वो करंसी काली है, गोरी है, मुझे कोई लेना-देना नहीं है। पैसा किसी का, पसीना हमारा। पैसा कहीं से आए, पसीना यहां का लगे।' जहां तक आत्मनिर्भरता की बात है तो तमाम प्रधानमंत्री उसका जिक्र करते रहे हैं। लालबहादुर शास्त्री ने तो अमेरिकी कानून पीएल 480 के तहत आने वाले गेहूं का आयात बंद कर दिया था क्योंकि अमेरिका इससे भारत की विदेश नीति प्रभावित करने की कोशिश में था। अमेरिकी गेहूं का आयात बंद होने से ही हरित क्रांति का रास्ता खुला और देश अनाज के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सका। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी स्वावलंबन के इस नारे को आगे बढ़ाया। लेकिन स्वदेशी को आंदोलन बनाने की घोषणा किसी ने नहीं की। वे बदलती दुनिया के साथ कदमताल को जरूरी मानते थे। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिशें अब भी जारी हैं। लेकिन इसमें सबसे बड़ा रोड़ा भारत की विदेश नीति को पूरी तरह बदलने की ट्रंप की जिद है। कृषि क्षेत्र को ज्यादा से ज्यादा खोलने जैसे मुद्दे भी रुकावट बने हुए हैं। अमेरिका सिर्फ व्यापार नहीं करना चाहता, वह एक ऐसा पार्टनर चाहता है जो उसके सहायक की भूमिका में हो। वह चाहता है कि भारत, रूस या दुनिया के बाकी देशों से व्यापार ही नहीं सामरिक संबंध भी उसकी मर्जी के हिसाब से तय करे। जाहिर है कि भारत, पाकिस्तान की तरह उसका पिछ्लग्गू नहीं बन सकता। ऐसे में अपने फैसले खुद लेने की आजादी और राष्ट्रीय गौरव बरकरार रखने की सोचते समय स्वाधीनता संग्राम को याद करना और स्वदेशी का ध्यान आना स्वाभाविक ही है।

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**अर्थनाशं मनस्तापं गृहिणी चरितानि च।**
**नीचवाक्यं चापमानं मतिमात्र प्रकाशयेत्।।**

बुद्धिमान् व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने धन के नष्ट होने की, मानसिक सन्तान की, पत्नी की दुश्चारित्रता की, किसी नीच व्यक्ति द्वारा व्यंग्य-प्रहार की तथा अपने अपमान की चर्चा किसी से भी न करे। इन बातों को प्रकाशित करने से व्यक्ति निन्दा का पात्र बनता है और लोग उसे तिरस्कार की दृष्टि से देखने लगते हैं।

✦✦✦

**धनधान्यप्रयोगेषु विद्यासंग्रहणेष ।**
**आहारे व्यवहारे च त्यक्तलज्जः सुखी भवेत्।।**

धन-धान्य के लेन-देन में, विद्या के संग्रह में, खाने-पीने में तथा हिसाब-किताब में लज्जा व संकोच न करने वाले व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं।

✦✦✦

**सन्तोषामृततृप्तानां यत्सुखं शान्तचेतसाम्।**
**कुतस्तद्धनलुब्धानामितश्चेतश्च धावताम्।।**

सन्तोषरूपी अमृत को पीकर तृप्त हुए, शान्त चित्त व्यक्तियों को जिस दिव्य सुख की प्राप्ति होती है, धन के लोभ में इधर-उधर भागते-फिरते व्याकुल चित्त व्यक्तियों के भाग्य में वह सुख कहां?

✦✦✦

## ।। अमृत कलश।।

### देशी हो तो विदेशी भाषा क्यों?

बात उन दिनों की है जब महात्मा गांधी दिल्ली की हरिजन बस्ती में रुके हुए थे। वह एक कमरे में अपना कार्य कर रहे थे कि उनके कानों में लड़के-लड़की की फुसफुसाहट पड़ी, जो अंग्रेजी में वार्तालाप कर रहे थे। गांधीजी बाहर निकले और अपने पास बुलाकर पूछा, तुम लोग कौन हो?

वह दोनों हड़बड़ा गए, क्योंकि गांधीजी उन्हें भलीभांति जानते थे। वह बोले, बापू हम लोग भाई-बहन हैं।

कहां के रहनेवाले हो? बापू ने पूछा-

हम लोग पंजाब के रहनेवाले हैं। जवाब मिला।

बापू बोले, जब तुम लोग हिंदी-पंजाबी भाषाएं जानते हो तो अंग्रजी बोलकर क्यों अपनी भाषाओं पर अत्याचार कर रहे हो? मैं अंग्रेजी भाषा को बुरा नहीं मानता, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि हम लोग अपनी मातृभाषा व राष्ट्रभाषा का निरादर करने लगें।

गांधीजी की फटकार सुन दोनों लज्जा के मारे गड़ गए और उन्होंने बापू से क्षमा याचना की।



## काँव-काँव



✦✦✦

**रूस के राष्ट्रपति पुतिन दिसंबर में भारत आएंगे**
टैरिफ 'बहादुर' ट्रंप को लगेगा एक और झटका!

**आपसी ताकत का लाभ उठायेंगे भारत-जापान**
वैसे परंपरा कमजोरियों से लाभ उठाने की है!

**कृषि क्षेत्र में अच्छी आमद से जीडीपी में उछाल**
किसान घाटे में है, आढ़तिये शेयर बाजार में हैं!

**इक्कीस बार सुनवाई टलने से खफ़ा सुप्रीम कोर्ट**
कितने तो मर जाते हैं सुनवाई का इंतजार करते!

**उत्तर प्रदेश से भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र-योगी**
बाकी राज्य तो बस यूं ही खुशफहमी में रहते हैं!

**संभल बना लव जिहाद की 'लैब'**
मुरव्वत मिली रहे तो साजिशें परवान चढ़ती ही हैं।

**बढ़ते साइबर अपराधों पर जनजागरूकता जरूरी**
अभी साइबर अपराधी सबसे ज्यादा जागरूक!

**पीएम पर अभद्र टिप्पणी देश का अपमान-योगी**
भाजपा बिहार चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी!

✦✦✦

# महिलाओं को धारण करना होगा 'दुर्गा' का स्वरूप



– निशिकांत ठाकुर

आज आदर के तमाम केंद्र पर राजनीतिक लोग ही काबिज हो गए हैं। जबतक राजनीतिज्ञों को आदर के केंद्रों से उतारकर जमीन पर खड़ा नहीं किया जाएगा, तब तक भारत में ईमानदारी की कोई गुंजाइश नहीं बन सकती है। देश में तमाम टीवी और अखबार हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश के मालिकान राजनीतिज्ञ हैं। स्वाभाविक रूप से ऐसे में अखबार में खबरें छपती हैं तो राजनीतिज्ञों की, चर्चाएं होती हैं तो राजनीतिज्ञों की, रेडियो पर तो हम वर्षों से रटा–रटाया 'मन की बात' सुन ही रहे हैं। टीवी पर खबरों से लेकर डिबेट तक के केंद्र में होते हैं राजनीतिज्ञ, यानी सब तरफ राजनीतिज्ञ छाए हुए हैं। अगर मंदिर से लेकर पुल–पुलिया–हाईवे तक का उद्घाटन करना है, तो मिनिस्टर, प्रधानमंत्री ही करेंगे। अगर समाज के चारों ओर छाने के लिए हमने राजनीतिज्ञों को खुला छोड़ दिया, तो यह पक्का समझिए कि इस देश में ईमानदारी के तमाम रास्ते आपने अपने लिए बंद कर लिए; क्योंकि राजनीति सबसे चतुर–चालाक ही नहीं, बल्कि एक धूर्त धंधा भी है। समाज की कई विषम परिस्थितियां होती हैं, जिनकी चर्चा हमें यदाकदा ही देखने-पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। इन सारी समस्याओं की गहराई में जाकर देखें तो समाज के पुरुषों ने अपना आडंबर इतना बड़ा कर लिया है कि वह किसी भी तरह से किसी को भी अपने से बड़ा मानने के लिए तैयार ही नहीं है। कहा जाता है कि समाज में स्त्री-पुरुष को बराबरी का दर्जा दिया गया है, पर क्या यह सच है?

स्त्री ने ही इस धरती पर हर एक बालक-बालिका को अपनी कोख में नौ महीने रखकर जन्म दिया है। उसी से सृष्टि आगे बढ़ती रही है, लेकिन आज वही अपने ही देश में उपेक्षित है। यदि वह तरक्की करके ऊंचाई पर पहुंचती है, तो इसमें किसी का कोई उतना योगदान नहीं होता, बल्कि इसके लिए उनके गुण, उनकी योग्यता का योगदान होता है जिसके दम पर वह बुलंदियों को हासिल करती है। इसमें सच में समाज और सरकार का किसी प्रकार का कोई योगदान नहीं होता है। हां, परिवार उसके पीछे अवश्य खड़ा होता है। जब वह अपनी ख्याति ईश्वर प्रदत्त निजी बल पर बढ़ा लेती है, फिर उसे आगे बढ़ाने में समाज उसकी परवाह करने लगता है। अन्यथा आप देश में अपने समक्ष पाएंगे कि अमुक स्थान पर वह महिला प्रताड़ित की गई है। यह सारा कृत्य समाज के पुरुषों द्वारा ही किए जाते रहे हैं। वही स्त्री, जो पुरुषों को जन्म देती है, जन्म का पहला आहार देती है, छोटे शिशु को सीने से चिपकाए रखकर उसे सुरक्षित रखती है बड़ा होकर वहीं बच्चा किसी स्त्री के साथ ऐसा कृतघ्न कैसे हो जाता है? इन मुद्दों पर कभी-कभी समाज में बहस भी होती है, समाज इसका हल ढूंढ भी लेता है, लेकिन जहां कुछ पुरुषों में स्त्रियों के प्रति दुराग्रह होता है, वहीं वह समय की तलाश में रहता है कि कब उसे मौका मिले, ताकि वह अपनी दरिंदगी उसे दिखा सके। आप यह कभी नहीं सोचते कि सभी कभी किसी न किसी मां के गर्भ में भी पले होंगे, वहीं मां ने आपको मानव का स्वरूप दिया और फिर आपने अपनी दरिंदगी से किसी के जीवन को जन्मभर के लिए अभिशप्त कर दिया।

विश्व में कई वैज्ञानिक संस्थानों द्वारा इन मुद्दों पर लगातार अध्ययन और शोध करता आया है। यदि अध्ययन और शोध पर विशेष ध्यान दिया जाए तो हाल ही में एक अध्ययन में चौंकाने वाली बात सामने आई है कि एक मां अपने गर्भधारण करने के वक्त से ही गर्भस्थ शिशु के प्रति कितना जागरूक और चौकन्ना रहती है, कितनी सजग रहती है। अमेरिका के बक इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन एजिंग के द्वारा किए गए एक शोध में शोधकर्ताओं ने पाया और यह दावा किया कि देर से प्रजनन और प्रसव का आनुवांशिक रूप से लंबी उम्र, कमजोर, धीमी एपीजेनेटिक उम्र बढ़ने से उम्र से संबंधित बीमारियां जैसे टाइप–2 डायबिटिक और अल्जाइमर्स के जोखिमों के कम करने से संबंध है। उम्र 21 से पहले गर्भ धारण करने वाली युवतियों में टाइप–2 डायबिटिक, मोटापा हार्ट फेल्योर और मोटापे का जोखिम दुगुना होता है। साथ ही गंभीर मेटाबॉलिज्म विकारों का जोखिम चार गुणा बढ़ जाता है। एक दूसरा शोध जो जर्मनी के हनोवर मेडिकल स्कूल की टीम द्वारा किया गया, उसमें जीनोस मैन में पांच स्थानों की खोज की गई, जो एण्डोमेट्रियल कैंसर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसी के साथ जनरल ई– बायो मेडिसिन में प्रकाशित निष्कर्षों ने एण्डोमेट्रियल कैंसर के लिए ज्ञात आनुवंशिक जोखिम कारकों की संख्या को 16 से बढ़ाकर 21 कर दिया है। इस शोध में गर्भाशय कैंसर के नए कारकों का पता चला है। ये रिस्क डीएनए में पाए गए हैं, जो ट्यूमर को बढ़ाने का काम करते हैं साथ ही गर्भाशय की लाइनिंग में मौजूद रहते हैं। कोई भी जन्मदात्री भविष्य की खुशी के लिए इन तमाम पीड़ाओं को हंसकर सह और झेल लेती है, लेकिन यही शिशु बड़ा होकर एक से एक बड़ा गुनाह कर बैठता है जिसका उदाहरण हम तरह-तरह की घटनाओं को देखते और सुनते-पढ़ते रहते हैं। पुरुष द्वारा किए गए ऐसे दुर्दांत अपराध केवल आज ही हुआ हो या होता हो, ऐसा नहीं है, बल्कि पुरुषों के अत्याचार से महिलाएं अनादिकाल से ही जूझती रही हैं, जबकि वही देश–विश्व की निर्मात्री होती है। अब प्रश्न सबसे बड़ा आज भी वहीं का वहीं खड़ा है कि आखिर इन सारी समस्याओं की रोकथाम के लिए समाज क्या करे?



पुलिस और सरकार क्या करे? इस तरह का कृत्य किसी खास जाति या वर्ण में ही होता हो, ऐसा नहीं है, बल्कि इस घृणित समस्या से तो हर वर्ग, हर समुदाय पीड़ित रहा है और आज भी है। किसी झोपड़ी में जाएं तो ऐसी ही स्थिति वहां भी है और जो तथाकथित सभ्य–शिक्षित और सुसंस्कृत समाज है, वह भी इसी समस्या से जूझ रहा है। आज भी लड़कियां शाम-रात में अकेले निकल जाएं तो परिवार में किसी अनहोनी को लेकर सभी चिंतित रहते हैं। यह चाहे शहर हो या सुदूर ग्रामीण परिवेश, पूरे देश में एकसमान समस्या है। सरकार ने तो इसके लिए कानून बना दिया है, लेकिन वह इतना दुरूह होता है कि पीड़िता कहीं कहीं तो किसी को बिना बताए इस तरह के अत्याचारों को सहती रहती है और अपनी बदनामी, समाज की उपेक्षा के कारण इन अत्याचारों को बर्दाश्त करती रहती है। यहां कोई भी इस गुनाहों को बंद करने में अपना योगदान देने में खुद को इतना साहसी नहीं बताया है। फिर आखिर घूमकर बात वहीं रुक जाती है कि इन बुराइयों के निपटान के लिए संविधान ने तो कानून बना दिया, लेकिन जिसके जिम्मे इस तरह के अपराध को रोकने का अधिकार दिया है, वे लगभग निष्क्रिय होते है और अपराध करने वाला अपने धनबल से, अपनी ऊपरी राजनीतिक पहुंच से छुटकर बच निकलता है। इन सभी समस्याओं में सबसे बड़ी समस्या तो महिलाओं के साथ इसलिए भी होती है, क्योंकि वह किसी अन्य परिवार से ब्याहकर दूसरी नई जगह पर आती है, लेकिन जिसका पुरुष पति ही उसका सबसे बड़ा संरक्षक होता है, वह भी परिवार के लिए साथ छोड़ जाता है और महिला आग की भेंट चढ़ जाती है। सामाजिक अत्याचार से बचकर आई तो घरेलू अत्याचार ने उसकी खुशियों और उसकी जिंदगी को सदा के लिए खत्म कर दिया। वैसे, जैसा कि पहले कहा गया है कि राजनीतिज्ञों ने अपने को समाज का अगुआ समझकर हर जगह आगे हो जाते हैं, वहीं इस तरह की बुराइयों को समाज से दूर करने के लिए कभी पुरजोर विरोध नहीं जताया गया है। इसके लिए हमारे नेता तो जिम्मेदार तो हैं ही, समाज भी अपनी इन बुराइयों को दूर करने में सक्षम नहीं हो पाता, क्योंकि सभी परिवारों की समान समस्या है जिसके समाधान के लिए महिलाओं को स्वयं आगे आना होगा, अन्यथा पुरुष अपने बल से सदैव महिलाओं को प्रताड़ित करता रहेगा और समाज और ऐसे पुरुष अपने आतंक के बल पर हमारी जन्मदात्री के साथ दुराचार करते रहेंगे। इसलिए ऐसे अपराधियों, दुराचारियों को रानी झांसी लक्ष्मीबाई बनकर सबक सिखाओ।

# आखिरी बार श्रीकृष्ण ने किस के लिए बजाई थी बांसुरी

बांसुरी भगवान कृष्ण की प्रेममयी और करुणामयी भावनाओं का प्रतीक है। जब कृष्ण बांसुरी बजाते थे, तो गोपियों और ग्वाल-बालों के हृदय प्रेम और भक्ति से भर जाते थे। बांसुरी की मधुर ध्वनि उनके अलौकिक प्रेम का संदेश देती है। हालांकि एक वक्त ऐसा भी आया था जब भगवान श्री कृष्ण ने अपनी प्रिय बांसुरी तो तोड़ दिया था और इसके बाद कभी उसे हाथ नहीं लगाया। चलिए जानते हैं इस मार्मिक कथा के बारे में

**श्रीकृष्ण ने की थी रूकमनी से शादी**

प्रचलित कहानी के मुताबिक कंस वध के बाद श्रीकृष्ण द्वारका बस गए और रूकमनी से शादी कर ली। उन्होंने अपने पति धर्म को बखूबी निभाया लेकिन उनके मन में हमेशा राधा का ही वास रहा। सारे कर्तव्यों से मुक्त होने के बाद राधा आखिरी बार अपने प्रियतम कृष्ण से मिलने गई। जब वह द्वारका पहुंचीं तो उन्होंने कृष्ण की रुक्मिनी और सत्यभामा से विवाह के बारे में सुना लेकिन वह दुखी नहीं हुई।

**कृष्ण के महल में रहती थी राधा**

जब कृष्ण ने राधा को देखा तो बहुत प्रसन्न हुए। राधा जी को कान्हा की नगरी द्वारिका में कोई नहीं पहचानता था। राधा के अनुरोध पर कृष्ण ने उन्हें महल में एक देविका के रूप में नियुक्त किया। राधा दिन भर महल में रहती थीं और महल से जुड़े कार्य देखती थीं। मौका मिलते ही वह कृष्ण के दर्शन कर लेती थीं, लेकिन महल में राधा ने श्रीकृष्ण के साथ पहले की तरह का आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस नहीं कर पा रही थीं इसलिए राधा ने महल से दूर जाना तय किया।

**राधा ने आखिरी बार बांसुरी बजाने की जताई थी इच्छा**

धीरे-धीरे समय बीता और राधा बिलकुल अकेली और कमजोर हो गई। उस वक्त उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की आवश्यकता पड़ी। आखिरी समय में भगवान श्रीकृष्ण उनके सामने आ गए। आखिरी मिलन पर श्रीकृष्ण ने राधा से कुछ मांगने के लिए कहा। तब राधा ने उनसे आखिरी बार बांसुरी बजाने की इच्छा जताई। श्रीकृष्ण की बांसुरी की सुरीली धुन सुनते-सुनते ही राधा ने अपना शरीर त्याग दिया।

**राधा का वियोग सह नही पाए कृष्णा**

कान्हा राधा के आध्यात्मिक रूप और कृष्ण में विलिन होने तक बांसुरी बजाते रहे। भगवान राधा-श्रीकृष्ण का प्रेम अमर है लेकिन फिर भी श्रीकृष्ण राधा का वियोग सह ना पाए और उन्होंने प्रेम के प्रतीक बांसुरी को तोड़कर फेंक दिया। इसके बाद उन्होंने बांसुरी या कोई भी वादक यंत्र नहीं बजाया।



**माया का प्रतीक है बांसुरी**

कृष्ण की बांसुरी माया (भ्रम) का प्रतीक है। जब कृष्ण बांसुरी बजाते थे, तो सभी गोपियां और गोप बालक उनके प्रति मोहित हो जाते थे और संसारिक बंधनों को भूल जाते थे। यह माया के प्रभाव को दर्शाता है कि कैसे कृष्ण ने अपने भक्तों को अपनी ओर आकर्षित किया। बांसुरी भगवान कृष्ण और उनके भक्तों के बीच संवाद का एक माध्यम भी थी। बांसुरी की ध्वनि उनके प्रेम और आशीर्वाद का संदेश देती है, जो भक्तों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करती है।

# क्या आपको भी है बार-बार भूलने की आदत?

## दिमाग तेज करने के लिए डाइट में शामिल करें चार सुपरफूड्स

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में, तनाव, नींद की कमी और गलत खानपान के कारण बार-बार भूलने की आदत एक आम समस्या बन गई है। यह समस्या सिर्फ अधिक उम्र के लोगों में ही नहीं, बल्कि युवाओं में भी देखने को मिल रही है। अगर आप भी छोटी-छोटी बातें भूल जाते हैं, जैसे चाबियां कहां रखी हैं या कोई महत्वपूर्ण तारीख, तो यह आपके लिए एक चेतावनी हो सकती है। दिमाग को तेज करने और याददाश्त को बेहतर बनाने में आहार अहम भूमिका निभाती है। कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ होते हैं जिनका सेवन करने से आपका दिमाग स्वस्थ और सक्रिय रहता है, क्योंकि इसमें मौजूद पोषक तत्व मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इन सुपरफूड्स को अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप अपनी याददाश्त को मजबूत बना सकते हैं। इतना ही नहीं आप अपनी ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ा सकते हैं और मानसिक थकान को भी कम कर सकते हैं। आइए इस लेख में ऐसे ही चार खाद्य पदार्थ के बारे में जानते हैं।

**अखरोट-** अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड दिमाग की कोशिकाओं के निर्माण और कार्यप्रणाली के लिए बहुत जरूरी होता है। यह याददाश्त को सुधारता है और अल्जाइमर जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है।



**बादाम-** बादाम को सदियों से दिमाग के लिए एक बेहतरीन सुपर फूड माना जाता रहा है। बादाम में विटामिन ई, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। विटामिन ई दिमाग की कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाता है, जिससे दिमाग की कार्यक्षमता बेहतर होती है। रोज सुबह भीगे हुए बादाम खाने से याददाश्त और सीखने की क्षमता में सुधार होता है।

**कद्दू के बीज-** कद्दू के छोटे-छोटे बीज दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें मैग्नीशियम, जिंक, कॉपर और आयरन जैसे महत्वपूर्ण खनिज होते हैं। ये सभी पोषक तत्व दिमाग के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी होते हैं। जिंक याददाश्त और सोचने की क्षमता को बेहतर बनाता है, जबकि मैग्नीशियम दिमाग की कोशिकाओं के बीच संचार को सुधारता है।

**डार्क चॉकलेट-** डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉयड्स और कैफीन होते हैं। ये दोनों ही दिमाग में रक्त के प्रवाह को बढ़ाते हैं, जिससे दिमाग अधिक सक्रिय रहता है। हालांकि, डार्क चॉकलेट का सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए, क्योंकि इसमें कैलोरी भी होती है। इन सब के साथ अपने फोकस और याददाश्त को सक्रिय रखने के लिए संतुलित आहार और रोज व्यायाम को भी प्राथमिकता दें।

# खुल गए भाग्य हमारे, गजानन घर पधारे

गणपति के 20 शक्तिशाली मंत्र--


1. गणाध्यक्षाय नमः 2. विघ्नराजाय नमः
3. एकदंताय नमः 4. विघ्नेश्वराय नमः
5. गजाननाय नमः 6. लम्बोदराय नमः
7. विघ्ननाशिने नमः 8. सुमुखाय नमः
9. सिद्धिविनायकाय नमः 10. धूम्रवर्णाय नमः
11. भालचन्द्राय नमः 12. गजमुखाय नमः
13. सर्वसिद्धिप्रदाय नमः 14. वक्रतुंडाय नमः
15. हेरम्बाय नमः 16. विनायकाय नमः
17. मूषकवाहनाय नमः 18. मंगलमूर्ति नमः
19. गजकर्णकाय नमः
20. वरदाय नमः



**वास्तु टिप्स**

# इन जीवों को भोजन कराने से दूर होते हैं शनि और राहु दोष

*वास्तु शास्त्र के अनुसार, जीवों को भोजन कराना न केवल धर्म और पुण्य का कार्य है, बल्कि यह हमारे जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता लाने में भी मदद करता है। कुत्ता, गाय, मछली और कौआ को खाना खिलाने का विशेष महत्व है।* आइए जानते हैं कि इन चार जीवों को भोजन कराने से क्या लाभ होते हैं।



**कुत्ते को खाना खिलाने के फायदे :** कुत्ते को भोजन कराने से राहु और केतु ग्रहों की शांति होती है। यह न केवल हमारे घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है, बल्कि शनि दोष और पितृ दोष को भी कम करने में मदद करता है। कुत्ते को रोटी या दूध खिलाना शुभ माना जाता है और यह धन-संपत्ति में वृद्धि के संकेत देता है।

**गाय को भोजन कराने के फायदे**

गाय को हिंदू धर्म में माता का दर्जा दिया गया है। गाय को रोटी, गुड़ या हरा चारा खिलाने से घर में लक्ष्मी का वास होता है। यह जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाता है। साथ ही, गौ सेवा से हमारे कुंडली में गुरु और चंद्र ग्रह मजबूत होते हैं।

**मछलियों को खाना खिलाने के फायदे :** मछलियों को आटे की गोलियां बनाकर खिलाना बेहद शुभ माना जाता है। यह कार्य जल तत्व को संतुलित करता है और कुंडली के ग्रह दोषों को शांत करता है। मछलियों को खिलाने से मन शांत रहता है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर होती हैं।

**कौआ को भोजन कराने के फायदे :** कौआ को खाना खिलाने का सीधा संबंध पितृ दोष और शनि दोष से होता है। कौआ हमारे पितरों का प्रतीक माना जाता है। इसलिए इसे भोजन कराने से पितरों की कृपा प्राप्त होती है। कौए को रोटी या चावल खिलाना घर में सुख-शांति और संतोष लाने का एक माध्यम है।

**अन्य फायदे :** इन जीवों को भोजन कराना हमारे भीतर दया और करुणा के भाव को बढ़ावा देता है। यह कार्य सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है और हमारी किस्मत को सुधारने में मदद करता है।

जीवन में आने वाली बाधाओं और परेशानियों को कम करने में यह सहायता करता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, कुत्ता, गाय, मछली और कौआ जैसे जीवों को खाना खिलाना न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाने में भी सहायक है। इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाकर आप न केवल दूसरों की मदद करेंगे, बल्कि अपनी समस्याओं का भी समाधान पाएंगे।



# रात को लगाएं नीम फेस पैक पाएं बेदाग और निखरी त्वचा

अगर आप बार-बार एक्ने, पिंपल और डार्क स्पॉट्स से परेशान हैं, तो इस घरेलू उपाय को जरूर आजमाएं। महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स में मौजूद केमिकल आपकी त्वचा को फायदा पहुंचाने के बजाय नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में घर पर बना नीम फेस पैक आपकी त्वचा को गहराई से साफ करके उसे निखारने में मदद कर सकता है।

**एक्ने और पिंपल की समस्या क्यों होती है?**

आजकल की खराब लाइफस्टाइल, अनहेल्दी डाइट और प्रदूषण के कारण त्वचा से जुड़ी समस्याएं जैसे एक्ने, पिंपल और दाग-धब्बे आम हो गए हैं। लेकिन इन समस्याओं को दूर करने के लिए नीम का फेस पैक बेहद असरदार है। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो त्वचा को साफ करके एक्ने को ठीक करने में मदद करते हैं।

सामग्री : नीम पाउडर - 1 चम्मच (घर पर नीम की पत्तियों को सुखाकर पीस सकते हैं), दही - 2 चम्मच, मुल्तानी मिट्टी - 1 चम्मच, कॉफी पाउडर - 1/2 चम्मच, गुलाब जल - आवश्यकता अनुसार।


नीम फेस पैक बनाने का तरीका

एक साफ कटोरी में 1 चम्मच नीम पाउडर डालें। इसमें 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी, 1/2 चम्मच कॉफी पाउडर और 2 चम्मच दही डालें। अगर मिश्रण गाढ़ा लगे, तो उसमें अपनी जरूरत अनुसार गुलाब जल डालें। इन सभी सामग्रियों को अच्छी तरह मिलाएं, ताकि एक स्मूथ पेस्ट तैयार हो जाए।

ऐसे लगाएं नीम फेस पैक : तैयार पेस्ट को साफ चेहरे पर समान रूप से लगाएं। इसे 10-15 मिनट तक सूखने दें। सूखने के बाद चेहरे को नॉर्मल टेम्परेचर वाले पानी से धो लें। हफ्ते में 2 बार इसका इस्तेमाल करें, जल्द ही आपको फर्क दिखने लगेगा।

नीम फेस पैक के फायदे : त्वचा से अतिरिक्त तेल को हटाकर पिंपल्स की समस्या को कम करता है। एक्ने के दाग-धब्बों को हल्का करता है और त्वचा को चमकदार बनाता है। त्वचा को गहराई से साफ करता है और डेड स्किन हटाने में मदद करता है। नीम के एंटीबैक्टीरियल गुण इंफेक्शन को रोकते हैं। मुल्तानी मिट्टी और दही त्वचा को ठंडक देते हैं और नमी बनाए रखते हैं।

ध्यान देने योग्य बातें : नीम फेस पैक लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। बहुत ज्यादा सूखी त्वचा वाले लोग इसमें थोड़ा सा शहद मिला सकते हैं। नियमित उपयोग से ही असर दिखेगा, इसलिए धैर्य रखें। तो, अब नीम फेस पैक को अपनी स्किन केयर रूटीन में शामिल करें और पाएं बेदाग और निखरी त्वचा।



# दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर, जहां दर्शन के बिना यात्रा अधूरी है

*दक्षिण भारत अपने भव्य मंदिरों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। अगर आप साउथ इंडिया घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इन पांच मंदिरों के दर्शन जरूर करें। ये न केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं, बल्कि अपनी खूबसूरती और इतिहास के कारण भी प्रसिद्ध हैं।*

**तिरुपति तिरुमला मंदिर (आंध्र प्रदेश)**

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित तिरुपति तिरुमला मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। यह भारत के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है। भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने हर साल लाखों भक्त यहां आते हैं। यह मंदिर सात पहाड़ियों के बीच स्थित है और इसकी वास्तुकला मनमोहक है। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। विदेशों से भी लोग इस मंदिर की भव्यता और धार्मिकता को अनुभव करने आते हैं।

**सबरीमाला मंदिर (केरल)**

केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में भगवान अय्यप्पा विराजमान हैं। यह तीर्थस्थल हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है। यह मंदिर घने जंगलों और खूबसूरत पहाड़ियों के बीच स्थित है। सबरीमाला की यात्रा कठिन होती है, लेकिन यह भक्तों को आध्यात्मिक संतोष प्रदान करती है। भगवान अय्यप्पा के भक्त 41 दिनों का व्रत रखकर यहां दर्शन करने आते हैं। यहां का प्राकृतिक नजारा और शांत वातावरण किसी को भी मंत्रमुग्ध कर देता है।

**मदुरै मीनाक्षी अम्मन मंदिर (तमिलनाडु)**

तमिलनाडु के मदुरै शहर में स्थित मीनाक्षी अम्मन मंदिर देवी मीनाक्षी और भगवान शिव को समर्पित है।यह दक्षिण भारत के सबसे बड़े और प्राचीन मंदिरों में से एक है। मंदिर की गगनचुंबी गोपुरम और सुंदर नक्काशी इसकी पहचान है। यह मंदिर हिंदू शादियों और विशेष पूजा के लिए प्रसिद्ध है। इसकी भव्यता और रंग-बिरंगी वास्तुकला पर्यटकों को भी आकर्षित करती है।

**रामेश्वरम मंदिर (तमिलनाडु)**

रामेश्वरम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर राम सेतु के पास स्थित है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान राम ने लंका जाने से पहले यहां शिवलिंग की स्थापना की थी। मंदिर का विशाल गलियारा और समुद्र किनारे का नजारा अद्वितीय है। यहां स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है। यहां की यात्रा धार्मिक और ऐतिहासिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण मानी जाती है।

**विरुपाक्ष मंदिर (कर्नाटक)**

कर्नाटक के हम्पी में स्थित विरुपाक्ष मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह विजयनगर साम्राज्य के समय का एक प्रमुख धार्मिक केंद्र था। मंदिर की नक्काशी और भव्यता इसे एक ऐतिहासिक धरोहर बनाती है। यहां दर्शन करने से सुख और शांति मिलती है। हम्पी की प्राकृतिक सुंदरता के बीच यह मंदिर एक प्रमुख आकर्षण है। दक्षिण भारत के ये मंदिर न केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं, बल्कि इनकी वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य भी अद्भुत है। इन मंदिरों की यात्रा न केवल आपको अध्यात्म से जोड़ती है, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास की झलक भी दिखाती है। अगर आप साउथ इंडिया की यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो इन मंदिरों के दर्शन जरूर करें।

# भक्ति और प्रेम का दिव्य सार है : राधा तत्व



-डॉ. आशा रस्तोगी

राधाष्टमी श्री राधारानी के दिव्य स्वरूप का उत्सव है, जो भक्ति और निस्वार्थ प्रेम की सर्वोच्च प्रतिमूर्ति हैं। ऐसे अनंत गुणों की सराहना करने के लिए भक्तों को राधा तत्व के सार को सीखने में स्वयं को डुबो देना चाहिए। राधा तत्व को समझने में ब्रह्मांड की दिव्य माँ और श्रीकृष्ण के साथ हमारा रिश्ता गहरा होता है। शास्त्रों में राधा रानी को श्रीकृष्ण की परम भक्त के रूप में प्रस्तुत किया गया है और साथ ही उनकी सबसे गहरी आराधना और आनंद के उच्चतम स्तर की वस्तु के रूप में भी। राधारानी श्रीकृष्ण की उपासिका हैं और श्रीकृष्ण उनकी पूजा करते हैं। राधारानी कृष्ण की आत्मा हैं, योगमाया शक्ति हैं। श्रीकृष्ण सभी ऊर्जाओं के स्रोत हैं और राधारानी उनकी सर्वोच्च दिव्य ऊर्जा हैं। श्रीकृष्ण राधा रानी की योगमाया शक्ति के माध्यम से अपने आकर्षक व्यक्तिगत रूप, दिव्य निवास, दिव्य लीलाओं और दिव्य गुणों को प्रकट करते हैं। योग माया शक्ति राधारानी, सीता, दुर्गा, काली, लक्ष्मी आदि के रूप में अनंत रूप धारण करके ब्रह्माण्ड की माँ के रूप में प्रकट होती हैं। राधारानी श्रीकृष्ण की केवल भक्त ही नहीं, बल्कि उनकी मार्गदर्शक शक्ति हैं, जिन्हें युगों युगों से ऋषि-मुनियों द्वारा पूजनीय माना जाता रहा है। नारद पंचरात्र और राधा उपनिषद जैसे प्राचीन ग्रंथों में श्रीराधाकृष्ण को दूध और उसकी सफेदी की तरह अविभाज्य बताया गया है। वे एक दिव्य अस्तित्व हैं जो शक्तिमान और शक्ति अथवा ऊर्जावान या ऊर्जा के रूप में प्रकट होते हैं, जो एक दूसरे के आनंद को बढ़ाते हैं। शाश्वत दिव्य युगल इस दुनिया में समय समय पर अवतरित होते हैं और भक्तों के आध्यात्मिक कल्याण के लिए हर बार अलग अलग लीलाएं प्रकट करते हैं। श्री राधारानी श्रीकृष्ण की प्रेमिका से कहीं बढ़कर हैं- वे समस्त सृष्टि के पीछे की प्रमुख शक्ति हैं। पद्म पुराण में कहा गया है कि श्री राधारानी के चरण का नाखून असंख्य विष्णुओं का मूल है, जो उनकी विशाल शक्ति और दिव्य अधिकार पर ज़ोर देता है। श्रीकृष्ण की ह्लादिनी शक्ति के सार के रूप में, राधारानी उस परम आनंद का प्रतीक हैं जो ब्रह्मांड में व्याप्त है।

राधा तत्व एक रहस्य है जो मानवीय समझ से परे है। यहाँ तक की वैदिक शास्त्र भी श्री राधा रानी के कृष्ण के साथ रिश्ते की गहराई को व्यक्त करने के लिए संघर्ष करते हैं तथा इनके गहन रहस्यवाद को स्वीकार करते हैं। स्वामी मुकुंदानंद ने बहुत ही सुंदर ढंग से समझाया है कि राधारानी श्रीकृष्ण की स्वरूप शक्ति या सत्-चित्- आनंद का सार हैं। सत्- ब्रह्म का सार संधिनी शक्ति है, जिसके द्वारा वे अपने शाश्वत व्यक्तित्व को प्रकट करते हैं। चित्त्- ब्रह्म का सार संवित शक्ति है, जिसके द्वारा वे सर्वज्ञ हैं और आनंद- ब्रह्म का सार ह्लदिनी शक्ति है, जिसके द्वारा भगवान सदैव आनंदित रहते हैं। उनके शरीर का रोम रोम राधा नाम से गूंजता है। वैदिक शास्त्र भी राधा रानी की दिव्यता की पुष्टि करते हैं। उपनिषद् उन्हें कृष्ण द्वारा पूजित शक्ति के रूप में वर्णित करते हैं। वेद भी राधा रानी की गहराई को नहीं समझ सकते हैं,जिनकी चरण धूलि ब्रह्मांड के स्वामी श्री कृष्ण अपने सिर पर रखते हैं। वेद सीमित हैं और राधारानी अनंत हैं। नारदपुराण में श्री वेद व्यास जी कहते हैं कि महालक्ष्मी राधा रानी के वाम भाग से प्रकट होती हैं। पद्म पुराण में वे कहते हैं कि लाखों लक्ष्मी राधा रानी की सेविकाएं है। ब्रह्म वैवर्त पुराण में राधारानी ने स्वयं कहा है कि श्रीकृष्ण उनके पुरुष रूप हैं। श्री कृष्ण की आत्मा के रूप में राधारानी उनसे अलग नहीं हैं, बल्कि उनका सार हैं। उनकी अपार शक्ति का वर्णन करते हुए, परमहंस श्री शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाते समय सीधे उनका नाम लेने से भी परहेज किया है, ताकि वे दिव्यानंद में बह न जाएं और सात दिनों में कथा पूरी न कर पाएं। रसिक संतों के अनुसार हमारे भक्तों के लिए श्री राधारानी का नाम सर्वोच्च खजाना है, और उसका उच्चारण करने से सभी मानसिक क्लेश दूर हो जाते हैं। उनकी दयालु कृपा के माध्यम से ही व्यक्तिगत आत्माएं श्रीकृष्ण से जुड़ती हैं। वह श्रीकृष्ण की सर्वोच्च भक्त हैं। भगवान श्रीकृष्ण सभी आत्माओं की आत्मा हैं, लेकिन राधारानी श्रीकृष्ण की भी आत्मा हैं। वह अपने भक्तों को उस तरह का प्रेम प्रदान करती हैं जैसा कि हम भगवान से चाहते हैं। इस राधा अष्टमी पर हम सभी आध्यात्मिक पदानुक्रम में श्री राधा रानी की अद्वितीय स्थिति को याद करें और उनके चरणकमलों में समर्पण करने का प्रयास करें क्योंकि उनके माध्यम से ही हम श्रीकृष्ण तक पहुँच सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 31 अगस्त, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ भाद्रपद मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, अष्टमी तिथौ रवि वासरे 24/58/ अनुराधा नक्षत्रे 17/27/ वैधृति योग 15/59/ भद्रा करणे 11/52/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.11 मि.52पर। श्री दुर्गाष्टमी। श्री राधाष्टमी। दूर्वाष्टमी। महर्षि दधिचि जयंती।

**मेष :** नए आर्थिक निवेश में रुचि रहेगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा। शिक्षा प्रतियोगिता से लाभ होगा। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा।

**वृष :** उद्योग व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। यात्रा- वाहन पर व्यय होगा।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्यों पर व्यय होगा। परिजनों की चिंता रहेगी। सुसंगति लाभ होगा। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

**कर्क :** आकामिक लाभ होगा। सत्पूरामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारीबारी दूर होगी। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। बनाएँ पर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :** वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

स्वतंत्र भारत
कानपुर रविवार, 31 अगस्त 2025 

**सभाषद ने सीवर समस्या निस्तारण के लिए पालिका को अधिकृत किये जाने की मांग की**

**कोंच(जालौन)।** नगर में सीवर समस्या सुरसा की तरह मुंह बाए खड़ी हुई है और इसके समस्या की निदान के लिए विभाग में पहुंचो तो वहां पर धन अभाव का रोना रोया जाता है अब ऐसे में सीवर समस्या से निदान कौन दिलाएगा इसी को लेकर दिन शनिवार को सभासद वेद प्रकाश द्विवेदी उर्फ विक्की ने उपजिला धिकारी ज्योति सिंह को एक पत्र सौंपते हुए बताया कि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए नगर में कई स्थानों पर सीवर चौंबर ओवरफ्लो हो रहे हैं जिनकी सफाई व्यवस्था हेतु जल संस्थान अधिकृत है। जिस पर सभाषद ने एसडीएम से उक्त समस्या के निस्तारण हेतु नगर पालिका परिषद को अधिकृत किए जाने की मांग की है।

# उरई में सवारियों को लेकर बबाल, दो पक्षों में जमकर मारपीट, आगजनी

**-पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्र बजरिया रोड पर किया रूट मार्च**
**-चार हिरासत में अन्य की तलाश में पुलिस टीमें जुटी**

**उरई (जालौन)।** जिला मुख्यालय उरई के कालपी बस स्टैंड पर दो ट्रैवल कंपनियों के कर्मचारियों के बीच सवारियों को बैठालने को लेकर बबाल हो गया। हमलावरों ने लाठी, डंडों से मारपीट करने के साथ ही मामला आगजनी तक पहुंच गया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी के साथ क्षेत्राधिकारी एवं कई थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घायलों को उपचार के लिये मेडिकल कालेज उरई में भर्ती कराया। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया तो संवेदनशील बजरिया क्षेत्र में रूटमार्च कर अपराधियों के हौंसले कुचलने का संदेश भी दिया।

दरअसल कालपी बस स्टैंड उरई ट्रैवल्स कंपनियों के कई अलग-अलग ऑफिस है जहां सवारियों को अपनी कंपनी की बसों में बैठालने को लेकर अक्सर ही कर्मचारियों के बीच तू तड़ाक की स्थिति लगभग हर रोज उत्पन्न होती रहती थी। बीती रात्रि भी सवारियों को बैठालने को लेकर ट्रैवल्स एजेंसियों के मालिक व उसके स्टाफके साथ मारपीट कर दी गयी थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष बजरिया क्षेत्र से अपने समर्थकों को बुला लिया जिन्होंने एजेंसी मालिक व उसके कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ा कर मारपीट शुरू कर दी और वाहनों को आग लगा दी। कोतवाली उरई को दिये गये प्रार्थना पत्र में शताब्दी ट्रैवल्स के लिये टिकट की बुकिंग करने वाले सुरेंद्र पटेल ने बताया कि रात्रि दस बजे के लगभग हम लोग सवारियों को बसों में बैठाल रहे थे एक दंपत्ति की तबियत खराब थी जो बगल वाले हंस बाबा ट्रैवल्स में बैठे हुये थे। पति पत्नी की गोद में सिर रखकर लेटा हुआ था तभी शादाब व माजिद नाम के दो युवक नशे में धुत होकर आये और कपल का वीडियो बनाने लगे जब हंस बाबा ट्रैवल्स के एजेंट अभिषेक निरंजन ने दोनों को वीडियो बनाने से रोका तो वह हंगामा करने लगे और मोबाइल से फोन कर अपने बजरिया क्षेत्र से लगभग आधा सैकड़ा युवकों को मौके पर बुला लिया जो सभी मिलकर अभिषेक व अंशू के साथ मारपीट करने लगे जब वह बीचबचाव करने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। हमलावरों ने उसे बोतल फेंककर सिर पर मार दी यही नहीं हमलावरों ने कंप्यूटर सेंटर और मेरे कार्यालय में तोड़फोड़ की इतना ही नहीं गोलक में रखे 80 हजार रुपए भी निकाल ले गये। इसी दौरान कमला बस सेंटर के संचालक ने आरोपियों का साथ देकर सड़क पर खड़ी दो बाइकों में आग लगा दी। आग की लपटों से जुटी भीड़ को देखकर शादाब व माजिद धमकी देते हुये मौके से भाग गये। घटना की सूचना मिलते ही अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, कोतवाल अंजन कुमार सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुये जालौन, आटा, डकोर, एट, चुर्खी से भी पुलिस बल उरई बुला लिया गया। इसके बाद फायर सर्विस ने मौके पर पहुंचकर आग से जल रही बाइकों में लगी आग को बुझाया। पुलिस ने धरपकड़ करते हुये कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया था जिससे बड़ी संख्या में मुस्लिम बाहुल्य बजरिया क्षेत्र से लोग कोतवाली के बाहर एकत्रित हो गये थे।पुलिस ने शहर के प्रत्येक चौराहे पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

पुलिस अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्र बजरिया रोड पर पैदल मार्च कर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया। कोतवाली उरई पुलिस ने सुरेंद्र सिंह पटेल की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 516/2025 धारा बीएनएस 74, 115 (2), 324 (4), 309 (4), 151 (2), 351 (2), 308 (2) और आपराधिक कानून अधिनियम 1932 की धारा 7 के अंतर्गत शादाब खां, माजिद खां निवासी बजरिया सहित 50 अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने शादाब, मिराज, अफ्ताब, मकसूदन को हिरासत में लेकर पूंछतांछ शुरू कर दी थी। कोतवाली पुलिस ने रात्रि में बबाल काटने वाले कई संदिग्धों को अपनी राडार पर ले रखा है। जिनको पकड़ने के लिये पुलिस टीमे छापामार कार्रवाई करने में जुटी हुयी थी।


उरई : घायल से पूछतांछ करती सीओ अर्चना सिंह,हिरासत में लिए गये उपद्रवी,और धूं-धूं कर जलती मोटर साईकिलें ।

## उपद्रवियों पर होगी रासुका की कार्रवाई: पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि सवारियों को बैठने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट एवं बाइक जलाने की घटना गंभीर है और इसको अंजाम देने वालों बख्शा नहीं जाएंगे उनके खिलाफसबसे संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पांच लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। शहर का अमन शांति बिगड़ने वाले अपराधियों के खिलाफगुंडा गैंगस्टर और रासुका के अंतर्गत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी

## कालपी स्टैंड से ट्रेवल्स के टिन तप्पर ध्वस्त किये पुलिस ने

सवारियों को बस में बैठने को लेकर ट्रेवल्स के बीच हुई महाभारत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आज कालपी स्टैंड पर स्थित सभी ट्रेवल्स के कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। काफी लंबे समय से कालपी स्टैंड पर ट्रेवल्स के बुकिंग दफ्तरों को हटाने की स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही थी। लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते बीती रात मारपीट एवं आगजनी की घटना ने शहर के सांप्रदायिक स्वार्थ को खतरा पैदा कर दिया था ।

## कदमपुरा में युवक फांसी पर झूला, गंभीर हालत में उरई रेफर

रामपुरा(जालौन)। रामपुरा थाना क्षेत्र में युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया लेकिन परिजनों के द्वारा देख लिए जाने के कारण किसी तरह उसकी जान बचा ली गई।

रामपुरा थाना क्षेत्र की ग्राम कदमपुरा में आज घर के अंदर युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया लेकिन अचानक बच्चों द्वारा देख लिए जाने और चिल्लाने पर परिजन और आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह बचा लिया। प्राप्त विवरण के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र ग्राम कदमपुरा निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र रघुबीर उम्र 28 बर्ष ने अपने घर के अंदर पंखे की हुक से साफी बांधकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक के भाई अरविन्द सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिनों पहले गांव में पानी टंकी पर एक ग्रामीण द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना के बाद से धर्मेंद्र कुमार कुछ चिंतित रहने लगा था और खाने पीने के प्रति भी ध्यान नहीं दे रहा था। भाई अरविंद ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार को फांसी लगाते बच्चों ने देखा तो शोर मचा दिया। परिणाम स्वरूप परिवार व आसपास के लोगों ने तुरंत जाकर उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा धर्मेंद्र कुमार की सांसे चलता देख तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा लाया गया जहां चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप कुमार राजपूत ने प्राथमिक उपचार किया लेकिन हालत गंभीर देखते हुये मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया है। चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुये बताया गया कि धर्मेंद्र कुमार द्वारा फांसी लगाने की बजह सें उसकी गर्दन की हड्डी टूटने की संभावना के चलते व अचेतन स्थिति से होश में ना आने की बजह सें गंभीर हालत में उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर करदिया गया है। थाना प्रभारी रामपुरा इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह से पूंछने पर बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर एसएसआई सुभाष चंद्र ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से घटना के बारे में पूंछतांछ की है। लेकिन किसी तरह की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## खबर एक नज़र

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पुलिस अधिकारियों से समन्वय बैठक की


उरई : पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करती जिला जज ।

**उरई(जालौन)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 सितम्बर 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के निर्देशन में जिले के समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न हुयी।

अपर जिला जज-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पारूल पंवार ने उपस्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मन,नोटिसों का तामीला शतप्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, क्योंकि यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय थानों से सम्मन, नोटिसों का तामीला सही ढंग से नहीं कराया जाता है। इस सम्बन्ध में ढिलाई न बरती जाये। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त गाइड-लाइन्स के अनुपालन में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, विधिक जागरूकता कार्यक्रमों में प्रशासन एवं अन्य विभागों का सहयोग बनाने तथा ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में कार्यरत पैरालीगल वालंटियर्स को उनके कार्यों में आवश्यक सहयोग देने हेतु उपस्थित क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित जिले के क्षेत्राधिकारी पुलिस ने पूर्ण सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया गया।बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेन्द्र बाजपेयी, पुलिस क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी कालपी के प्रतिनिधि इंस्पेक्टर परमहंस तिवारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी उरई के प्रतिनिधि इंस्पेक्टर कुमार अभिषेक उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में 67 विधार्थियों को बितरण किये टेबलेट



**कालपी(जालौन)।** शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में टेबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 67 विधार्थियों को टेबलेट वितरण किये गये। टेबलेट पाकर विधार्थियों के चेहरे में रौनक दिखाई दी।

कालपी कालेज कालपी के परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्रांगण में उप जिलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत शनिवार को कालपी कॉलेज कालपी में उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा विधार्थियों को टेबलेट वितरण कार्यक्रम किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुये उपजिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की अन्य विकास योजनाओं के साथ शासन में उच्च शिक्षा क्षेत्र में भी बालिका शिक्षा के विकास में भारी योगदान किया है। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत शासन के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र के विकास में चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बीए में पूजा देवी अंशिका, हीरालाल, निस्वा,बी एससी-आदिति राठौर, हर्षिता, दीक्षा, दिव्या देवी एमए में निदा जैदी मेघा सहित कुल 67 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किए गए। इस मौके पर डा. अरुण मेहरोत्रा डा. मधु प्रभा तिवारी, डा. धर्मेंद्र पाल सिंह, सोमचंद्र चौहान, आशिफ़ खानराधारानी, डा. आरती पाण्डेय, अरुणेश बाजपेई, रवि मिश्रा, डा. पंकज द्विवेदी, प्रीती पुरवार,म शैलेन्द्र शेखर, प्रवीण कुमार लक्ष्मी ओझा, रीता तिवारी, नीलिमा निगम, डा. ब्रजेन्द्र सिंह, हरपाल विश्वकर्मा, डा. विवेक निगम प्रशाशनिक अधिकारी आदि ने विधार्थियों का उत्साह वर्धन किया।

## मूख्य वन संरक्षक ने सड़क किनारे वृक्षों का स्थलीय निरीक्षण कर दिये निर्देश

कालपी(जालौन)। बुन्देलखण्ड क्षेत्र झांसी के मुख्य वन संरक्षक एचवी गिरीश ने प्रभागीय वनाधिकारी जालौन प्रदीप कुमार के साथ कालपी तथा कदौरा वन रेंजो में घूम-घूम कर हाइवे सड़कों के किनारे स्थित वृक्षों तथा की गार्डो का निरीक्षण किया तथा जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिये।

बुन्देलखण्ड के मुख्य वन संरक्षक झांसी गिरीश ने चमारी से लेकर जोल्हूपुर मोड़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित वृक्षों तथा वृक्षारोपण की सुरक्षा के उपायों को देखा इसी क्रम में जोल्हूपुर मोड़ से बबीना तक फोरलेन सड़क के किनारे वृक्षों की हकीकत परखी। मुख्य वन संरक्षक ने कालपी तथा कदौरा क्षेत्रों का निरीक्षण करके जायजा लिया। उन्होंने वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार तथा विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों से वृक्षारोपण कार्यक्रम की जानकारियां हासिल की। मुख्य वन संरक्षक ने निर्देश दिया कि पौधारोपण कार्यक्रम का निरंतर सर्वे करके तथा वृक्षों को सुरक्षित रखने के लिये पुख्ता इंतजाम रखें। उन्होंने इमलिया वन ब्लॉक, गढ़ी तिगरा बन ब्लॉक एवं आलमपुर वन ब्लॉको को लेकर चर्चा की। तथा कालपी रेंज की समस्त पौधशालाओं तथा अटल वन को लेकर जानकारियां की।

वन संरक्षक ने क्षेत्रीय वन अधिकारी संजय कुमार एवं कर्मचारियों की उनके कार्यों के लिए सराहना की। विभागीय कर्मचारियों से जानकारी लेकर जरुरी निर्देश दिये।वन दरोगा महेंद्र कुमार,मन्ना सिंह, हरिओम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।बुन्देलखण्ड क्षेत्र के मुख्य वन संरक्षक ने उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि शुद्ध पर्यावरण के लिए धरती में वृक्षों का होना जरूरी है। इसलिए सभी कर्मचारी पूरी लगन, मेहनत से वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बना कर राष्ट्र हित में अपना योगदान दें।



## जल निकासी न होने पर कैसे होगी खेतों की बुबाई एसडीएम से लगाई मदद की गुहार



कोंच(जालौन)। तहसील क्षेत्र के मौजा पचीपुरा कला व गुरावती के किसानों ने दिन शनिवार को उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि हमारे ग्राम पंचायत पचीपुरा कला निवासी शिवराम पुत्र रघुनाथ सिंह जिनका खेत छानी रोड पर स्थित है। वहां पर दो पुलिया बनाई गई हैं। लेकिन उक्त लगभग 100 एकड़ जमीन का पानी नहीं निकलने दे रहा है जिसके कारण खेतों में बुवाई नहीं हो पा रही है। और जब उनसे पानी निकासी के बाबत बात करते हैं तो लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाता है। पिछले वर्ष भी हमारी जमीन बगैर बुवाई पड़ी रही थी क्योंकि उक्त ने पिछले वर्ष भी पानी नहीं निकलने दिया था किसानों ने एसडीएम से पुलिस भेज कर जल निकासी कराए जाने की मांग की है। इस दौरान राज किशोर राजा भैया लालजी सिंह संजीव कुमार उमाकांत कुशवाहा रामलला राजा भैया शारदा प्रसाद सहित तमाम ग्रामवासी व किसान मौजूद रहे।

## भाकियू ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कोंच(जालौन)। किसानों के हित के लिए लगातार संघर्ष करने वाली संस्था भारतीय किसान यूनियन ने दिन शनिवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक पांच समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि भारतीय किसान यूनियन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी अगर क्रय विक्रय व सहकारी समितियों में डी ए पी खाद अति शीघ्र उपलब्ध नहीं करायी जाती है। वहीं जुझारपुरा सहकारी समिति में तैनात राजेश शुक्ला द्वारा किसानों के साथ अभद्रता व अपशब्द का प्रयोग किया जाता है तो राजेश शुक्ला को कड़ी चेतावनी दी जाए अथवा अन्यत्र कहीं भेजा जाए वही ग्रामों में जो आवारा गायें घूम रही है। उन्हें चिन्हित करके गौशाला में भेजा जाए और जिन किसानों की गायें हैं उन्हें चिन्हित करवाया जाए ताकि जो गायें छुट्टा घूम रही है उनपर लगाम लगाई जा सके वही कोच जालौन रोड से भेंड़ व पचीपुरा के पास




फक्कड़ बाबा देवस्थान के पास चक रोड जीर्ण शीर्ण हो चुका है इसके कारण सैकड़ो एकड़ जमीन की बखराई नहीं हो पा रही है और किसानों वहां उक्त चकरोड से खेतों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिस पर चकरोड को जे सी वी मशीन के द्वारा ग्राम पंचायत भेंड़ के सचिव को आदेशित करते हुए सही करवाया जाए वही हम किसानों की मांग है अगर उक्त मांग पूरी नहीं होती है। तो हम लोग धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर चतुर सिंह पटेल राजेंद्र पाल भगवान सिंह कुशवाहा बलराम सिंह अवनीश कुमार लक्ष्मण सिंह सुभाष चंद्र सुनील कुमार जगदीश प्रसाद दुर्गा प्रसाद सौरभ पटेल प्रमोद कुमार रजनीश सहित तमाम भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

### संग्रह अमीन ने वसूली के रुपये लेकर थमा दी फर्जी रसीद

**कोंच(जालौन)।** बकाया बसूली के लिए संग्रह अमीनों को आदेशित किया जाता है। और अमीन घर घर जाकर राजस्व बसूली करता है लेकिन एक अमीन के कारनामे ने तो सभी को हतप्रभ कर दिया क्योंकि अमीन ने बसूली के रुपये लेकर फर्जी रसीद पकड़ा दी जब दुबारा बसूली का नोटिस प्राप्त हुआ तो ऋणी रसीद लेकर बैंक पहुंचा जिसे बैंक ने फर्जी बता दिया जब इसकी शिकायत लेकर पीड़ित अधिकारियों के पास पहुंचा तो अधिकारी टाल मटोल करने में लगे हुए हैं अगर पीड़ित के रुपये राजस्व में जमा नहीं करवाये जाते हैं तो अन्य अमीनों को भी बसूली करने ने राम से काम पड़ सकता है। मामला मुहल्ला गोखले नगर का है जहां के निवासी लक्ष्मन सिंह पुत्र स्व.सुखू की आर सी जारी हुई थी जिस पर लक्ष्मन ने 28 जून 2023 को संग्रह अमीन राघवेंद्र शर्मा को 20 हजार रुपये जमा किये थे जिस पर अमीन ने स्टेट बैंक की फर्जी रसीद थमा दी थी इसके बाद बांकी 13 हजार रुपये उपरोक्त अमीन को पुनः दिए जिसकी रसीद अमीन ने नहीं दी थी लेकिन जब स्टेट बैंक द्वारा पुनः नोटिस भेजा गया तो पता चला कि अमीन ने फर्जी रसीद देकर एक भी रुपया जमा नहीं किया है और अमीन से बात करने पर वह धमकी देता है लक्ष्मन सिंह ने एसडीएम से समुचित कार्यवाही की मांग की है।

## पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण में नियुक्त समस्त बी.एल.ओ. एप पर करें अपलोड-ए.डी.एम



**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय अंकुर श्रीवास्तव ने समस्त उप जिलाधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को अवगत कराया है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया है कि पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण में नियुक्त समस्त बीएलओ के द्वारा मतदान केन्द्र पर सेल्फी एवं मूलभूत उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी बीएलओ एप पर अपलोड किया जाये तथा समस्त कार्य बीएलओ एप के माध्यम से किये जायें, जिसमें आयोग के वेबसाइट के अनुसार तहसीलवार एवं विकास खण्डवार मतदान केन्द्रों पर सेल्फी एवं मूलभूत सुविधाओं की जानकारी अपलोड करने हेतु उपस्थित एवं अनुपस्थित बीएलओ तहसील तालबेहट के विकास खण्ड तालबेहट कुल बीएलओ एक सौ पैंतीस उपस्थित एक सौ अठारह, अनुपस्थित सत्रह व जखौरा में कुल पैंतालीस, उपस्थित तैंतीस, अनुपस्थित बारह, विकास खण्ड बार में कुल वावन, उपस्थित छियालीस, अनुपस्थित छै व तहसील महरौनी विकास खण्ड महरौनी में कुल चौरासी, उपस्थित तिरासी, अनुपस्थित एक, बार में कुल सत्तर, उपस्थित छियासठ, अनुपस्थित चार, मडावरा में कुल सात, उपस्थित छै, अनुपस्थित एक, तहसील ललितपुर विकास खण्ड बिरधा में कुल छियानवें, उपस्थित इकसठ, अनुपस्थित पैंतीस, जखौरा में कुल एक सौ चौंतीस, उपस्थित पंचानवें, अनुपस्थित उनतालीस, तहसील मडावरा विकास खण्ड मडावरा में कुल अठासी, उपस्थित अठासी, अनुपस्थित शून्य, महरौनी में कुल अट्ठाईस, उपस्थित अट्ठाईस, अनुपस्थित शून्य व तहसील पाली विकास खण्ड मडावरा में कुल चौबीस, उपस्थित चौबीस, अनुपस्थित शून्य, बिरधा में कुल उनहत्तर, उपस्थित उनहत्तर, अनुपस्थित शून्य व उपरोक्त तालिका के परीक्षण से विदित होता है कि तहसील ललितपुर एवं तालबेहट के बीएलओ के द्वारा उक्त कार्य में अपेक्षित रूचि नहीं ली जा रही है व पुनरीक्षण कार्य की समयबद्धता एवं महत्ता के दृष्टिगत निर्देश समस्त संबंधित के अनुपालन हेतु तत्काल प्रभाव से जारी किये गये हैं, जिसमें अवशेष बीएलओ को चिन्हित कर आगामी दो दिवस में सेल्फी एवं ए.एम.एफ की अपलोडिंग मोबाइल एप पर करवाना सुनिश्चित करें व समस्त बीएलओ को आयोग के निर्देशानुसार निर्देशित करें कि गणना कार्ड के आधार पर समस्त परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की कार्यवाही ई-बीएलओ मोबाईल एप के माध्यम से शत प्रतिशत अपलोडिंग करना सुनिश्चित करें व मतदाताओं के द्वारा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किये गये परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन का बीएलओ के माध्यम से भौतिक सत्यापन कराने के उपरान्त उनका अनुमोदन किया जायें, अतः निर्देशित किया गया है कि पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से अपनी निगरानी में करवाना सुनिश्चित करें।

## कलस्टर समूह में स्थापित करें परियोजना व स्वरोजगार इकाई, मिलेगा पचास हजार का अनुदान

**ललितपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के घटक ग्रान्ट-इन-एड योजनान्तर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिये स्वरोजगार हेतु सुनहरा अवसर है व ग्रान्ट-इन-एड योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के इच्छुक अभ्यर्थी कम से कम तीन लोगों का समूह बनाकर अथवा कलस्टर के रूप में अपनी इकाई स्थापित कर सकते हैं, इसमें लाभार्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण उनके संबंधित व्यवसाय के अनुसार दिया जायेगा एवं प्रति व्यक्ति पचास हजार रूपये अथवा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत जो कम हो सरकारी अनुदान के रूप में देय होगा व शेष धनराशि बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में प्राप्त होगी व इस घटक योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रक्षेत्रों के अंतर्गत परियोजनाएं स्थापित कराई जा सकती हैं, जिसमें बुटिक व्यवसाय आधारित कलस्टर, ब्यूटी पार्लर व्यवसाय आधार कलस्टर, कलस्टर आधारित सोलर पैनल इन्स्टलैशन टेक्निशिन, लॉजिस्टक वाहन चालक कलस्टर आधारित प्रोजेक्ट, किराना दुकान व जनरल स्टोर कलस्टर बेस्ड समूह आधारित प्रोजेक्ट, सर्विस कलस्टर आधारित फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर, आटो रिक्शा, ई-रिक्शा, चालक सर्विस कलस्टर बेस्ट सर्विस, समूह आधारित मुर्गी पालन व्यवसाय, समूह आधारित डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्टिंग व्यवसाय, समूह आधारित बकरी पालन व्यवसाय, क्लस्टर आधारित समूह में निर्माण कार्य करने हेतु मल्टी स्किल्ड रिसोर्स बनाने हेतु, महिला गृह उद्योग, स्वतः रोजगार आधारित कलस्टर वेस्ड समूह आधारित प्रोजेक्ट, 2 व्हीलर, 3 व्हीलर मैकेनिक सर्विस का क्लस्टर वेस्ड समूह आधारित प्रोजेक्ट, क्लस्टर आधारित आईटीआई सपोर्ट, हार्डवेयर का कार्य करने हेतु, क्लस्टर आधार मॉडयुलर फर्नीचर, बढ़ई का कार्य करने हेतु, क्लस्टर आधारित जन सुविधा केन्द्र कार्य करने हेतु व लाभार्थी अनुसूचित जाति का व्यक्ति एवं इसी जनपद का निवासी हो व लाभार्थी की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो व लाभार्थी का परियोजना की जरूरतानुसार साक्षर होना अनिवार्य है व आवेदन पत्र के साथ दो पासपोर्ट साइज के फोटो, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, जाति प्रमाण पत्र, उच्चतम शैक्षणिक योजना प्रमाण पत्र, मोबाइल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक हो, कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी पदेन जिला प्रबंधक अनुसूचित जाति वित्त कार्य दिवस में प्रातः 10 से 5 बजे तक के मध्य जमा किये जायेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन पत्र संबंधित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी से सम्पर्क कर जमा कर सकेंगे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेड्ट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर समय से निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025.26 में प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष्य 603 ऋण वितरित हुए। मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण मार्जन मनी योजना की समीक्षा करते हुए उद्यमियों से कहा कि इस योजना के अन्तर्गत 17 ऋण आवेदन पत्र बैंको द्वारा निस्तारित करते हुए 62ण्20 लाख के ऋण वितरित किये गये। ग्लोबल इनवेस्टर्स के अन्तर्गत 44 जीबीसी रेडी मिलेए जिसके अन्तर्गत 33 यूनिट ने 467ण्65 करोड़ का प्रोडक्सन प्रारम्भ हो चुका है एवं 05 निर्माणाधीन है। निवेश मित्र पोर्टल में लम्बित यूपीसीडा एवं कृषि विभाग के प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढए कताईमिल के भूखण्डों के आवंटन के सम्बन्ध में पुनः आवंटन प्रक्रिया उद्यमियों को अवगत कराते हुए पूर्ण कराये जाने के निर्देश जीएम डीआईसी को दिये।



जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में जलापूर्ति के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता जलनिगम नगरीय द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन प्रस्ताव 284ण्66 लाख को स्वीकृत हेतु प्रबन्ध निदेशक यूपीसीडा मुख्यालय स्तर पर स्वीकृति हेतु शीघ्र कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में विद्युत आपूर्ति में सुधार के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में रोड के किनारे अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में साफसफाई का कार्य किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में ई.08 के मानचित्र स्वीकृत करने की समय सीमा बढाये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में रिक्त पडी भूमि पर कॉम्पलेक्सध्मॉल सृजित करने के सम्बन्ध में यूपीसीडा मुख्यालय से शीघ्र कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। एक उद्यमी द्वारा ग्राम पिपरहरी तहसील बॉदा में पुलिया निर्माण हेतु कार्यवाही किये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने शीघ्र निर्माण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। एक उद्यमी द्वारा बैंक गारन्टी अवमुक्त किये जाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प को बैंक गारन्टी वापस किये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिये। विद्युत बिल में गडबडी की शिकायत उद्यमियों द्वारा करने पर जिलाधिकारी ने विद्युत बिल में सुधार करने हेतु अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये।

मिली जानकारी के अनुसार बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मदन मोहन वर्माए जीएम डीआईसी गुरूदेवए अधिशाषी अभियंता विद्युतए क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडाए मुख्य अग्निसमन अधिकारी सहित उद्यमीगण संतोष कुमार गुप्ताए राज कुमार राजए मनोज जैनए अशोक गुप्ताए मनोज शिवहरे एवं अन्य उद्यमी तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात व नकदी सहित 2 मोबाइल फोन लेकर हुए फरार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** तहसील अतर्रा एवं गिरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम पंचायत खुरहंड गांव में शुक्रवार की सुबह 3 बजे चोर घर का जगला तोड़कर घर में घुसकर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात व? 2 मोबाइल फोन लेकर फरार हो गएए बता दें कि खुरहंड गांव निवासी जितेंद्र त्रिपाठी ने खुरहंड चौकी में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि शुक्रवार को करीब 3 से 4 बजे के मध्य चोर? जगला तोड़कर चोरी कर ले गएएवही पर मेरी बहन और मां भी सो रही थी। मिली जानकारी के अनुसार चोरों के द्वारा 10 ग्राम की छुमकीए30 ग्राम का हारए20 ग्राम जंजीरए 40 ग्राम चांदी कंगन? ए10 ग्रा0बेसरए500 चांदी पायलए बिछुवा 20 ग्रामए5 अंगूठी 10 ग्रा0एदूसरी जंजीर 10 ग्रामए छोटा मंगलसूत्र ए व 50 हजार रुपए नगद और 2 मोबाइल फोन सहित अन्य लेकर चोर फरार हो गए हैं। पीड़ित की मांग है कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करें।

वही काफी दूर बरसडा गांव के पास में खेतो में बिखरा हुआ समान पड़ा हुआ था ग्रामीणो ने देखा और पुलिस को सूचना दीए जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच की।

## खबर एक नज़र

### जिलाधिकारी ने आज विकास खण्ड एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया



स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बाँदा।फ़ेटो सहित। आज दिन शनिवार को जिलाधिकारी जे0रीभा0 के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा एवं विकास खण्ड जसपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें ओपीडीए दवा वितरण कक्ष ए एक्सरे कक्षए एन बी एस यू वार्ड प्रसव कक्ष एवं प्रसूति वार्ड पुरुष वार्ड ए लैब आदि का निरीक्षण किया। चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने पर स्टॉफनर्स श्रीमती संध्या ए कुमारी वंदना के विरुद्ध जिला मुख्य चिकित्साधिकारी बाँदा को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### पुलिस की तत्परता से केन नदी पुल से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाली लडकी की बची जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** आज दिनांक 30ण08ण2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मर्दन नाका की रहने वाली एक लडकी केन नदी पुल से आत्महत्या करने के लिए कूद रही थी। सूचना पर थाना मटौंध पुलिस द्वारा तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सकुशल बचा लिया गया। पुलिस द्वारा लडकी के परिजनों को बुलाया गया तो परिजनों द्वारा बताया गया कि उनकी लडकी नाराज होकर घर से चली गई थी। पुलिस द्वारा लडकी को समझाया गया आगे से भविष्य में आत्महत्या संबंधी विचार अपने मन में न लाएं किसी प्रकार की समस्या हो तत्काल पुलिस सूचना दें। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी। परिजनों ने पुलिस टीम को हृदय से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी दारा सिंह कां0 अश्वनी कुमार कां0 आशुतोष उपस्थित रहे।

### समस्याओं के निराकरण के लिए शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**चित्रकूट ब्यूरोः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने विद्यालयों के राजकीयकरण, पुरानी पेंशन बहाली, तदर्थ पदोन्नति, ऑफलाइन स्थानांतरण आदेश, राज्य शिक्षा आयोग की स्थापना, 18 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा आदि को पूरा करने की मांग की। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र, जिलामंत्री डॉ शिवशंकर शुक्ल, कोषाध्यक्ष शिवानंद सिंह, दयाराम, सुधाकर सिंह, महेंद्र सिंह, संजय कुमार, आदित्य कुमार सिंह, राहुल श्रीवास्तव, अनिल कुमार पाण्डेय, रामनरेश, अवनीश कुमार, डॉ कृष्णा कुमार द्विवेदी, मनोज कुमार पाण्डेय, डॉ विनोद सरोज, अनिल कुमार, साकेत कुमार सिंह, निरंजन सिंह, ओमदत्त सिंह, शैलेन्द्र कुमार, रामबाबू वर्मा, अरविंद सिंह यादव, पवन कुमार, यशवंत सिंह, शिवानंद सिंह, विनोद कुमार, रामजी राही, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस टीम ने मवेशी चोर गैंग के सदस्यों को किया गिरफ्तार



चित्रकूट ब्यूरोः जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत की जा रही गस्त के दौरान बीते शुक्रवार की रात्रि पुलिस टीम की एक गैंग से मुठभेड़ हुई। जिसमें पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात्रि सूचना मिली सतना मध्य प्रदेश के कुछ पशु चोर क्षेत्र में वारदात करने की फिराक में है। जिसके बाद थाना मानिकपुर सहित अन्य थानों व एसओजी टीम ने रात्रि तीन बजे खलेश्वर बाबा मंदिर में तत्काल घेरा बंदी की। इस दौरान पुलिस टीम से घिरे बदमाशों ने फायर कर दिया, इस पर पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए तथा अन्य तीन को पकड़ लिया गया। इस मुठभेड़ में एक पुलिस जवान ज्ञानेश मिश्रा भी घायल हुए, जिनका इलाज जिला अस्पताल चित्रकूट में चल रहा है। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल बदमाशों को भी उपचार के लिए सीएचसी मानिकपुर में भर्ती कराया है। इस मुठभेड़ में पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अयान निवासी नजीराबाद कोतवाली सतना, अंकुल यादव निवासी नयागांव थाना सभापुर जिला सतना, विजय सिंह चौहान निवासी मुक्तियारगंज कोतवाली सतना, नूर आलम निवासी अलीगंज थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी, जफर अली निवासी मस्जिद के पास कोतवाली सतना को पकड़ा है। जिनमें से मुठभेड में घायल हुए आरोपी नूर आलम व जफर अली का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों का लम्बा आपराधिक इतिहास है, जिनका सीसीटीएनएस के माध्यम से जानकारी कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## विद्यालय के नियम विरुद्ध विलय को निरस्त करने की मांग

**चित्रकूटः** ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर प्राथमिक विद्यालय बरथला पुरवा का नियम विरुद्ध तरीके से कम्पोजिट स्कूल कोठिलिहाई में किए गए विलय को निरस्त करने की मांग की है।

खंड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि दोनों स्कूल के बीच की दूरी एक किमी से अधिक है। बताया कि बरथला पुरवा बस्ती से कम्पोजिट विद्यालय की दूरी 1.5 किमी. के लगभग है, जबकि विभागीय आदेश मे एक किमी. से अधिक की दूरी पर स्थित विद्यालयों के विलय पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है, फिर भी नियम विरुद्ध तरीके से प्राथमिक विद्यालय बरथला पुरवा का कम्पोजिट स्कूल कोठिलिहाई में विलय कर दिया गया है।

बताया कि स्कूल का रास्ता लम्बा होने के कारण बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही स्कूल जाने वाली सड़कों में वाहन भी चलते है तथा आवारा कुत्तों का भी भय रहता है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने विद्यालय विलय को निरस्त करने की मांग की है।

## लूट के मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरोः थाना बरगढ़ पुलिस टीम ने लूट की घटना के आरोपी को लूट के मोबाइल समेत तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बरगढ़ थाना प्रभारी शिव आसरे ने बताया कि बीती एक अगस्त थाना क्षेत्र के मनका गांव निवासी विवेक कुमार शुक्ला पुत्र हरीप्रसाद शुक्ला ने सूचना दी कि बीती 31 जुलाई की शाम वह अपने साथी शंकर लाल शुक्ला के साथ अपनी मोटर साइकिल से बरगढ़ बाजार जा रहा था। इस दौरान मनका रोड से डोडिया गांव वाली रोड पर एक बोलेरो गाड़ी से उतरी महिला सहित तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद उसकी बाइक से चाबी निकाल ली तथा उसका मोबाइल फोन व रुपये छीन लिए और भाग गए। इस सूचना पर आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धितों धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। इस मामले की आरोपी महिला संगीता वर्मा निवासी ग्राम चौखण्डी थाना अतरैला जनपद रीवा मध्य प्रदेश को पूर्व में बोलेरो गाड़ी व लूट के 1200 के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए की जा रही विवेचना के क्रम में शनिवार को थाने के उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह व उनकी टीम उपनिरीक्षक अमरेश चन्द्र तिवारी, आरक्षी पीयूष सरन श्रीवास्तव व उमेश कुमार द्वारा मऊ से आरोपी मिथुन सरोज निवासी ग्राम ओसा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी उपरोक्त को लूट के मोबाइल फोन सहित तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पूंछतांछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह मोबाइल एक माह पहले मनका डोडियामाफी रोड से अपने साथी राजू सिंह निवासी रहीमपुर मैलानी थाना करारी जनपद कौशाम्बी, चुन्नीलाल निवासी ओसा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी व संगीता वर्मा निवासी ग्राम चौखण्डी थाना अतरैला जनपद रीवा मध्य प्रदेश के साथ लूट कर भाग गया था।

## शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का तीसरा चरण सम्पन्न



रामनगर, चित्रकूटः प्राथमिक स्तर के शिक्षकों व शिक्षामित्रों के लिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान मिशन (एफएल.एन) पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे चक्र का प्रशिक्षण शनिवार को समाप्त हुआ। इस प्रशिक्षण में विकासखंड रामनगर के अंतर्गत कार्यरत कुल 446 प्राथमिक स्तर के शिक्षकों व शिक्षामित्रों में से 300 शिक्षकों-शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण 100-100 प्रतिभागियों का बैच बनाकर तीन चरणों में बीआरसी रामनगर में आयोजित किया गया था। अवशेष 146 शिक्षकों व शिक्षामित्रों में से 100 शिक्षकों शिक्षामित्रों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण एक सितंबर से प्रारंभ होगा। इनका प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अवशेष 46 शिक्षक-शिक्षामित्रों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न कराया जाएगा। बताया कि एक साथ 50-50 प्रतिभागियों के दो बैचों का प्रशिक्षण संचालित हो रहा है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा एक से तीन तक संचालित एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पाठ्य पुस्तकों से समुचित कक्षा शिक्षण व कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को हिंदी भाषा और गणित विषय में समझ विकसित करना तथा समस्त विद्यालय को निपुण करना है। बताया कि प्रशिक्षक छोटा प्रसाद, विराग कुमार, शैलेंद्र कुमार, राजेश कुमार यादव व अर्चना देवी शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दे रहे है।

# प्रत्येक चुनाव का आधार बूथ है-प्रकाश पाल




**बूथ मजबूत होगा तो केंद्र मनबूत होगा संगठन जितना घूमेंगा उतना मजबूत होगा स स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रकाश पाल ने सभी पदाधिकारियों को बूथ मजबूत करने पर जोर दिया स उन्होंने कहा कि चुनाव का आधार बूथ है यदि बूथ मजबूत होगा तो जिलाए क्षेत्रए प्रदेश के साथ केंद्र भी मजबूत होगा। मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने मण्डलों की समीक्षा करते हुए कहा कि बूथों का शत प्रतिशत गठन हो जो समितियों का गठन अधूरा है उन्हें शीघ्र पूरा कर लें। इसी प्रकार शक्ति केंद्रों के संयोजकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है शक्तिकेंद्र जितने सक्रिय होंगे उतना संगठन भी सक्रिय होगा। संगठन जितना घूमेगा उतना अधिक मजबूत होगा स इसलिए बूथ व शक्तिकेंद्र को परफेक्ट बनाना है स अभी आगे स्नातक एम एल सी व पंचायत चुनाव आ रहे हैं जिनकी तैयारी अभी से करना है। मतदाता पूरीक्षण अभियान शुरू हो गया है इसलिए नये मतदाताओं के नाम जुड़वाने का काम करें तथा जो फर्जी मतदाता हैं उनका नाम कटवाना है इसके लिए पार्टी द्वारा बनाये गए बी एल ए को सक्रिय करना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया स इस अवसर पर जिला प्रभारी रामकिशोर साहूए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंहएपिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश कुशवाहाए पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंहए अखिलेश श्रीवास्तवए लवलेश सिंहए इंद्रपाल सिंहए विवेकानंद गुप्ताए अजय पटेलए उत्तम सक्सेनाए धर्मेन्द्र त्रिपाठीए ममता मिश्राए बलराम सिंहए अखिलेश नाथ दीक्षितए निखिल सक्सेनाए संतू गुप्ताए पंकज रायकवारए दीपक राजपूत सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व प्रभारी मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मनाई गई हाकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद्र की जयंती



चित्रकूट ब्यूरोः हाकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद्र की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाई गई। इस दौरान ग्रामोदय विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही मासिक प्रार्थना सभा का आयोजन कर सामूहिक वंदे मातरम गाया गया तथा स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया।

कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने मेजर ध्यान चंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान ने रस्सा कसी प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे विजई प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सम्मानित किया गया। इसके बाद आयोजित मासिक प्रार्थना सभा में सहायक कलेक्टर सतना अनिकेत शांडिल्य ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के प्रभावी टिप्स देते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने वाले युवा अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ता के साथ खुद को मानसिक रूप से भी तैयार करें। बताया कि कॉलिज एजुकेशन प्रतियोगी परीक्षाओं के उपयुक्त समय है। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रोदय के गौरवपूर्ण लक्ष्य को लेकर ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपनी गतिविधियों को संचालित कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों का आव्हान किया है कि अपनी दिनचर्या में पानी बचाने, प्लास्टिक घटाने, पेड़ लगाने, स्वच्छता बढ़ाने और स्वदेशी अपनाने का संकल्प ले। छात्रा अंकिता ने मेजर ध्यान चंद्र सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व को रेखांकित किया। शुभम ठाकुर ने एकल गायन और विद्यार्थी समूह ने गायन प्रस्तुत किया। उपकुलसचिव अकादमी डॉ साधना चौरसिया ने प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा।

इस मौके कुलसचिव प्रो आरसी त्रिपाठी, अधिष्ठाता प्रो अमरजीत सिंह, प्रो डीपी राय, डॉ आञ्जनेय पांडेय, संगीत इकाई के डॉ विवेक फड़नीस, खेल अधिकारी डॉ विनोद कुमार सिंह, टीम समन्वय धनंजय सिंह, सुनीता सिंह, छात्रा निवेदिता वर्मा, दिव्यांशी सिंह आदि मौजूद रहे।

# वन गमन से लेकर अयोध्या आने का प्रस्तुत किया गया मनमोहक मंचन



**रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका के रूपान्तरण का दृश्य स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** गणेश भवन शास्त्री नगर में चल रहे गणेश महोत्सव के तीसरे दिन रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका की सुन्दर प्रस्तुति की गई स जिसमें प्रतिभागियों ने प्रभु श्रीराम ए लक्ष्मण व सीता के वन आगमन से लेकर अयोध्या पहुँचने तक का मनमोहक मंचन किया गया स गुरुकुल नृत्य साधना केंद्र की निर्देशिका अनुपमा त्रिपाठी व उद्घोषिका आयुषी त्रिपाठी द्वारा संचालित इस नाट्य रूपान्तरण में भगवान श्रीराम ए माता सीता और लक्ष्मण के वन गमन के दौरान निषाद राज द्वारा नदी पार कराना तत्पश्चात वन पहुँचने पर सूर्पनखा का आकर श्रीरामए लक्ष्मन से प्रणय निवेदन करना और लक्ष्मण द्वारा उसकी नाक काटने व रावण द्वारा सीताहरण का बहुत सुन्दर मंचन देखकर दर्शक अपने को ताली बजाने से नहीं रोक सके स मिली जानकारी के अनुसार पूरा पंडाल जयश्रीराम के नारों से गूँज उठा स कलाकारों की मनमोहक छटा देखकर दर्शक मन्त्रमुग्ध हो गए स मंचन में कलाकारों ने नृत्य नाटिका के आगे के मनमोहक दृश्य प्रदर्शित किये जिनमें सीताहरण के बाद श्रीराम व लक्ष्मण का शबरी के आश्रम पहुँचकर माता शबरी के जूठे बेर खाने तथा वहां से किष्किंधा पहुँचकर हनुमान से भेंटकर सुग्रीव से मित्रता कराई तत्पश्चात मेघनाद द्वारा ब्राम्हास्त्र चलाकर तथा हनुमान जी की पूँछ में आग लगाना व हनुमान द्वारा लंका में आग लगाने के बाद श्रीराम रावण व युद्ध हुआ और सीता को पुनः पुष्पक विमान से अयोध्या आने का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला स इसी प्रकार अन्य स्थानीय कलाकारों द्वारा गीतए संगीत व नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत मंचन ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया स

परिवहन आयुक्त ने कहा दो पहिया वाहनों को हेलमेट न पहनने पर ईंधन ना दिया जाए विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश के क्रम में परिवहन आयुक्तए उ0प्र0 के पत्र संख्या 446 दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक ष्नो हेल्मेटए नो फ्यूलष् हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 129 एवं उ0प्र0 मोटरयान नियमावली 1998 के नियम 201 के अनुसार सभी दो पहिया चालकों एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो ;बी0आई0एस0द्ध द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेडगियर ;हेल्मेटद्ध पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत दण्डनीय हैए जिसमें जुर्माने का प्राविधान है। मिली जानकारी के अनुसार इस सम्बन्ध में जनपद.बाँदा में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकोंध् स्वामियों को निर्देश दिये गये है कि वे अपने पेट्रोल पम्प प्रांगण में श्नोट हेलमेटए नो पेट्रोलए आपका जीवन है अनमोल सम्बन्धी बैनर ध् होर्डिंग लगायेगें तथा दिनांक 01ण09ण2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं करेंगेए जिसके चालक एवं सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो।

### डीएम एसएसपी ने निरीक्षण किया

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने त्यौहार बुढ़वा मंगल एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र अंतर्गत विसर्जन स्थल एवं थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत पिलुआ महावीर मंदिर की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तवए अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठीए उपजिलाधिकारी सदर विक्रम राघव सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।

## मदन मोहन कानोड़िया इन्टर कॉलेज में 345 छात्राओं ने खाई फाइलेरिया से बचाव की दवा



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।फाइलेरिया लाईलाज बीमारी है इसका इलाज सिर्फवर्ष में एक बार खिलाई जाने वाली दवा से ही हो सकता है इसके लिए हमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली दवा का सेवन करके ही करना है यह कहना है जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली का स

डीएमओ ने कहा कि 1 सितंबर से जिले में माप अप राउंड शुरू होगा जो 5 सितंबर तक चलेगा इस दौरान छूटे हुए लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जायेगी स

जिन लोगों ने किसी भी कारण से दवा का सेवन न किया हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से लेकर कर लें स

इसी क्रम में आज शहर के मदन मोहन कानोड़िया बालिका इन्टर कॉलेज में 345 छात्राओं और 15 अध्यापकों को बूथ लगाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया गया स

इस दौरान मदन मोहन कानोड़िया बालिका इन्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने कहा कि मैंने आज लगे बूथ पर दवा का सेवन किया है मुझे कुछ नहीं हुआ आप लोग भी इस दवा का सेवन करें स

इस दौरान पीसीआई से अनुपम मिश्र ए एन एम सोनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेनू सहित अन्य लोग मौजूद रहे

## सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में हिंदी पखवाड़े के संदर्भ में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में हिंदी पखवाड़े के संदर्भ में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बच्चों की प्रभावी प्रस्तुतियां देखकर सभी लोग आश्चर्यचकित रहे गए ।

सिटी चिल्ड्रन अकादमी में हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ग्रुप द ग्लिटर ग्रुप द इमेज दोएस ग्रुप थे पायनियर ग्रुप के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया प्रथम तृतीय स्थान पर रहे छात्र.छात्राओं को प्रसिद्ध पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के से बच्चों में आत्मविश्वास शैली उच्चारण आज के ज्ञान में बढ़ोतरी होती है प्रशासनिका सुधा प्रधान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर आत्म विश्वास बढ़ता है।

## अवैध कब्जा की शिकायत कर सरकारी जमीन को सुरक्षित करने की मांग की गई

**छिबरामऊ कन्नौज ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कसावा में आबादी की जमीन पर अवैध कब्जा की लिखित शिकायत ग्रामीणों द्वारा उप जिलाधिकारी से की गई ।

तहसील क्षेत्र के ग्राम कसवा के निवासियों ने उप जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र में कहा है कि गाटा संख्या 1882 रखवा 8ण00650 पर जो ग्राम सभा के नाम दर्ज है उक्त आरजी ग्राम सचिवालय का भी निर्माण कराया गया पूरी आरजी पर बाउंड्री नहीं है इसका लाभ लेकर प्रधान द्वारा बगैर प्रस्ताव पास किया दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है सरकारी जमीन को सुरक्षित करने की मांग की गई है प्रार्थना पत्र पर आशीष दुबे शिवम कुमार सचिन बलराम शहीद दर्जनों ग्रामीण ऑन के हस्ताक्षर युक्त लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया।

## नए कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली हो रही है

**छिबरामऊ कन्नौज।** मुख्यमंत्री को डाक के माध्यम से अवर अभियंता बहबलपुर विद्यासागर और उनके भांजे मुकेश कुमार द्वारा भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है जिसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई अभी तक कारवाही नहीं हुई है अवर अभियंता के द्वारा कई जगह डीपी बिना इस्टीमेट के लगवा रखी है कई नए कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली हो रही है जनपद में 7 बरसो से तैनात है इतनी शिकायत के बावजूद भी कोई कारवाही नहीं हो रही है यदि दोनों लोगों के खिलाफ कारवाही नहीं हुई तो विशाल धरना प्रदर्शन कार्यालय विद्युत केंद्र छिबरामऊ में किया जाएगा।

## बाइक ट्रक की भिड़ंत में महिला की मौत

इकदिलए इटावा। आगरा.कानपुर नेशनल हाईवे पर विरारी के सामने ने ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी समेत दो बच्चे घायल हो गए। बाइक सवार युवक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से औरैया के तरफसे इटावा के तरफ आ रहा था तभी उल्टी साइड से आलू से लोड ट्रक इटावा के तरफसे बकेवर की ओर आते समय उसने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई और उसके सवार बच्चों समेत पति पत्नी घायल हो गए वहीं इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक को छोड़कर कर भाग गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।

# व्यापारियों ने सेंट्रल जेल चौराहा पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया व्यापार मंडल ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत के ऊपर लग जा लगाए जा रहे व्यापारिक टेरिफ के विरोध में व्यापारियों ने ट्रंप के विरोध में प्रदर्शन कर उनके पुतले को सेंट्रल जेल चौराहे पर फूंक दिया



फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा के नेतृत्व में व्यापारियों ने सेंट्रल जेल चौराहे पर एकत्र हुए यहां पर ट्रंप की शव यात्रा निकालकर उनके पुतले को आग लगा दी

इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि अमेरिका की ओर से भारत देश पर लगातार व्यापार में टैरिफलगाने की मनमानी की जा रही है जिससे अमेरिका भारत के मध्य निर्यात पर भारी अल पड़ रहा है और करोड़ों का निर्यात प्रभावित हुआ है हजारों नौकरियां खतरे में हैं श्री मिश्रा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह देश में पैसे किसी भी प्रकार के ट्रंप तेरे पर कोई समझौता नहीं करेंगे इस दौरान योगेश गुप्ता विमलेश मिश्रा लखन सिंह अनुपम पांडे शिवम दुबे अमित मिश्रा देवेंद्र सक्सेना अर्पित अग्निहोत्री प्रशांत शाक्य मसरूर अंसारी देवेंद्र सक्सेना प्रशांत कटियार सुरेंद्र मिश्रा समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे

## अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा आधा दर्जन लोग घायल दो की हालत गंभीर

स्वतंत्र भारत संवाददाता। फर्रुखाबाद।कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला दाऊद के निकट शनिवार को एक तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज भिजवाया। घायलों में भूपेंद्र पुत्र गंगा सिंह उनकी पत्नी राधा व बेटा ओमजी शामिल हैं। तीनों लोग थाना क्षेत्र के गांव पिथूपुर मेहदिया के निवासी हैं। भूपेंद्र ने बताया कि वह परिवार समेत मलिकपुर के निकट लगे रोली देवी के मेले में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में टेंपो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और टेंपो को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

## अखिल भारतीय अंतर निदेशालय खेल शूटिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय उपविजेता



स्वतंत्र भारत संवाददाता। फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के कैडेटों ने कोल्हापुर में आयोजित प्रतिष्ठित अखिल भारतीय अंतर.निदेशालय खेल शूटिंग चैंपियनशिप में समग्र दूसरा स्थान हासिल कर राज्य का गौरव बढ़ाया। इस आयोजन में पूरे देश के 17 एनसीसी निदेशालयों के मध्य कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई जिसमें बालक और बालिकाओं ने 50 मीटर ओपन साइट राइफल और 50 मीटर पीप साइट राइफल श्रेणियों के तहत आठ शूटिंग मैचों में प्रतिभाग किया । उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय की भारतीय अंतर.निदेशालय खेल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगी टीम तैयार करने में 12 यू पी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ ने अहम भूमिका निभाई और बटालियन की कड़ी मेहनत और लगन से इस बार यूपी निदेशालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 1 गोल्ड मेडल 2 सिल्वर तथा 1 कांस्य पदक जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। आई डी एस एस सी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में 12 यूपी बटालियन के मोहित ने 50 मीटर पीप साइट 3 पी पोजीशन में सिल्वर मेडल प्राप्त किया जबकि आर्यन ने 50 मीटर पीप साइट राइफल प्रोन पोजीशन में कांस्य पदक प्राप्त किया । आयुषी ने एयर राइफल में सिल्वर मेडल हासिल किया जबकि कोमल का पीप साइट प्रोन पोजीशन में प्री नेशनल कंपटीशन के लिए चयन हुआ है। इस तरह अलीगढ़ ग्रुप से 12 यूपी बटालियन के तीन एनसीसी कैडेट्स डीजी एनसीसी की टीम में शामिल हुए हैं जोकि प्री नेशनल कंपटीशन हेतु जी वी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे यूपी डायरेक्टरेट से ही 74 यूपी बटालियन एनसीसी गाजियाबाद ग्रुप की अदिति मिश्रा ने पीप साइट 3 पी पोजीशन में सिल्वर मेडल जबकि 73 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ ग्रुप की निकिता रानी ने ओपन साइट राइफल प्रोन पोजीशन में गोल्ड मेडल हासिल किया।कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक ने बटालियन के विजेता एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर बटालियन के एडम अफसर कर्नल अमनदीप सिंह खरोड लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर सूबेदार मेजर नवीन सिंह सूबेदार शैलेंद्र सिंह गजराज किशोर दिनेश कुमार मौजूद मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों को मिलेगा एस्कार्ट स्टाइपेंड का लाभ-डोगरा शक्ति

**इटावा।** स्मेकित शिक्षा योजना के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों के मेडीकल एसेसमेंट कैम्प में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति के कर कमलों से बॉटे गया। जिला समन्यक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उण्प्रण् शासन के मंशा के अनुरूप हम अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को प्रमाण.पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रमाण पत्र से दिव्यांग बच्चों को एस्कार्ट व स्टाइपेण्ड की धनराशि का लाभ प्राप्त हो सकेगा और इस दिव्यांगता प्रमाण पत्र का प्रयोग आप सभी लोग अपने बच्चों के साथ कही भी आने.जाने में सरकारी बसों तथा रेलवे रियायत प्रमाण पत्र बनवाकर रेलवे कन्सेसन सर्टिफिक्रेट रेलवे आदि की यात्रा में कर सकते है।

इस हेतु बेसिक शिक्षा विभाग कार्यरत स्पेशल एजूकेटर्स के माध्यम से विकास खंडवार दिव्यांग बच्चों को बुलाकर कैम्प में प्रतिभाग कराया जा रहा है। दिव्यांग मेडीकल बोर्ड टीम द्वारा अच्छे प्रयास से अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चों को प्रमाण.पत्र प्राप्त कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ परितोष शुक्ला व हॉस्पीटल मैनेजर डॉण् निखिलेश कुमार के द्वारा दिव्यांग बच्चों के अनुरूप अच्छी व्यवस्था की गयी है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् बृजेन्द्र सिंह के द्वारा गठित मेडीकल बोर्ड टीम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉण् बलराज सिंहए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव द्विवेदीए नाकए कानए गला रोग विशेषज्ञ डाण् अबुबखर अंसारीए अजय सिंह टेक्निकल ऑफिसर ;ऑडियोलॉजिस्टद्धए सैफई एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉण् विष्णु मेहरोत्रा तथा मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉण् श्वेता यादवए क्लिनिकल साईकोलॉजिस्ट डॉण् रामेश्वरी प्रजापति और लेखाकार सुनील कुमार पटल सहायक द्वारा कुल 28 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण करते हुए 23 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया और शेष बच्चों को जॉचए परीक्षण के लिए रेफर किया गया साथ ही इस दिव्यांगता प्रमाण पत्र के महत्व तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली अनेक प्रकार की सुबिधाओं से अवगत कराया गया। इस कैम्प को सफल बनाने में समेकित शिक्षा के समस्त स्पेशल एजुकेटर्स उपस्थित रहें।


## आवश्यक सूचना

भारतीय रेल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन इंटरलाकिंग कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन, रेग्युलेशन/रिशेड्यूलिंग एवं मार्ग परिवर्तन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 12511 | गोरखपुर-तिरुवनंतपुरम उत्तर | 25 एवं 26.09.2025 |
| 12512 | तिरुवनंतपुरम उत्तर-गोरखपुर | 28 एवं 30.09.2025 |
| 12555 | गोरखपुर-बठिण्डा | 21.09.2025 से 27.09.2025 |
| 12556 | बठिण्डा-गोरखपुर | 22.09.2025 से 28.09.2025 |
| 12571 | गोरखपुर-आनन्द विहार (ट.) | 24, 26 एवं 27.09.2025 |
| 12572 | आनन्द विहार (ट.)-गोरखपुर | 25, 27 एवं 28.09.2025 |
| 12595 | गोरखपुर-आनन्द विहार (ट.) | 22, 23 एवं 25.09.2025 |
| 12596 | आनन्द विहार (ट.)-गोरखपुर | 23, 24 एवं 26.09.2025 |
| 12597 | गोरखपुर-छत्र. शिवाजी महा. (ट.) | 23.09.2025 |
| 12598 | छत्र. शिवाजी महा. (ट.)-गोरखपुर | 24.09.2025 |
| 22537 | गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | 23.09.2025 से 27.09.2025 |
| 22538 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर | 23.09.2025 से 30.09.2025 |
| 15029 | गोरखपुर-पुणे | 25.09.2025 |
| 15030 | पुणे-गोरखपुर | 27.09.2025 |
| 15045 | गोरखपुर-ओखा | 25.09.2025 |
| 15046 | ओखा-गोरखपुर | 28.09.2025 |
| 15025 | मऊ-आनन्द विहार (ट.) | 23.09.2025 |
| 15026 | आनन्द विहार (ट.)-मऊ | 26.09.2025 |
| 15065 | गोरखपुर-पनवेल | 22, 23, 25, 26 एवं 28.09.2025 |
| 15066 | पनवेल-गोरखपुर | 23, 24, 26, 27 एवं 29.09.2025 |
| 15067 | गोरखपुर-बांद्रा (ट.) | 24.09.2025 |
| 15068 | बांद्रा (ट.)-गोरखपुर | 26.09.2025 |
| 15705 | कटिहार-दिल्ली | 22 एवं 25.09.2025 |
| 15706 | दिल्ली-कटिहार | 23 एवं 26.09.2025 |
| 22533 | गोरखपुर-यशवंतपुर | 22.09.2025 |
| 22534 | यशवंतपुर-गोरखपुर | 24.09.2025 |
| 05305 | छपरा-आनन्द विहार (ट.) | 22 एवं 25.09.2025 |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.)-छपरा | 24 एवं 27.09.2025 |

### रेलगाड़ियों का शॉर्ट टर्मिनेशन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | शॉर्ट टर्मिनेशन | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 11079 | लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर | बलरामपुर (बलरामपुर-गोरखपुर के मध्य निरस्त) | 25.09.2025 |
| 12512 | तिरुवनंतपुरम उत्तर-गोरखपुर | गोमती नगर 10:19 बजे आगमन (गोमती नगर-गोरखपुर के मध्य निरस्त) | 21, 23 एवं 24.09.2025 |
| 12590 | चर्लपल्ली-गोरखपुर | गोमती नगर 01:27 बजे आगमन (गोमती नगर-गोरखपुर के मध्य निरस्त) | 25.09.2025 |
| 12592 | यशवंतपुर-गोरखपुर | गोमती नगर 10:19 बजे आगमन (गोमती नगर-गोरखपुर के मध्य निरस्त) | 22.09.2025 |
| 15046 | ओखा-गोरखपुर | खलीलाबाद 17:49 बजे आगमन (खलीलाबाद-गोरखपुर के मध्य निरस्त) | 21.09.2025 |
| 19409 | साबरमती-थावे | बस्ती (बस्ती-थावे के मध्य निरस्त) | 25.09.2025 |

### रेलगाड़ियों का शॉर्ट ओरिजिनेशन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | शॉर्ट ओरिजिनेशन | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 11080 | गोरखपुर-लोक मान्य तिलक (ट.) | बलरामपुर (गोरखपुर-बलरामपुर के मध्य निरस्त) | 27.09.2025 |
| 12511 | गोरखपुर-तिरुवनंत पुरम उत्तर | गोमती नगर 11:00 बजे प्रस्थान (गोरखपुर-गोमती नगर के मध्य निरस्त) | 18, 19 एवं 21.09.2025 |
| 12589 | गोरखपुर-चर्लपल्ली | गोमती नगर 11:00 बजे प्रस्थान (गोरखपुर-गोमती नगर के मध्य निरस्त) | 24.09.2025 |
| 12591 | गोरखपुर-यशवंतपुर | गोमती नगर 11:00 बजे प्रस्थान (गोरखपुर-गोमती नगर के मध्य निरस्त) | 20.09.2025 |
| 19410 | थावे-साबरमती | बस्ती (थावे-बस्ती के मध्य निरस्त) | 27.09.2025 |

### रेलगाड़ियों का रेग्युलेशन/रिशेड्यूलिंग

| गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | रेग्युलेशन/रिशेड्यूलिंग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 19037 | बान्द्रा (ट.)-बरौनी | बान्द्रा (ट.) से 120 मिनट | 20.09.2025 |
| 20103 | लोकमान्य तिलक (ट.)-आज़मगढ़ | लोकमान्य तिलक (ट.) से 120 मिनट | 21.09.2025 |
| 19038 | बरौनी-बान्द्रा (ट.) | बरौनी से 120 मिनट | 27.09.2025 |
| 12566 | नई दिल्ली-दडुं गोपाल पुरम हाल्ट | नई दिल्ली से 120 मिनट | 26.09.2025 |

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी सं. | स्टेशन से-स्टेशन तक | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 02563 | बरौनी-नई दिल्ली | छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-कानपुर सेंट्रल | छपरा-औंड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल | 22.09.2025 से 27.09.2025 |
| 02564 | नई दिल्ली-बरौनी | छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-कानपुर सेंट्रल | छपरा-औंड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल | 22.09.2025 से 26.09.2025 |
| 02569 | दरभंगा-नई दिल्ली | छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-कानपुर सेंट्रल | छपरा-औंड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल | 22.09.2025 से 27.09.2025 |
| 02570 | नई दिल्ली-दरभंगा | छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-कानपुर सेंट्रल | छपरा-औंड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल | 22.09.2025 से 26.09.2025 |
| 11123 | ग्वालियर-बरौनी | बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-भटनी | लखनऊ-सुलतानपुर-वाराणसी-औंड़िहार-छपरा | 26.09.2025 |
| 12553 | सहरसा-नई दिल्ली | भटनी-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी | भटनी-मऊ-औंड़िहार-वाराणसी-अयोध्या कैंट-बाराबंकी | 23.09.2025 से 27.09.2025 |
| 12554 | नई दिल्ली-सहरसा | बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-देवरिया सदर-भटनी | बाराबंकी-अयोध्या कैंट-वाराणसी-औंड़िहार-मऊ-भटनी | 26.09.2025 |
| 12565 | दरभंगा-नई दिल्ली | भटनी-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी | भटनी-मऊ-वाराणसी-अयोध्या कैंट-बाराबंकी | 23.09.2025 से 27.09.2025 |
| 15109 | छपरा-मथुरा | भटनी-गोरखपुर-गोंडा-ऐशबाग़-कानपुर सेंट्रल | भटनी-मऊ-औंड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल | 24 एवं 26.09.2025 |
| 15110 | मथुरा-छपरा | कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग़-गोंडा-गोरखपुर-भटनी | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जं.-बनारस-वाराणसी-औंड़िहार-मऊ-भटनी | 22, 24 एवं 26.09.2025 |
| 15707 | कटिहार-अमृतसर | छपरा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी-ऐशबाग़-कानपुर सेंट्रल | छपरा-औंड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल | 21.09.2025 से 26.09.2025 |
| 15708 | अमृतसर-कटिहार | कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग़-गोंडा-गोरखपुर-भटनी-छपरा | कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज जं.-बनारस-वाराणसी-औंड़िहार-छपरा | 20.09.2025 से 26.09.2025 |
| 19037 | बांद्रा (ट.)-बरौनी | बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-पनियहवा-नरकटियागंज-मुज़फ़्फ़रपुर | मानक नगर-लखनऊ-सुलतानपुर-वाराणसी-औंड़िहार-छपरा | 21.09.2025 से 25.09.2025 |
| 19038 | बरौनी-बांद्रा (ट.) | मुज़फ़्फ़रपुर-नरकटियागंज-पनियहवा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी | छपरा-औंड़िहार-वाराणसी-सुलतानपुर-लखनऊ-मानक नगर | 23.09.2025 से 26.09.2025 |
| 19615 | उदयपुर सिटी-कामख्या | बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-भटनी-छपरा | लखनऊ-सुलतानपुर-वाराणसी-औंड़िहार-छपरा | 22.09.2025 |
| 19616 | कामख्या-उदयपुर सिटी | छपरा-भटनी-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी | छपरा-औंड़िहार-वाराणसी-सुलतानपुर-लखनऊ | 25.09.2025 |
| 20103 | लोकमान्य तिलक (ट.)-आज़मगढ़ | बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-भटनी-आज़मगढ़ | बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-आज़मगढ़ | 22.09.2025 से 26.09.2025 |
| 20104 | आज़मगढ़-लोकमान्य तिलक (ट.) | आज़मगढ़-भटनी-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी | आज़मगढ़-शाहगंज-अयोध्या कैंट-बाराबंकी | 26.09.2025 |
| 22411 | नाहरलगुन-आनन्द विहार (ट.) | छपरा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी | छपरा-औंड़िहार-वाराणसी-सुलतानपुर-लखनऊ | 23.09.2025 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1520/25(A)


# स्कूली बच्चों ने विभिन्न न्यायालय का भ्रमण कर न्याय प्रक्रिया को समझने का किया प्रयास

**फर्रुखाबाद।** विधिक सेवा प्राधिकरण के एण्डीण्आरण्सेंटर के सभागार में इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों को जागरूक करने के लिए लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय विशेष न्यायाधीश एन्टी डकैती शैलेन्द्र सचान अपर जिला जज एवं सचिव संजय कुमार षष्ठम रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन शीश मेहरोत्रा व पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन जवाहर सिंह गंगवार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व डॉण्भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर सेन्ट एन्थोनी स्कूल व आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजय कुमार एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न न्यायालयों में भ्रमण कर न्यायाधीशों से सवाल जवाब कर न्यायिक प्रकिया को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप लोगों को यहां घूमते अच्छा लगा होगा। लेकिन इसको मनोरंजन मत समझना कि मौज मस्ती के लिए घूमने आये हैं।यह आपको जीने की राह सिखाता है।आपके अध्यापकगण और मेहरोत्रा जी बधाई के पात्र हैं कि उनके मस्तिष्क में यह विचार आया कि बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना सभी अभिभावकों का कर्तव्य है और उसी के अनुरूप आप लोगों को यहां आने तथा घूमने की अनुमति दी गई है। यह हम लोगों की भी जिम्मेदारी है कि आप न्याय व्यवस्था को जाने और जानने का प्रयास भी करना चाहिए। क्योंकि आने वाले समय में आप ही लोगों के कन्धों पर इस व्यवस्था की जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने बच्चों को भारत के संविधान के इतिहास एवं मौलिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज न्यायाधीश संजय कुमार षष्ठम ने बच्चों को विभिन्न न्यायालयों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर एक जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।



# विंध्य कॉरिडोर से तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में व्यापक बदलाव : डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

## राज्य सूचना आयुक्त ने विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी का किया दर्शन पूजन



**मिर्जापुर।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने मां विंध्यवासिनी देवी के धाम विंध्याचल पहुंच कर मां विंध्यवासिनी देवी का विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन किया। तीर्थ पुरोहित प. धीरज मिश्र द्वारा दर्शन मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन कराया गया।
आयुक्त ने कहा कि विंध्य कॉरिडोर से तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। विंध्याचल में उन्होंने कहा कि शक्ति पीठों में मां विंध्यवासिनी धाम का विशेष महत्व है। एक तरफ मां गंगा दूसरी तरफ विंध्य पर्वत श्रृंखला इस पूरे क्षेत्र को सुरम्य बनती है। इसके साथ ही यहां काली खोह और अष्टभुजा देवी का भी धाम है।विंध्यवासिनी काली खोह और अष्टभुजा धाम आध्यात्मिक त्रिकोण का निर्माण करते हैं। साधना की दृष्टि से यह सिद्ध क्षेत्र है। नवदुर्गा की अवधि में यहां साधक विशेष अनुष्ठान करते हैं। दूर-दूर से यहां दर्शनार्थी पहुंचते हैं। विंध्यवासिनी धाम को नव्य और भव्य बनाने के लिए 2021 में कॉरिडोर का निर्माण शुरू हुआ था। आधुनिक सुविधाओं के साथ ही सुगम आवागमन के लिए गलियों का कायाकल्प किया गया है। यहां चार प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाया गया है। मुख्य मंदिर के चारों तरफपचास फीट चौड़ा परिक्रमा पथ बनाया गया है। परिक्रमा पथ का निर्माण पूर्ण हो चुका है। मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर एवं विंध्य कॉरिडोर निर्माण के साथ-साथ काली खोह,अष्टभुजा मंदिर निर्माण तथा त्रिकोण मार्ग के चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य पूरे त्रिकोण तीर्थ को सुविधा संपन्न बना रहा है।

# नहर में मिला अधेड़ राजमिस्त्री का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मधोर गांव के लिंक नहर के पुलिया के पास शनिवार की सुबह अधेड़ राजमिस्त्री का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजमिस्त्री के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अनुमान लगाया जा रहा है की नहर में गिरने से पानी में डूबकर राजमिस्त्री की मौत हुई है। राजमिस्त्री की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी 57 वर्षीय रामपति राजमिस्त्री का कार्य करते थे की शुक्रवार को में कार्य करने के बाद शाम 7 बजे घर आये और लगभग 7.30 बजे घर से फिर निकले की वापस घर नहीं लौटे। सुबह राजमिस्त्री का शव घर से दूर मधोर नहर के पुलिया के पास मिला है। शव के मिलने पर पहुँचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को नहर से राजमिस्त्री के शव को बाहर निकलवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत राजमिस्त्री को तीन पुत्र व तीन पुत्री है मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। राजमिस्त्री के हाँथ पर व गले पर चोट के निशान है। मृत राजमिस्त्री के पुत्र की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा की राजमिस्त्री की मौत कैसे हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है की पानी में डूबने से राजमिस्त्री की मौत हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की राजमिस्त्री का शव लिंक नहर के पुलिया के पास मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का स्पष्ट कारण पता चलेगा।

# संगठन की बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा




**मिर्जापुर।** रूपौधा नारायनपुर में संगठन की समीक्षा बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरविंद पटेल,जिलाध्यक्ष सुनील पटेल फौजी, विधानसभा मड़िहान प्रभारी चंद्रभान सिंह पटेल उर्फटिंकु बाबा,विधानसभा चुनार प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल उर्फ मुन्ना मैनेजर,सतीश पटेल,रामप्रसाद,शारदा प्रसाद त्यागी,विजय पटेल, डॉ जितेंद्र पटेल, चंद्रभान पटेल,राजेश पटेल,संतोष यादव, चंद्रशेखर पटेल,सुशील पटेल, आशीष पटेल, दिवाकर, नंदलाल पटेल, दयाशंकर पटेल, मनोज पटेल,पाल फौजी, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक पटेल,आशीष पटेल, शिवम् पटेल,प्रिंस पटेल, आकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# बेंगलुरु गए युवक की संदिग्ध मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कलां गांव निवासी रामसागर कोल के पुत्र ऋषिराज कोल (19) की बेंगलुरू में शुक्रवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक दस दिन पूर्व गांव के अपने साथियों संग चाट-पुल्की का काम करने बेंगलुरू गया था।बताया जाता है कि शुक्रवार को शाम अचानक उसके पेट में तेज दर्द उठने लगा तबियत बिगड़ने पर साथियों ने उसे घर भेजने का निर्णय लिया और बेगलूरू के यशवंतपुर रेलवे स्टेशन लेकर पहुंचे। लेकिन ट्रेन छूट जाने से वह घर के लिए रवाना नहीं हो सका। रात में स्टेशन पर ही रुकना पड़ा। उसी दौरान उसकी हालत और बिगड़ गई और यशवंतपुर रेलवे स्टेशन पर मौत हो गई। घटना की सूचना गांव निवासी मृतक के साथी श्रीराम ने परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर अविवाहित था।एक बहन है। जिसकी शादी हो चुकी है।मां राजवंती और पिता राम सागर बेटे की मौत की खबर सुनते ही बेसुध हो गए। दोनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बेंगलुरु पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता रामसागर ने बताया कि रोजगार की तलाश में साथियों के साथ दस दिन पूर्व बेंगलुरू गए बेटे ऋषिराज की रेलवे स्टेशन पर अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम प्रधानों को दिया प्रशस्ति पत्र

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मिर्ज़ापुर द्वारा लालगंज तहसील के अंतर्गत हलिया विकास खंड के एक दर्ज ग्राम प्रधानों को शनिवार को ग्राम न्यायायाल परिसर में जिला जज अरविन्द कुमार मिश्रा के हाथों से प्रशस्ति पत्र दिया गया है। जिसमे ग्राम पंचायत हलिया के ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ, ग्राम पंचायत गलरिया के ग्राम प्रधान गुलाब पटेल, गुर्गी के ग्राम प्रधान रमेश मौर्य, उंटी के ग्राम प्रधान मार्कण्डेय प्रसाद मौर्य, गड़बड़ा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रजनीश गुप्ता सहित एक दर्जन ग्राम प्रधानों को जिला जज द्वारा मुकदमा विहीन ग्राम के रूप में ग्राम की स्थापना संचालन में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। ग्राम स्तर पर आपसी समन्वय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान सामाजिक सौहार्द और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को प्राथमिकता देकर अपने अपने ग्राम को न्यायालयिन मुकदमे से मुक्त रखा। यह पहल अन्य ग्रामो के लिए प्रेरणादायक है आपका यह प्रयास सुलझे गांव बढ़े गांव की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान अपर जिला जज विनय आर्या, ग्राम न्यायालय जज जनीत प्रवीन आदि मौजूद रहे।

# ईट भट्ठे पर छापामारी के दौरान 150 किलो लहन को किया नष्ट

**स्वतंत्रभारत मऊ।** प्रत्येक महीने आबकारी विभाग एवं प्रवर्तन मंडल आजमगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाकर विभिन्न एट एवं भट्ठा से बन रही अवैध शराब एवं लहन को नष्ट करती है शनिवार प्रातः जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम के निर्देश पर प्रवर्तन मंडल आजमगढ़ के इंस्पेक्टर संजय सिंह सत्येंद्र सिंह एवं जनपद के आबकारी निरीक्षक विमलेश यादव बजरंगी नेहा यादव अदनान समेत आबकारी पुलिस एवं महिला पुलिस ने मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सराय मेवा गिरी में आबकारी विभाग की टीम ने पहुंचकर एक ईट भट्टे पर छापामारी किया इस दौरान मौके पर तो कोई नहीं मिला लेकिन 150 किलो लहन को आबकारी की टीम ने नष्ट करते हुए 10 लीटर अवैध कच्ची शराब को बरामद किया पूछे जाने पर आपकारी निरीक्षक नेहा यादव ने बताया कि इसके अलावा मधुबन क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट शराब की दुकान एवं देसी शराब की दुकान के लाइसेंस धारक को भी यह निर्देशित किया गया है कि कहीं भी किसी प्रकार की ओवर रेटिंग अथवा अगर अवैध शराब बेचते हुए कोई भी लाइसेंस धारक पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर आबकारी इंस्पेक्टर पुलिस एवं महिला पुलिस भी साथ रही।


**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 13994/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410013994
अर्चना गुप्ता बनाम शांति देवी
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. अर्चना गुप्ता वयस्क पत्नी अजय गुप्ता नि.म.नं. 8/92, आर्य नगर कानपुर नगर...प्रार्थी/मकानदार
बनाम-शांति देवी वयस्क पत्नी स्व. कुंजी लाल धानविक नि.म.नं. 8/102 आर्य नगर कानपुर नगर ..विपक्षी/किराएदार थाना कोहना
वाद अन्तर्गत धारा 4(3), 4(7) एवं 21(2) (एम) यू.पी. एक्ट 16 सन् 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1166/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 3053/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410003053
श्री भगवानदीन आदि बनाम अभिषेक सोनी
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. श्री भगवान दीन गुप्ता उम्र 69 वर्ष वयस्क पुत्र स्व. गौरी शंकर गुप्ता आदि निवासीगण म.नं. 33/109 बी-1 गया प्रसाद लेन मनीराम बगिया कानपुर नगर ...आवेदकगण/भवनस्वामी
बनाम-अभिषेक सोनी वयस्क पुत्र चन्द्र शेखर सर्राफ निवासी म.नं. 33/109 बी-1 गया प्रसाद लेन मनीराम बगिया कानपुर नगर...विपक्षी थाना मूलगंज कानपुर नगर
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 21(2) (क) (ख) एवं (ड़) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 16 सन् 2021,
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 30.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1166/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 10646/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410010646
अविनाश सिद्धार्थ बनाम श्रीमती मुन्नी देवी
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. अविनाश सिद्धार्थ उम्र लगभग 42 पुत्र स्व. जानकी प्रसाद निवासी 112/167 आर्यनगर कानपुर नगर ...आवेदक/भूस्वामी
बनाम-1. श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्व. सूरज प्रसाद 2. आशू 3. राहूल 4. सनी प्रार्थी सं. 2 लगायत 4 पुत्रगण स्व. सुरज प्रसाद सभी निवासीगण 112/173 आर्य नगर कानपुर नगर ...विरोधी पक्षकार/किरायेदार
अन्तर्गत धारा 4(1)2, 3, 7, व 21(ड) यू.पी. एक्ट 16 सन् 2021, 21(ज)
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1166/K-CN



**आवश्यक सूचना**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित रेलगाड़ियों का ठहराव निम्न स्टेशनों पर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तिथि से प्रभावी | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 19051 वलसाड-मुज़फ्फरपुर एक्स. | गाजीपुर सिटी | 00:59 | 01:01 | 08.09.25 | 06.09.25 |
| 19052 मुज़फ्फरपुर-वलसाड एक्स. | गाजीपुर सिटी | 01:05 | 01:07 | 09.09.25 | 08.09.25 |
| 19165 अहमदाबाद-दरभंगा एक्स. | सरायमीर | 07:40 | 07:42 | 05.09.25 | 03.09.25 |
| 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्स. | सरायमीर | 14:25 | 14:27 | 03.09.25 | 03.09.25 |
| 12537 मुज़फ्फरपुर-प्रयागराज एक्स. | कप्तानगंज जं. | 00:48 | 00:50 | 04.09.25 | 03.09.25 |
| 12538 प्रयागराज-मुज़फ्फरपुर एक्स. | कप्तानगंज जं. | 12:38 | 12:40 | 03.09.25 | 03.09.25 |
| 15084 फ़र्रूखाबाद-छपरा एक्स. | खोरासन रोड | 03:01 | 03:03 | 03.09.25 | 02.09.25 |
| 15084 फ़र्रूखाबाद-छपरा एक्स. | सरायमीर | 03:11 | 03:13 | 03.09.25 | 02.09.25 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करे।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1569/25(MG)



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई - निविदा सूचना** दिनांकः 28.08.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, कोचिंग, प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्न लिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा खुलने की तिथि के 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है -

**ई निविदा सूचना संख्या :** NCR-M-CNB-ACWP-03-25
**कार्य का नाम- :** सीएनबी में 04 वर्षों के लिए स्थापित स्वचालित कोच वाशिंग प्लांट का व्यापक वार्षिक रखरखाव और संचालन शुल्क
**निविदा सिस्टमः** सिंगल पैकेट सिस्टम | **कार्य का अनुमानित लागत (₹ में) :** ₹ 3690239.56
**बिड सिक्योरिटी :** ₹ 73800/- | **ई निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIL
**IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :** 28.08.2025 | **कार्य की अवधिः** 48 माह
**निविदा बंद होने की तिथि :** 23.09.2025

**नोटः 1.** उपरोक्त एकल ई- निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगा। **2.** ऑनलाइन एकल ई- निविदा केवल IREPS वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि के 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा की जा सकती है। **3.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नही की जायेगी। **4.** न्यूनतम पात्रता मानदंडः इस निविदा में लागू नहीं है। **5.** किसी भी प्रकार की तकनीकि समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **1559/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (अभातशिप)**
(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
दूरभाष संख्याः 011-29581000, Website: www.aicte.gov.in

**अभातशिप की स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2025-26**

अभातशिप अनुमोदित संस्थाओं में वैध गेट/सीड (GATE/CEED) स्कोर कार्ड के साथ अर्हक अंक प्राप्त करके शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में अभातशिप द्वारा अनुमोदित संस्थानों/कार्यक्रमों एम.ई./एम.टेक./एम. डिजाईन में अनुमोदित प्रवेश क्षमता के भीतर प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए डीबीटी के माध्यम से स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया और विद्यार्थियों की पात्रता के लिए दिशा-निर्देश/अनुदेश/अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQ) सहित विस्तृत विज्ञापन लिंक: https://pgscholarship.aicte.gov.in/ पर उपलब्ध है।

सभी पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि एआईसीटीई पीजी छात्रवृत्ति पोर्टल 01 सितंबर, 2025 को खोला जाएगा और विद्यार्थी 15 दिसम्बर, 2025 तक अभातशिप (एआईसीटीई) वेब पोर्टल पर अपनी जानकारी अपलोड कर सकते हैं। साथ ही संस्थानों से अनुरोध है कि वे अभातशिप (एआईसीटीई) पीजी छात्रवृत्ति पोर्टल पर 31 दिसंबर, 2025 को या उससे पूर्व विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर लें।

विज्ञापन संख्या:
एसएजी (एसटीडीसी)/अभातशिप/08 (02)/2025
CBC 21300/12/0010/2526

सदस्य सचिव
अभातशिप



**आवश्यक सूचना**

रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये त्योहारों पर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 01919/01920 आगरा कैंट-असारवा विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी संख्या - 01919 आगरा कैंट - असारवा | | | गाड़ी संख्या - 01920 असारवा - आगरा कैंट | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:30 | आगरा कैंट | 10:20 | ---- |
| 00:10 | 00:12 | फतेहपुर सीकरी | 08:30 | 08:32 |
| 00:25 | 00:27 | रूपबास | 08:18 | 08:20 |
| 01:48 | 01:50 | बयाना | 07:48 | 07:50 |
| 02:50 | 02:55 | गंगापुर सिटी | 06:10 | 06:15 |
| 03:35 | 03:37 | सवाई माधोपुर | 05:18 | 05:20 |
| 04:48 | 04:50 | केशोराय पाटन | 03:58 | 04:00 |
| 05:53 | 05:55 | बून्दी | 03:15 | 03:17 |
| 06:38 | 06:40 | माण्डल गढ़ | 02:18 | 02:20 |
| 07:50 | 07:55 | चन्देरिया | 01:33 | 01:35 |
| 09:10 | 09:12 | मावली जं. | 23:53 | 23:55 |
| 10:20 | 10:30 | उदयपुर सिटी | 22:40 | 22:50 |
| 11:10 | 11:12 | जावर | 21:40 | 21:42 |
| 12:30 | 12:35 | डूँगरपुर | 20:35 | 20:40 |
| 15:05 | 15:10 | हिम्मतनगर | 19:10 | 19:12 |
| 16:35 | ---- | असारवा | ---- | 17:50 |

**आगरा कैंट सेः-** गाड़ी संख्या 01919, दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक। **असारवा सेः-** गाड़ी संख्या 01920, दिनांक 22.09.2025 से 01.12.2025 तक। **गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 08, स्लीपर श्रेणी- 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01

**नोट : गाड़ी सं. 01905/01906 कानपुर सेंट्रल-असारवा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) का रूपबास स्टेशन पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार ठहराव प्रदान किया गया हैः-**

| गाड़ी संख्या - 01905 कानपुर सेंट्रल - असारवा | | | गाड़ी संख्या - 01906 असारवा - कानपुर सेंट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| सोम | 08:15 | कानपुर सेंट्रल | 07:00 | बुध |
| 14:25 | 14:27 | रूपबास | 01:15 (बुध) | 01:17 |
| 05:45 | मंगल | असारवा | मंगल | 09:15 |

**गाड़ी सं. 04195/04196 आगरा कैंट-जोगबनी त्योहार विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी संख्या - 04195 आगरा कैंट - जोगबनी | | | गाड़ी संख्या - 04196 जोगबनी - आगरा कैंट | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| शुक्र | 05:00 | आगरा कैंट | 07:10 | सोम |
| 06:10 | 06:12 | धौलपुर | 06:00 | 06:02 |
| 07:05 | 07:10 | ग्वालियर | 04:40 | 04:45 |
| 07:46 | 07:48 | डबरा | 03:40 | 03:42 |
| 08:15 | 08:17 | दतिया | 02:37 | 02:39 |
| 08:55 | 09:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 01:50 | 02:15 (सोम) |
| 11:43 | 11:45 | उरई | 22:45 | 22:47 |
| 12:50 | 12:52 | पुखरायां | 21:00 | 21:02 |
| 15:30 | 15:35 | कानपुर सेंट्रल | 19:20 | 19:30 |
| 16:08 | 16:10 | उन्नाव | 18:25 | 18:27 |
| 17:25 | 17:35 | लखनऊ | 16:55 | 17:05 |
| 18:33 | 18:35 | बाराबंकी | 15:53 | 15:55 |
| 18:58 | 19:00 | बुढ़वल | 15:23 | 15:25 |
| 19:30 | 19:32 | करनैलगंज | 14:58 | 15:00 |
| 20:15 | 20:20 | गोंडा | 14:10 | 14:15 |
| 21:00 | 21:02 | मनकापुर | 13:28 | 13:30 |
| 22:05 | 22:10 | बस्ती | 12:30 | 12:35 |
| 00:05 | 00:15 (शनि) | गोरखपुर | 10:40 | 10:50 |
| 01:15 | 01:20 | देवरिया सदर | 09:40 | 09:45 |
| 01:58 | 02:00 | भटनी | 09:03 | 09:05 |
| 03:05 | 03:10 | सीवान | 08:00 | 08:05 |
| 04:45 | 04:50 | छपरा | 06:40 | 06:45 |
| 05:58 | 06:00 | सोनपुर | 05:05 | 05:07 |
| 06:10 | 06:15 | हाजीपुर | 04:50 | 04:55 |
| 07:15 | 07:17 | शाहपुर पटोरी | 04:10 | 04:12 |
| 09:30 | 09:40 | बरौनी | 03:10 | 03:20 |
| 10:38 | 10:40 | बेगूसराय | 02:28 | 02:30 |
| 11:23 | 11:25 | खगड़िया | 01:50 | 01:52 |
| 11:40 | 11:42 | मानसी | 01:38 | 01:40 |
| 12:33 | 12:35 | थाना बिहपुर | 01:03 | 01:05 |
| 13:58 | 14:00 | नवगछिया | 00:48 | 00:50 |
| 15:40 | 15:50 | कटिहार | 00:05 | 00:15 (रवि) |
| 16:20 | 16:22 | पूर्णियाँ जं. | 22:40 | 22:42 |
| 17:20 | 17:22 | अररिया | 21:48 | 21:50 |
| 17:58 | 18:00 | फारबिसगंज | 21:25 | 21:27 |
| 18:45 | शनि | जोगबनी | शनि | 21:00 |

**आगरा कैंट सेः-** गाड़ी संख्या 04195, प्रत्येक शुक्रवार, दिनांक 12.09.2025 से 28.11.2025 तक (दिनांक 26.09.2025 को छोड़कर)।
**जोगबनी सेः-** गाड़ी संख्या 04196, प्रत्येक शनिवार, दिनांक 13.09.2025 से 29.11.2025 तक (दिनांक 27.09.2025 को छोड़कर)।
**गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 10 एवं स्लीपर श्रेणी- 10

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1568/25(A)



**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 10640/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410010640
अविनाश सिद्धार्थ बनाम श्यामा देवी आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. अविनाश सिद्धार्थ उम्र लगभग 42 पुत्र स्व. जानकी प्रसाद निवासी 112/167 आर्यनगर कानपुर नगर ...आवेदक/भूस्वामी
बनाम-1. श्यामा देवी पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद 2. संतोष 3. विजय 4. कु. सुनिता 5. सोनी 6. विशाल विपक्षी संख्या 2 लगायत 6 पुत्रगण व पुत्री स्व. जगदीश प्रसाद सभी निवासीगण 112/173 आर्य नगर कानपुर नगर ...विरोधी पक्षकार/किरायेदार
अन्तर्गत धारा 4(1)2, 3, 7, व 21(ड) यू.पी. एक्ट 16 सन् 2021, 21(ज)
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1166/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय उपजिलाधिकारी मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर तहसील कानपुर सदर
वाद सं. 26630/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. टी202503410126630
रामचन्द्र आदि बनाम अनिल कुमार आदि
अन्तर्गत धारा 31/32, अधिनियम उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006
1. रामचन्द्र पुत्र स्व. राम दयाल आदि सभी निवासीगण ग्राम बूढपुर मछरिया तहसील सदर जिला कानपुर नगर ...वादीगण/प्रार्थीगण
बनाम-1. अनिल कुमार पुत्र सिपाहीलाल 2. गोमती पत्नी सिपाहीलाल निवासीगण नयापुरवा बूढपुर मछरिया कानपुर नगर 3. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला शासकीय अधिवक्ता 4. ग्राम सभा..विपक्षीगण
प्रार्थना पत्र/वादपत्र अन्तर्गत धारा 32/38 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 मौजा बूढपुर मछरिया
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 30.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1166/K-CN




पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



**स्वतंत्र भारत**
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# भारत और जापान में क्षेत्रीय स्तर पर भी सहयोग हो

## पीएम मोदी ने जापान के गवर्नरों के साथ की चर्चा | कहा दिल्ली और टोक्यो तक ही न सीमित रहें संबंध



**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान के विभिन्न प्रांतों के गवर्नरों से मुलाकात की और इस बात पर बल दिया कि भारत और जापान के बीच संबंधों को अब राज्यों और प्रांतों के स्तर पर भी विस्तार देना आवश्यक है, ताकि दोनों देश विकास के पथ पर एक-दूसरे के साझीदार बन सकें। अपनी जापान यात्रा के दूसरे दिन, श्री मोदी ने टोक्यो में 16 प्रांतों के गवर्नरों के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रांतों के बीच सहयोग भारत-जापान संबंधों का एक महत्वपूर्ण आधार है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, आज सुबह टोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के गवर्नरों के साथ उपयोगी बातचीत हुई। क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग भारत और जापान की दोस्ती का एक मजबूत स्तंभ है। इसीलिए, कल 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में इस दिशा में एक विशेष पहल शुरू की गई। व्यापार, नवाचार, उद्यमिता, स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में असीमित संभावनाएँ मौजूद हैं।

गवर्नरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जापान के बीच आधुनिक संबंध दोनों देशों की प्राचीन सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत से प्रेरणा लेते हुए निरंतर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की गति पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर जोर दिया कि अब समय है कि दोनों देशों के बीच संबंधों को दिल्ली और टोक्यो तक सीमित न रखकर राज्यों और प्रांतों के बीच नए सिरे से मजबूत किया जाए। इस संदर्भ में उन्होंने 15वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में शुरू की गई क्षेत्रीय साझेदारी पहल का उल्लेख किया, जो व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन, कौशल विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी। उन्होंने जापान के गवर्नरों और भारत के राज्य सरकारों से इस पहल का अधिकतम लाभ उठाने और विनिर्माण, तकनीक, नवाचार, गतिशीलता, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे, स्टार्टअप और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) जैसे क्षेत्रों में साझेदारी स्थापित करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जापान के प्रत्येक प्रांत की अपनी अनूठी आर्थिक और तकनीकी विशेषताएँ हैं, और उसी तरह भारत के राज्यों की भी विविधतापूर्ण क्षमताएँ हैं। उन्होंने गवर्नरों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया और दोनों देशों द्वारा किए गए युवा व कौशल आदान-प्रदान के वादों में योगदान देने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने जापानी तकनीक को भारतीय प्रतिभा के साथ जोड़कर सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने की बात कही। गवर्नरों ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत-जापान के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और जन-जन के बीच संबंधों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए क्षेत्रीय सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### ऐतिहासिक रहा जापान दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना जापान दौरा पूरा कर चीन के लिए रवाना होने से पहले कहा कि उनका ये जापान दौरा याद रखा जाएगा क्योंकि इस दौरे पर दोनों देशों के बीच कई ऐसे समझौते हुए, जिनके आधार पर दोनों देशों के रिश्तों में और मजबूती आएगी। जापान दौरे पर पीएम मोदी ने भारत-जापान आर्थिक फोरम में शिरकत की और बुलेट ट्रेन की भी सवारी की। साथ ही पीएम मोदी ने जापान की सेमीकंडक्टर बनाने वाली प्रमुख कंपनी का दौरा भी किया।



हर रंग में सुंदरता ढूंढो, बिल्कुल मोर के पंखों की तरह छाया : गोपी रस्तोगी

# 'यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं, अमेरिकी अधिकारी जिम्मेदार'

### यहूदी संगठन ने की ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक यहूदी संगठन ने उन अधिकारियों की आलोचना की है, जिन्होंने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत की निंदा की है। संगठन ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से सुधारने की जरूरत है। ट्रंप प्रशासन के कुछ सदस्यों ने हाल ही में भारत आरोप लगाया है कि रूस से उर्जा खरीदकर भारत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को फंडिंग कर रहा है। अमेरिकी यहूदी समिति ने कहा कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप गलत और अपमानजनक हैं। नवारो ने इसे मोदी का युद्ध कहा और यह भी कहा कि शांति की राह नई दिल्ली से होकर गुजरती है।

## एक नज़र

### शांति बहाली में तेजी लाने की कवायद

**कीव।** रूस और यूक्रेन बीच तीन साल से चल रहे संघर्ष में स्थिति दिन प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। शांति वार्ता को लेकर चल रहे प्रयास भी धूमिल होते हुए दिख रहे है। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय नेताओं से अगले हफ्ते मुलाकात करना चाहता है ताकि रूस के साथ चल रही तीन साल की जंग को खत्म करने के प्रयासों पर चर्चा की जा सके। जेलेंस्की ने रूस पर आरोप लगाया कि वह शांति वार्ता में कोई गंभीर पहल नहीं कर रहा, बल्कि अब भी यूक्रेन के आम इलाकों पर हवाई हमले कर रहा है। यूक्रेन राष्ट्रपति कार्यालय प्रमुख आंद्रेई यरमाक ने न्यूयॉर्क में ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की।

### इंडोनेशिया में भीड़ ने संसद भवन फूंका, तीन मरे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। साउथ सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सार में गुस्साई भीड़ ने शुक्रवार देर रात स्थानीय संसद भवन में आग लगा दी। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं। घटनास्थल से शनिवार सुबह शव बरामद किए गए। स्थानीय रिपोर्ट में बताया गया कि पूरी इमारत आग की लपटों से घिर गई और रातभर क्षेत्र नारंगी रोशनी में डूबा रहा। इसके अलावा वेस्ट जावा के बांडुंग शहर में भी प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय संसद भवन को आग के हवाले कर दिया। सुराबाया शहर में गुस्साई भीड़ ने पुलिस मुख्यालय पर धावा बोला, वाहनों को आग के हवाले किया और बैरिकेड तोड़ दिए। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पटाखों और लकड़ी की छड़ों से जवाब दिया।

### अमेरिकी सीनेटरों के ताइवान जाने पर भड़का चीन

**ताइपे।** अमेरिका की हरकत पर चीन एक बार फिर भड़क उठा है। असल में दो अमेरिकी सीनेटरों ने ताइवान की यात्रा की थी। चीन ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। ऐसे में अमेरिकी अधिकारियों का ताइवाना जाना और वहां के लोगों से मिलना चीन को रास नहीं आया। चीन ने इस दौरे की आलोचना करते हुए इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। अमेरिकी सीनेट सशस्त्र सेवा समिति के अध्यक्ष रोजर विकर और नेब्रास्का की रिपब्लिकन डेब फिशर ने शुक्रवार को ताइवान के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई उच्च-स्तरीय बैठकें की।

### सिंगापुर में भारतीय नागरिक को जेल की सजा

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर की एक अदालत ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक को 2023 में एक सड़क दुर्घटना में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर के एक वरिष्ठ लॉ प्रोफेसर की मौत के लिए दो साल एक महीने की जेल और 2,000 सिंगापुर डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई। 7 जुलाई, 2023 को, एक निर्माण मजदूर नटराजन मोहनराज (28) ट्रक चलाते समय अपना मोबाइल फोन देख रहा था और उसी वक्त उसके ट्रक ने एमेरिटस प्रोफेसर टैन यॉक लिन (70) की कार से टक्कर मार दी।

### ऑस्ट्रेलिया के राजनेता ने दी पत्रकार को धमकी

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के राजनेता बॉब कैटर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकार को धमकाने को लेकर विवादों में घिर गए हैं। यह घटना ब्रिस्बेन में क्वीनस्लैंड संसद भवन के बाहर हुई, जहां एक पत्रकार ने बॉब कैटर से उनके लेबनानी मूल को लेकर सवाल पूछा। इस परे कैटर भड़क गए और उन्होंने गुस्से में पत्रकार की ओर मुठ्ठी उठाई। कैटर ने चिल्लाते हुए कहा, अरे यार, ये मत बोलो क्योंकि ये बात मुझे गुस्सा दिलाती है और मैंने ऐसे कहने वाले लोगों का मुंह तोड़ा है। मत बोलो ऐसा।

### लाहौर के कई इलाके बाढ़ में डूबे

**लाहौर।** पाकिस्तान में बाढ़ का कहर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां तक पाकिस्तान के सबसे अहम शहर लाहौर तक भी बाढ़ का कहर पहुंच चुका है। लाहौर के कई आवासीय इलाके बाढ़ के पानी में डूब चुके हैं। लगभग 40 वर्षों में पहली बार लाहौर शहर में बाढ़ आई है। पंजाब प्रांत में बाढ़ के चलते पिछले 24 घंटों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो चुकी है। सिखों के पवित्र स्थल करतारपुर सहित प्रांत भर में कम से कम 1,700 गांव जलमग्न हैं। बाढ़ का पानी 38 साल बाद इस शहर में घुसा है।

# ट्रंप के अधिकांश टैरिफ गैर कानूनी

### अमेरिकी अपील अदालत का बड़ा फैसला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक अपील अदालत ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को एक बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के अधिकांश टैरिफ गैरकानूनी हैं। अदालत का यह फैसला उस नीति को बड़ा झटका है, जिसमें ट्रंप ने टैरिफ को अपनी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक रणनीति का अहम हथियार बनाया था। हालांकि, अदालत ने कहा है कि ये टैरिफ 14 अक्तूबर तक लागू रहेंगे, ताकि ट्रंप प्रशासन के पास अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का समय रहे। बता दें कि ट्रंप ने अलग-अलग देशों पर एक फरवरी से टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में टैरिफ वसूलने की तारीखें आगे भी बढ़ाई गईं और कुछ देशों को छूट भी दी गई। दो अप्रैल कोट्रंप रेसिप्रोकल टैरिफ की दरों का एलान करने खुद सामने आए थे और टैरिफ वसूले जाने वाले देशों की सूची के साथ उनकी तस्वीर लंबे समय तक सुर्खियों में भी रही। अपील अदालत के फैसले के बाद, डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, सभी टैरिफ अभी भी लागू हैं! आज एक बेहद पक्षपाती अपील अदालत ने गलती से कहा कि हमारे टैरिफ हटा दिए जाने चाहिए, लेकिन वे जानते हैं कि अंत में जीत अमेरिका की ही होगी। अगर ये टैरिफ कभी हट भी गए तो यह देश के लिए एक बड़ी आपदा होगी।

# अमेरिका की संसदीय समिति का चीन पर सख्त रुख

**वॉशिंगटन।** चीन पर अमेरिका की विशेष संसदीय समिति के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने वाणिज्य विभाग के सचिव हावर्ड लटकनिक को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने चीन को निर्यात की जाने वाली एआई चिप पर रोलिंग टेक्निकल थ्रेशोल्ड रणनीति लागू करने की सिफारिश की है। मूलनार मिशिगन राज्य से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद हैं। इस रणनीति का मकसद यह है कि चीन को जो एआई चिप निर्यात किए जाएं, वे उन चिप से थोड़े बेहतर हों जिन्हें चीन खुद अपने देश में बड़े पैमाने पर बना सकता है। इस तरह अमेरिका अपनी तकनीकी बढ़त बनाए रख सकेगा। साथ ही, इस रणनीति का एक और लक्ष्य यह है कि चीन की कुल एआई कंप्यूटिंग शक्ति अमेरिका की तुलना में केवल 10 प्रतिशत तक सीमित रहे, ताकि अमेरिका लंबे समय तक एआई में अग्रणी बना रहे।

# हॉटलाइन संचार से टला था तीसरे विश्व युद्ध का खतरा

### सोवियत संघ ने अमेरिका के पास तैनात कर दिए थे परमाणु मिसाइल

**नई दिल्ली।** अक्टूबर 1962... अमेरिका और सोविय संघ के बीच शीतयुद्ध अपने चरम पर था। इसी बीच सोवियत संघ ने अमेरिका के पास मौजूद क्यूबा में परमाणु मिसाइल तैनात कर दिए। इस घटना से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। अमेरिका भी तुरंत सक्रिय हो गया। सबको लगा अब दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध होकर रहेगा।क्यूबा मिसाइल संकट को शीत युद्ध का चरम समय माना जाता है। इस दौरान अमेरिका और सोवियत संघ के बीच 13 दिनों तक टकराव चला, जिसके बाद दोनों देशों के बीच हॉटलाइन संचार शुरू हुआ।

### क्यों हुई हॉटलाइन संचार की स्थापना

20 जून 1963 को अमेरिका और सोवियत संघ के बीच हॉटलाइन संचार की स्थापना हुई। हॉटलाइन संचार एक सीधा संचार लिंक था, जो वाशिंगटन और मॉस्को को जोड़ता था। दरअसल क्यूबा मिसाइल संकट के दौरान जब दुनिया पर तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडरा रहा था, तब अमेरिका ने सोवियत संघ को समझौते का मैसेज भेजा, जिसे पहुंचने में 12 घंटे का समय लगा। सभी को डर था कि कहीं मैसेज पहुंचने से पहले रूस अमेरिका पर परमाणु हमला न कर दे।

# तुर्की ने इजरायल के साथ तोड़े व्यापारिक संबंध

**अंकारा।** आर्थिक संबंध पूरी तरह से समाप्त करने की घोषणा की है। इसके साथ ही, तुर्की ने अपने हवाई क्षेत्र को इजरायली विमानों के लिए बंद कर दिया है और अपने बंदरगाहों पर इजरायली जहाजों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाइयों के खिलाफ तुर्की की अब तक की सबसे सख्त प्रतिक्रिया मानी जा रही है। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने अंकारा में संसद के एक विशेष सत्र में गाजा मुद्दे पर बोलते हुए इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा, हमने इजरायल के साथ सभी व्यापारिक संबंध पूरी तरह से समाप्त कर दिए हैं। इसके अलावा, इजरायली विमानों के लिए हमारा हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद है।

# अमेरिका में अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर रोक



### ट्रंप प्रशासन को फेडरल कोर्ट से बड़ा झटका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को उस समय बड़ा झटका लगा, जब एक संघीय जज ने हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर अस्थायी रोक लगा दी। ट्रंप प्रशासन संघीय कानूनी दायरा बढ़ाकर अवैध प्रवासियों को बिना जज के सामने पेश किए जल्द देश से बाहर निकालना चाहता था। ट्रंप ने 2024 के चुनावी अभियान में वादा किया था कि अगर वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में सालाना दस लाख लोगों को निर्वासन करना चाहते हैं। वॉशिंगटन डीसी की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जिया कॉब ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की तेजी से निर्वासित करने की नीति से लोगों के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। जनवरी में ट्रंप के पद संभालने के बाद होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन की घोषणा की थी।

# पोर्न साइट पर डाल दीं जॉर्जिया मेलोनी व अन्य की तस्वीरें

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने एक अश्लील वेबसाइट पर उनके और दूसरी महिलाओं की फर्जी तस्वीरें पोस्ट करने पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे घिनौना बताया और दोषियों को सख्त सजा देने की बात कही। उनकी बहन अरियाना, विपक्षी नेता एली श्लेन, मशहूर हस्ती कियारा फेर्रानी और यूरोपीय संघ की सांसद एलेसांद्रा मोरेटी की तस्वीरें भी इस वेबसाइट पर मिलीं, जिसका नाम फिका है। इस प्लेटफॉर्म के 7 लाख से ज्यादा यूजर्स थे, लेकिन इसके मैनेजर्स ने इसे बंद कर दिया क्योंकि लोग इसका गलत इस्तेमाल कर रहे थे।

# लांग रेंज मिसाइलों की तैनाती तेज करेगा जापान

### बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच नीति में बड़ा बदलाव

**टोक्यो।** जापान ने एक अहम घोषणा करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि वह अब अपनी घरेलू रूप से विकसित लंबी दूरी की मिसाइलों की तैनाती तय समय से एक साल पहले करेगा। जापान के रक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के अनुसार अब ये मिसाइलें मार्च 2026 तक दक्षिण-पश्चिमी जापान के कुमामोटो स्थित सेना के कैंप केंगुन में तैनात कर दी जाएंगी। यह टाइप-12 एंटी-शिप मिसाइल एक विशेष प्रकार की मिसाइल है जो कि लगभग 1,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है। ये कदम चीन, उत्तर कोरिया और रूस से बढ़ते सुरक्षा खतरों को देखते हुए उठाया गया है। खासतौर पर चीन की आक्रामक नौसैनिक गतिविधियों को लेकर जापान सतर्क है।

जापान ने दावा किया कि जून में पहली बार दो चीनी एयरक्राफ्ट कैरियर को अपने दक्षिणी द्वीपों के पास देखा, जिसके बाद सुरक्षा संकट को लेकर अहम कदम उठाने की आवश्यकता है।

# अपार खुशी और दिव्य ऊर्जा लाते हैं गणपति!



देश भर में गणेश चतुर्थी पर्व बड़ी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। गणपति बप्पा का घर में स्वागत ढेर सारे प्यार, प्रार्थना और खास तैयारियों के साथ किया गया है। सपना सिकरवार जोकि एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं ''गणपति बप्पा हमेशा हमारे घर में अपार खुशी और दिव्य ऊर्जा लेकर आते हैं। इस साल हमारी मूर्ति गुलाबी और सफेद रंग की है, जो शांति और सकारात्मकता का प्रतीक है। सजावट ताज़े फूलों-लिली और डैफोडिल्स से की गई है, जिससे पूरा घर एक दिव्य बगीचे जैसा लग रहा है। इस बार मेरी सह.कलाकार और रील लाइफ बहन गीतांजलि मिश्रा उर्फ राजेश् भी मेरे साथ मिलकर सजावट और पकवानों की तैयारी में शामिल हुईं। मेरे लिए गणेश चतुर्थी भक्तिए साथ और घर को दिव्य ऊर्जा से भरने का पर्व है।'' रोहिताश्व गौड़ यानी 'भाभीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी कहते हैं ''पिछले 24 साल से हम घर में बप्पा ला रहे हैं और यह साल का सबसे खास समय होता है। पिछले तीन साल से हम 11 दिन का गणपति रखते हैं और घर में दिव्यता का माहौल रहता है। इस साल का थीम सफेद है बैकग्राउंड से लेकर सजावट तक,जिससे घर में शांति और पवित्रता बनी हुई है।''

# मायरा मिश्रा बनीं वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट



'छोरियाँ चली गाँव' के कंटेस्टेंट्स अनिता हसनंदानी, अंजुम फकीह, कृष्णा श्रॉफ डॉली जावेद, एरिका पैकार्ड, रमीत संधू, सुरभि और समृद्धि मेहरा लगातार अपनी मेहनत, हौसले और जोश से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। जहां गांव में पहले ही हिम्मत, हंसी और बदलाव के कई पल देखे जा चुके हैं, वहीं इस हफ्ते एक नया और रोमांचक मोड़ आया। गणेश चतुर्थी के खास एपिसोड के दौरान पॉपुलर एक्ट्रेस मायरा मिश्रा ने शो में गेस्ट एंट्री दी और सभी को चौंकाते हुए ऐलान किया कि वो अब वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स के रूप में शो का हिस्सा बन रही हैं। 'भाग्य लक्ष्मी' में अपने किरदार से लोगों के दिलों में जगह बनाने वालीं मायरा मिश्रा अब एक नए अनुभव के लिए तैयार हैं। अपनी गंभीर अदाकारी और मजबूत ऑन-स्क्रीन मौजूदगी के लिए जानी जाने वाली मायरा ने टीवी पर एक विश्वसनीय फैन फॉलोइंग बनाई है और अब वो अपने व्यक्तित्व का एक बिल्कुल नया और अलग पहलू दर्शकों के सामने लाने जा रही हैं। गांव में कदम रखते ही मायरा शहर की आरामदायक जिंदगी को छोड़कर सादगी और चुनौतियों से भरे ग्रामीण जीवन का अनुभव करेंगी। मायरा मिश्रा ने अपनी एंट्री के बारे में कहा, छोरियाँ चली गाँव का हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूं। शो का कॉन्सेप्ट और कंटेस्टेंट्स की हिम्मत मुझे बहुत प्रेरित करती है।

# ट्रंप इज डेड : सोशल मीडिया पर वायरल नया ट्रेंड

### जेडी वेंस की टिप्पणी के बाद तेजी से हो रहा वायरल



**न्यूयॉर्क।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्रेंड ट्रंप इज डेड जमकर वायरल है। जैसे ही ये ट्रेंड एक्स पर छाया लोगों ने इसके पीछे की वजह तलाशने की कोशिश शुरू कर दी। ये ट्रेंड उस वक्त अचानक वायरल हुआ, जब अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई त्रासदी आती है, तो वह राष्ट्रपति पद की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यूएसए टुडे के साथ एक विशेष साक्षात्कार में वेंस से पूछा गया कि क्या वे भयानक त्रासदी की स्थिति में कमांडर-इन-चीफ की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसी सवाल के जवाब में उन्होंने ये टिप्पणी की थी। हालांकि, जोर देकर जेडी वेंसे ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरी तरीके से फिट और ऊर्जावान हैं। माना जा रहा है कि उत्तराधिकार के एक सवाल पर की गई वेंस की इन टिप्पणियों ने शायद इस ट्रेंड को जन्म दिया है।

## बाजार दर्पण

